हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 22.11.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 120 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# पटना जा रही बस बरकट्ठा में पलटी, सात यात्रियों की मौत, 25 से अधिक घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में गुरुवार सुबह कोलकाता से पटना जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक के घायल हो गए। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि की है।

घायलों में पटना निवासी ऋषभ केशरी, विकाश कुमार, रोहन कुमार, हल्दिया निवासी शोमैन सामंता, नंदिता मायती, मनीषा मायती, सुब्रोटो सामंता आईसीयू में भर्ती, रिजु राज, मालदा निवासी कृष्णा मंडल, रंजन दास का नाम शामिल है, जबकि सगुफ्ता प्रवीण, सुजीत उपाध्याय को रांची राजेन्द्र आयुर्वेद संस्थान (रिम्स)-बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। वहीं मृतकों में रिजवान अहमद, हुगली निवासी राज कुमारी प्रसाद, खलासी नालंदा निवासी इस्तेफाक अंसारी, तीन अज्ञात महिला व एक पुरुष की पहचान नहीं हो पाई है।

सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान निमार्ता कंपनी ने सड़क काटकर छोड़ दिया है। इस कारण बस अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में पलट गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और गोरहर थाना की पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। मृतकों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार विशाल कंपनी की यह बस कोलकाता से पटना जा रही थी। मंजिल पर पहुंचने से पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, गोरहर थाना प्रभारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। इसके बाद राहत और बचाव कार्य तेज किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार करवाया जा रहा है।

## सड़क हादसे पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में हुए सड़क दुर्घटना पर शोक जताया है। राज्यपाल ने एक्स पर गुरुवार को ट्वीट कर कहा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा में हुए सड़क हादसे की घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। यहां के गोरहर थानाक्षेत्र में एक बस सुबह गड्ढे में गिर गई। इसमें कई लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। इस भीषण हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सड़क हादसे में लोगों के मरने की खबर से मन दुखी है। परमात्मा दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल और अन्य घायलों को आवश्यक सहयोग और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में सील : के रवि कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी के बाद सील कर दिये गये हैं। पहले स्तर की सुरक्षा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जिम्मे है। दूसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सशस्त्र बल के जवान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय हो जाएगी। तीसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य पुलिस के जिम्मे होगा। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में कुल 68.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतदान का प्रतिशत 67.74 रहा है। मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने ज्यादा मतदान किया है। वहीं शहर की अपेक्षा ग्रामीण मतदाता मतदान में आगे रहे हैं।

## 23 नवम्बर को भाजपा की हर साजिश को नाकाम करना है : हेमन्त



**रांची :** विधानसभा चुनाव के मतदान खत्म होने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने झामुमो परिवार के सभी प्रत्याशियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी ने दिन-रात अपना खून-पसीना बहाकर कड़ी से कड़ी मेहनत की है। आप सभी का आभार और जोहार। अब बस 23 तारीख तक हमें कमर कस कर यही जोश और जज्बा बरकरार रखना है और भाजपा की हर साजिश को नाकाम करना है।र उन्होंने अंत में कहा कि 'जय झारखंड, जीतेगा झारखंड'।

## झारखंड में आयेगा आश्चर्यजनक परिणाम बनेगी एनडीए की सरकार : शिवराज



**रांची :** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कार्यकताओं से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से मैं बहुत सी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये अद्भुत प्रदेश के साथ संसाधनों से भरपूर है। यहां की भूमि ऊपजाऊ है। यहां के लोग काफी मेहनतकश हैं। यहां की भली और भोली जनता अद्भुत स्नेह और प्यार देती है। इस प्रदेश से मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ गया हूं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि संसाधनों से भरपूर यहां खनिज संपदा, वन संपदा, जल संपदा, यहां के परिश्रमी लोग, उपजाऊ भूमि, इतना कुछ है कि झारखंड सचमुच में विकास और प्रगति के नए आयाम छू सकता है। मुझे विश्वास है कि झारखंड में अब बीजेपी-एनडीए की सरकार बनेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग करके एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य झारखंड बनेगा।

## एक नजर

### के संजय मूर्ति बने नए सीएजी, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

**नयी दिल्ली:** पूर्व उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति को बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रूप में शपथ दिलाई। के. संजय मूर्ति को सोमवार को केंद्र सरकार ने नया सीएजी नियुक्त किया था। गिरीश चंद्र मुर्मू ने बुधवार को सीएजी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया। राष्ट्रपति भवन कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुरुवार सुबह 10 बजे गणतंत्र मंडप, राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में के. संजय मूर्ति ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के रूप में शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। के. संजय मूर्ति 1989 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

# आबकारी नीति मामला : अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, ट्रायल पर रोक से एचसी का इनकार




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आबाकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को झटका लगा है. दिल्ली हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निचली अदालत में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जारी कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार किया।

इसके अलावा हाई कोर्ट ने ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली हाई कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। वहीं ईडी की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है।

### केजरीवाल के वकील ने क्या कहा

अरविंद केजरीवाल के वकील ने कहा छठी सप्लीमेंट्री चार्जशीट और 7 वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट एक ही ऐसी हैं उसमें कुछ भी नया नहीं है गवाहों के बयान भी यही है जो पहले की चार्जशीट में हैं। पूर्व सीएम के वकील ने कहा बिना सेक्शन के ट्रायल कोर्ट कैसे मामले में सुनवाई कर सकती है।

### हाईकोर्ट में दी थी चुनौती


बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने बुधवार (20 नवंबर) को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की ओर से उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने याचिका में हाई कोर्ट से इस आधार पर अधीनस्थ अदालत के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया कि विशेष न्यायाधीश ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए किसी मंजूरी के अभाव में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जबकि कथित अपराध के समय वह लोक सेवक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इससे पहले हाई कोर्ट ने 12 नवंबर को केजरीवाल की एक अन्य याचिका पर ईडी से जवाब तलब किया था, जिसमें धन शोधन मामले में एजेंसी की शिकायत पर उन्हें जारी समन को चुनौती दी गई थी।

# भारतीय अधिकारियों को करोड़ों की रिश्वत देने के आरोप में अमेरिकी कोर्ट ने अडानी के खिलाफ जारी किया वारंट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन और अमेरिका के अटॉर्नी कार्यालय ने उद्योगपति गौतम अडानी पर 'बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी' का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस अभियोग के बाद न्यूयॉर्क के जज ने गौतम अडानी के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। अटॉर्नी कार्यालय ने अपने बयान में कहा है कि अडानी पर व्यक्तिगत रूप से रिश्वतखोरी के इस मामले में शामिल होने का आरोप है। साल 2020 से 2024 के बीच उन्होंने इस सिलसिले में भारत सरकार के एक अधिकारी से मुलाकात की थी, अभियुक्त अक्सर मिलते थे और रिश्वतखोरी योजना के बारे में चर्चा करते थे।

बयान में कहा गया है, सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का वादा किया गया था। अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर को



अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अधिकारियों के रूप में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया है।

गौतम और सागर अडानी के खिलाफ सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) की शिकायत में उन पर फेडरल सिक्योरिटी कानूनों के धोखाधड़ी विरोधी प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। एक समानांतर कार्रवाई में ब्रुकलिन की एक संघीय अदालत में अटॉर्नी कार्यालय के आरोपों के आधार पर गौतम और सागर अडानी के साथ अडानी ग्रीन के साल 2020 से 2023 तक सीईओ रह चुके विनीत एस। जैन पर धोखाधड़ी की साजिश रचने, झूठे और भ्रामक बयानों के आधार पर अमेरिकी निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थानों से अरबों डॉलर धन प्राप्त करने की योजना को लेकर आपराधिक अभियोग जारी किया है।

अभियोग में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में प्रतिभूतियों का कारोबार करने वाली एक नवीकरणीय-ऊर्जा कंपनी के पूर्व अधिकारियों, रंजीत गुप्ता और रूपेश अग्रवाल के साथ साथ एक कनाडाई संस्थागत निवेशक के पूर्व कर्मचारियों- सिरिल कैबेन्स, सौरभ अग्रवाल और दीपक मल्होत्रा पर भी रिश्वत योजना के संबंध में विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम का उल्लंघन करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। एफबीआई के प्रभारी सहायक निदेशक जेम्स ई. डेनेही ने बताया कि गौतम अडानी और सात अन्य व्यावसायिक अधिकारियों ने कथित तौर पर अपने व्यवसायों को लाभ पहुंचाने के लिए भारत सरकार को रिश्वत दी। अडानी और अन्य अभियुक्तों ने भी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के संबंध में झूठे बयानों के आधार पर पूंजी जुटाकर निवेशकों को धोखा दिया, और कथित तौर पर रिश्वतखोरी की साजिश को छिपाने के लिए सरकार की जांच में बाधा डालने का प्रयास किया। अटॉर्नी कार्यालय का आरोप है, साल 2020 और 24 के बीच, अभियुक्त भारत सरकार द्वारा सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर से अधिक रिश्वत देने के लिए सहमत हुए, इस अनुबंध को प्राप्त करने के बाद अभियुक्तों की कंपनियों को लगभग 20-वर्ष की अवधि के भीतर 2 बिलियन डॉलर से अधिक मुनाफा होने का अनुमान था।

# पाकिस्तान : 40 गाड़ियों के काफिले पर आतंकियों ने दोनों तरफ से बरसाईं गोलियां, 50 की मौत, कई घायल

एजेंसी

**खैबर पख्तूनख्वा :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम इलाके में आतंकवादियों ने वाहनों के काफिले पर बड़ा हमला किया है, जिसमें 50 लोगों की मौत हो गई। ऐसा बताया जा रहा है कि कुर्रम के पाराचिनार से 2 काफिले में जा रहे यात्री वैन को निशाना बनाया गया है। अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए जिले के विभिन्न अस्पतालों में भेज दिया गया है।

आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के कुर्रम जिले में वाहनों पर घात लगाकर



हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि ये वाहन पाराचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर की ओर आ रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

अधिकारियों ने कहा कि ये घटनाएं सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ी थीं, जिसने हाल के महीनों में दर्जनों लोगों की जान ले ली है। दोनों घटनाओं में लगभग 10 हमलावर शामिल थे, जो सड़क के दोनों ओर से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। एक वरिष्ठ अधिकारी जावेद उल्ला महसूद ने एएफपी को बताया कि कुर्रम जिले में शिया लोगों के दो अलग-अलग काफिलों को आतंकवादियों ने निशाना बनाया है। पहाड़ी उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम में सुन्नी और शिया मुस्लिमों के बीच लड़ाई जारी है।

### मुख्यमंत्री अली अमीन खान ने दिए जांच के आदेश

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रांत के कानून मंत्री, क्षेत्र के सांसदों और मुख्य सचिव के एक प्रतिनिधिमंडल को स्थिति का आकलन करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए तुरंत कुर्रम जाने का निर्देश दिया। अक्टूबर में, जिले में एक सांप्रदायिक झड़प में तीन महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम 16 लोग मारे गए थे।

टीएचक्यू अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक अलीजई ने कहा कि इलाज के लिए घायलों को जिले के विभिन्न अस्पतालों और कुछ को पेशावर रेफर किया जा रहा है। कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पाकिस्तान की समाचार एजेंसी डॉन मुताबिक केपी के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने रॉयटर्स को बताया कि मृतकों संख्या बढ़ने की संभावना है।

# विधानसभा में ममता बनर्जी पेश करेंगी वक्फ बिल, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मांगी जानकारी

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वक्फ से संबंधित एक नया बिल पेश करने की तैयारी में हैं। इस प्रस्तावित बिल की जानकारी लेने के लिए मंत्रालय सक्रिय हो गया है।

एक अधिकारी के अनुसार, कोलकाता स्थित केंद्रीय खुफिया विभाग ने दिल्ली को इस बिल की जानकारी दी है। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इस बिल के मसौदे की मांग की है। मंत्रालय ने यह जानने की कोशिश की है कि इस बिल में वक्फ संपत्तियों को लेकर क्या प्रावधान हैं और क्या यह केंद्र के प्रस्तावित वक्फ संशोधन कानून




2024 के खिलाफ है। साथ ही, यह भी पूछा गया है कि क्या इस बिल में अल्पसंख्यकों के लिए विशेष घोषणाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का विरोध करते हुए इसे संघीय ढांचे और संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। केंद्र द्वारा लाए गए इस बिल को तृणमूल कांग्रेस ने विभाजनकारी और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन बताया है। पश्चिम बंगाल सरकार 25 नवंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपना वक्फ बिल पेश करने की योजना बना रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी से चर्चा की है। यह भी संभावना है कि बिल को पेश करने के लिए किसी मुस्लिम विधायक को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र के वक्फ संशोधन बिल 2024 को अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करने और राज्यों की स्वायत्तता पर हमला बताया है। तृणमूल सांसदों ने संसद और संयुक्त समिति में इस बिल का विरोध किया है।

# ओवरलोड बसों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर सीओ व थाना प्रभारी को मिला निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ बरही जोहन टुडू की अध्यक्षता में गोरहर में हुए सड़क दुर्घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के अलावा एनएचएआई व सड़क निर्माण कंपनी के पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य बरही अनुमंडल समेत गोरहर और दनुआ घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा करना और समाधान निकालना था। बैठक के दौरान दुर्घटनाओं के मुख्य कारण पर चर्चा हुई। जिसमें एनएचएआई और सर्विस रोड के बीच खाई, दनुआ घाटी में सीधा डाउन हो जाने से लगातार दुर्घटनाएं, सड़क पर बैरियर और रेडियम साइनेज की कमी बताई गई। जिसके लिए एसडीओ व एसडीपीओ ने एनएचएआई व निर्माण कार्य कर रही कम्पनी को निर्देश दिया कि सड़क पर बैरियर और रेडियम साइनेज लगाना अनिवार्य है। डाइवर्जन के 50 मीटर पहले स्पीड ब्रेकर बनाने का निर्देश दिया। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती करने की बात कही गई। इसके अलावा अतिक्रमण और पार्किंग को लेकर चर्चा हुआ। जिसे लेकर जल्द बरही समेत पूरे अनुमंडल क्षेत्र में नो-पार्किंग जोन और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। वहीं दनुआ घाटी समेत नेशनल हाइवे पर झाड़ियां हटाने और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। एनएचएआई के मुकेश कुमार ने बताया कि दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डीपीआर तैयार कर दिल्ली मुख्यालय भेजा गया है। एनएचएआई के इंजीनियर मुकेश कुमार ने बताया कि आपातकालीन संपर्क सेवा के तहत सड़क पर किसी भी तरह की मदद के लिए 1033 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। पदमा सड़क की समस्या को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि जगह जगह सड़क धंसने (बबलिंग) की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं, इस पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। एनएचएआई के इंजीनियर मुकेश कुमार ने निर्माण कार्य की प्रगति पर बताया कि 2019 में शुरू हुए प्रोजेक्ट के तहत अब तक 49 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। 10 किलोमीटर का निर्माण कार्य अभी शेष है, जिसमें से 7 किलोमीटर की भूमि अधिग्रहण नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य अगस्त 2022 तक पूरा होना था, लेकिन अब इसे नवंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एसडीओ जोहन टुडू व एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने बसों पर ओवरलोडिंग रोकने और दोषी वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए है। मौके पर बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, अंचल अधिकारी पदमा मोतीलाल हेम्ब्रम, चौपारण संजय यादव, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, बरकट्ठा अंचल इंसपेक्टर इमदाद अंसारी, एनएचएआई से मुकेश कुमार, राज केशरी कंस्ट्रक्शन राहुल कुमार, गोरहर थाना प्रभारी अजय सिंह, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता सहित अनुमंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### चौपारण में बिना हेलमेट बाइक से फर्राटे भर रहे हैं लोग

**चौपारण :** बीते कुछ महीनों से लगातार होते दुर्घटना पूरे चौपारण को हिलाकर रख दिया है। बिना हेलमेट बाइक सवार की अब तक कई मौतें हो चुकी है। पर दुर्घटना के कुछ दिन पश्चात ही लोग भूलकर फिर से नाबालिको को मोटरसाइकिल की चाभी थमा देते हैं। जिसके बाद तेज रफ्तार की कहर फिर से बढ़ती हुई दिख रही है। बिना हेलमेंट के धड़ल्ले से लोग बाइक चला रहे हैं। बाइक चालक बिना हेलमेट के ट्रिपल लोड के साथ फरार्टे भरते आसानी से देखे जाते है। पूर्व में पुलिस ने हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया था। जिससे बाइक चलाने वाले कुछ लोगों ने हेलमेट पहनना भी शुरू कर दिया था। किन्तु इधर जब चेकिंग अभियान में सुस्ती आई तो फिर वही पुराना हाल शुरू हो गया। जान गंवाने का मुख्य कारण उनका हेलमेट न पहनना होता है।

### मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचीं उपायुक्त

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत दोनों चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनाव समाप्ति के उपरांत मतगणना की तैयारीयों पर जिला प्रशासन जुट गया है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह श्रीमती नैंसी सहाय ने बाजार समिति मतगणना सह वज्रगृह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया एवं विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वज्रगृह में इवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था, मतगणना कक्ष,पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मौके पर अपर समाहर्ता श्री संतोष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

### अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ ने की बैठक

**बरही :** बरही अनुमंडल में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने क्षेत्र में अपराध पर कड़ी नजर रखने और पुलिस कार्रवाई को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध रोकथाम के लिए ठोस रणनीतियां बनाने और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार, बरकट्ठा इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## झारखंड में फिर से बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : साजिद


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने कहा है कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और पुणः यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुनः शपथ लेकर नया इतिहास बनाएंगे। उक्त बातें साजिद अली ने प्रदेश में दूसरे एवं अंतिम चरण के चुनाव संपन्न होने के पश्चात प्रेस व्यक्ति जारी कर कहा है साजिद अली ने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में माईया सम्मान योजना, दो सौ यूनिट बिजली बिल माफ, किसानों कि कर्ज माफी, इत्यादि दर्जनों जनकल्याणकारी योजना पाँच वर्षों में जमीन पर उतरने का कार्य किया निश्चित तौर पर स्वागत योग्य है। आजाद भारत में ऐसा कोई पहला मुख्यमंत्री है जिन्होंने हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुचाने का सफल प्रयास अपने पाँच वर्षों के कार्यकाल में किया यही वजह है की प्रदेश की जनता ने झामुमो, कांग्रेस राजद, माले इत्यादि संपूर्ण इंडिया गठबंधन को इस विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देने का काम विधानसभा चुनाव में किया है। दूसरी ओर बीजेपी पूरे तरह से अहंकार में नजर आई एक ओर जहां देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर प्रसन्न हो रहे थे। तो दूसरी ओर प्रदेश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ माहौल बनाकर वोट लेना चाहते थे निश्चित तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के आंसू और अल्पसंख्यकों का धैर्य बीजेपी को सत्ता में आने से रोकेगी।

## मकान बनाने के दौरान मारपीट थाना में तीन लोगों पर मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला में मकान बनाने के दौरान जमीन विवाद को लेकर गोतीया में मारपीट हो गई । इस संबंध में सोनी कुमारी (पिता स्वर्गीय कामेश्वर राम ) के आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 282/24 के तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।आवेदिका सोनी कुमारी ने कहा है कि 18 नवंबर के सुबह करीब 8:00 बजे मेरी मां मोसोमात गीता एवं बहन लक्ष्मी कुमारी आवास बनाने के लिए भूमि पूजन कर रही थी। इसी बीच मेरे बड़े पापा बालेश्वर राम और उनका छोटा बेटा अवधेश राम, बड़ी मां शकुंतला देवी ने लोहे का रॉड एवं लोहे का दाब लेकर आए और गाली गलौज करते हुए हम लोग के साथ बुरी तरह से मारपीट करने लगे। और कहने लगे कि तुम लोगों को यहां रहने नहीं देंगे।आवेदन में सोनी कुमारी ने अवधेश कुमार द्वारा बहन लक्ष्मी कुमारी का कपड़ा फाड़ देने, दुर्व्यवहार करने, बालेश्वर राम द्वारा लोहे का दाब से हमला कर माथा फाड़ देने, गला दबा कर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। थाने में दर्ज मामले में बालेश्वर राम, पत्नी शकुंतला देवी एवं पुत्र अवधेश कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वही दूसरे पक्ष से बालेश्वर राम भी थाने में आवेदन दिया है , बालेश्वर ने कहा कि 2021 में जमीन विवाद को लेकर पंचायत हुई थी। दोनों पक्ष में सहमति बनी थी । मसोमात गीता देवी के द्वारा जबरन जमीन में मकान बनाने का काम शुरू किया जा रहा था। जिसे रोकने के लिए गया तो हम लोगों के साथ मारपीट किया गया ,थाने में आवेदन दिया हूं। वही बड़कागांव पुलिस ने बताई कि मामले को गहराई से जांच पड़ताल की जा रही है कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## विभावि की सुरक्षा व्यवस्था अब होगी दुरुस्त, कुलपति ने लिया सख्त निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पिछले दो-तीन वर्षों से गलत कार्यों के लिए चर्चा में रही। विश्वविद्यालय में कई बार चोरी की बड़ी घटना भी घटित हुई। खबर है कि विश्वविद्यालय के अतिथि भवन एवं विज्ञान भवन को रात में कई बार गलत कार्य के लिए उपयोग किया गया। इसकी जानकारी उस समय के कुलपतियों तथा संबंधित अधिकारियों को दी गई। दुर्भाग्य से विश्वविद्यालय की ओर से खानापूर्ति वाली जांच करवाई गई तथा किसी को उत्तरदाई नहीं ठहराया गया। कोई सख्त कदम भी नहीं उठाया गया। शिकायत यहां तक आने लगी कि विश्वविद्यालय में जितनी संख्या में सुरक्षा गार्ड प्रतिनियुक्त है उसके आधे संख्या में भी लोग उपस्थित नहीं रहते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के बाद प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार को भी इस तरह की शिकायतें प्राप्त होने लगी। कुलपति ने पूरे विषय पर अपने स्तर से सच्चाई का पता लगाया। विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उन्होंने आज कड़े निर्देश जारी किए। नई व्यवस्था के तहत सिक्योर्ड सिक्योरिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नमक विश्वविद्यालय को सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने वाले एजेंसी को अब प्रतिनियुक्ति सुरक्षाकर्मी का व्हाट्सएप नंबर तथा ड्यूटी चार्ट कुलपति के साथ-साथ सभी अधिकारियों को उपलब्ध करवाना होगा। कुलपति स्वयं तथा अधिकारी कभी भी व्हाट्सएप कॉल द्वारा सुरक्षा कर्मी की उपस्थिति की जांच करेंगे। प्रतिनियुक्ति स्थान पर सुरक्षा कर्मी के नए नहीं पाए जाने पर एजेंसी के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। कुलपति के इस निर्णय से विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त होने के आसार प्रबल हुए हैं । इस कार्यवाही की चौतरफा प्रशंसा की जा रही है।

## पठन-पाठन के साथ के बच्चों को प्रत्येक दिन मिल रहा पौष्टिक आहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखण्ड में नव भारत जागृति केंद्र बहेरा द्वारा संचालित अमोली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ में अध्ययनरत लगभग साढ़े चार सौ बच्चों को पौष्टिक आहार देने की शुरूवात गुरुवार से की गई है। स्कूली बच्चों को पठन-पाठन के दिन पौष्टिक आहार से युक्त सुबह में नाश्ता और दोपहर में स्वादिष्ट भोजन दिया जाएगा। इस बात की जानकारी एनबीजेके के प्रबंधक बिरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि फीडिंग इंडिया ए जोमैटो गिवबैक के सौजन्य से स्कूल के सभी बच्चों को रविवार छोड़कर हर दिन विद्यालय के बच्चों को सुबह में नाश्ता और दोपहर में भोजन निःशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि सुबह 9 बजे नाश्ते में अंकुरित चना-मूंग और 100 ग्राम दूध, दोपहर में चावल दाल और हरी सब्जी मीनू के अनुसार दिया जाएगा। बतादें कि विद्यालय में मानगढ़ सहित आसपास के बच्चे अध्यनरत हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल दयानंद सिंह, शिक्षक मदन साव, कामदेव राणा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## नोटिस

### पी.एच.डी. की उपाधि



कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग झारखंड के आदेशानुसार प्रभात कुमार प्रधान पिता - प्रो (डॉ) प्रदीप कुमार प्रधान शिवपुरी, हजारीबाग, झारखण्ड के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग हजारीबाग द्वारा अक्टूबर माह 2024 में आयोजित मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया गया तथा पी० एच० डी० की उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने सहायक प्राध्यापक डॉ विनोद रंजन के निर्देशन में "कोयला खनन उधोग का सामाजिक सांस्कृतिक प्रभाव, पकरीबरवाडीह कोयला खनन परियोजना के क्षेत्र के विशेष संदर्भ में" शीर्षक पर शोध कार्य किया।

## सांसद की अनूठी पहल : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 जोड़े का सामूहिक विवाह कराएंगे सांसद मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक अनूठी पहल की घोषणा की और आने वाले साल 2025 के जनवरी महीने में हजारीबाग के इतिहास में दूसरी बार उन्होंने सामूहिक विवाह कराने का सकारात्मक फैसला किया है। इस बार भाजपा के बैनर तले आयोजन होगा जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कल 101 जरूरतमंद जोड़ें का सामूहिक विवाह भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराकर उनका गृहस्थ बसाने के साथ उनके रोजगार सृजन की भी चिंता की जाएगी। इस महत्ती आयोजन को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं का एक अहम बैठक आयोजित किया। जिसमें इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर क्षेत्र के जरूरत जोड़े के चयन से लेकर उनके विवाह तक के कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा- परिचर्चा की गई। इस अहम बैठक में विशेष रूप से हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व मंत्री सह बरही विधायक प्रत्याशी मनोज कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, सदर बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, भाजयुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, रामगढ़ भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव सहित अन्य सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहें। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पहली बार साल 2023 में 25 जरूरतमंद जोड़ें का सामूहिक विवाह करा चुके हैं। उन्होंने बड़े ही भव्य तरीके से शाही शादी की तर्ज पर इनका शादी कराकर घर बसाने के तमाम जरूरी सामग्रियों के साथ उनके रोजगार हेतु टोटो/ फिक्स डिपोजिट की भी व्यवस्था कराई थी। उनके इस मानवीय और संवेदनशील सामाजिक पहल की खूब सराहना हुई थी। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने इस बड़े आयोजन की तैयारी को लेकर कहा कि जब पहली बार हजारीबाग में 25 जोड़े का सामूहिक विवाह कराए थे तभी हमने यह ठान लिया था कि साल दर साल इस शुभ आयोजन के हम भागीदार बनेंगे। अपने इसी संकल्प के साथ समाज के जरूरतमंद बहन/ बेटियों के सम्मान के साथ उनकी विदाई करके उनके माता/ पिता और परिवारजनों के आर्थिक बोझ को कम करने का एक प्रयास किया जा रहा है। जिसे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों के सहयोग से सफलीभूत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### केरेडारी- टंडवा मुख्य पथ पर 44 घंटे बाद हटा सड़क जाम




**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के टंडवा मुख्य पथ पर मसुरिया नदी के समीप मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद मुवाबजे व छतिपूर्ति को लेकर परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। मंगलवार की शाम शुरू हुआ जाम बुधवार को भी जारी रहा। वहीं गुरुवार को पुलिस प्रशासन, ट्रांसपोर्टर के प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध लोगों के बिच स्थानीय थाने में वार्ता हुई। जिसमें मृतक के परिजनों को 6 लाख रुपए मुवाबजा राशि और आश्रितों को भरण पोषण के लिए दस हजार रुपए प्रत्येक महीने दिए जाने पर सहमति बनी इसके बाद गुरुवार को 44 घंटे बाद करीब दोपहर ढाई बजे जाम हटा लिया गया और यातायात सामान्य हो गयो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। विदित हो की मृतक घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था इसके असामयिक मौत से परिवार को बड़ी क्षति हुई है। इसके वृद्ध माता-पिता,पत्नी और दो बेटियों के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। वार्ता के दौरान प्रमुख सुनीता देवी, केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल, बिडिओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी अजित कुमार, पेटो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता व ट्रांस्पोटर के प्रतिनिधियों में मोहन गुप्ता, सदाम आलम, रितिक कुमार, सूरज कुमार और परवेज आलम सहित कई लोग शामिल थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया



**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम के नेतृत्व में 80 विद्यार्थियों का आठ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आगरा का ताजमहल, मथुरा का कृष्ण भगवान का जन्म स्थान, वृंदावन का प्रेम मंदिर, बांके बिहारी पगला मंदिर, दिल्ली का लाल किला, इंडिया गेट, कुतुब मीनार, लोटस टेंपल, जामा मस्जिद, चांदनी चौक, राजघाट, इंदिरा गांधी मेमोरियल, इस्कॉन मंदिर, अक्षरधाम मंदिर, संसद भवन, शहीद स्मारक, सुप्रीम कोर्ट, लखनऊ का बड़ा इमामबाड़ा, घंटाघर,भूल भुलैया, अयोध्या में राम जन्म भूमि, हनुमानगढ़ी सरयू का स्नान घाट, बनारस का बीएचयू और काशी घाट, कासीनाथ मंदिर,इत्यादि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करके बच्चे काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने विभिन्न स्थलों का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए शैक्षणिक भ्रमण के विशेषताओं को बताए कहा की अगर दुनिया की वास्तविकता को जानना है तो आपको शैक्षणिक भ्रमण करना बहुत जरूरी है। जिसको देखकर अपने जीवन में और कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हैं। निदेशक कुलदीप कुमार ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थी भारत के भौगोलिक स्थितियों को समझते हैं। एसएसटी की टीचर मोहम्मद अजमतउल्लाह ने कहा कि यह शैक्षणिक प्रमाण वास्तव में बच्चों को एनर्जी प्रदान करेगा। कोई चीज को सीखने में मदद मिलेगा साइंस के शिक्षक विकास कुमार ने कहा कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा स्कूल की शिक्षिका मंजू कुमारी, सृष्टि कुमारी ने बच्चों को जगह-जगह पर निर्देशित करने में काफी सहयोग किए।

### एनएचएआई और जिला प्रशासन सड़क निर्माण कंपनियों पर क्यों नहीं कसते शिकंजा : दीपक

**बरही :** बरकट्ठा में हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए दीपक गुप्ता ने मृतकों और घायलों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। दीपक गुप्ता ने इस दुर्घटना के लिए सड़क निर्माण कंपनी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई है, जो इस दुर्घटना का मुख्य कारण है। जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां स्पष्ट रूप से सड़क निर्माण में लापरवाही देखी जा सकती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, आखिर सड़क निर्माण कंपनी को परियोजना निदेशक और जिला सेफ्टी पदाधिकारी ने पूरी छूट क्यों दे रखी है? क्यों इन्हें मनमानी करने की अनुमति दी गई है? दीपक गुप्ता ने जिला उपायुक्त से अपील की कि वे इस मामले की गहन जांच कराएं और यह पता लगाएं कि सड़क निर्माण कंपनी राज केशरी/कौशल इंजीनियरिंग और एनएचएआई परियोजना निदेशक के बीच क्या संबंध हैं, जो कार्रवाई करने से प्रशासन पीछे हट रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क निर्माण में लापरवाही से इस तरह की दुर्घटनाएं भविष्य में भी हो सकती हैं, यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई। सड़क निर्माण कंपनियों पर शिकंजा कसना और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन और एनएचएआई की जिम्मेदारी है।

### बरही के इस्लामाबाद से 18 लोग हज उमरा के लिए हुए रवाना



**बरही :** बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत स्थित इस्लामाबाद गांव से 18 श्रद्धालु हज उमरा के लिए मक्का मदीना रवाना हुए। इस खास मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम, समाजसेवी पप्पू खान, जहूर अंसारी, तैय्यब अंसारी समेत पूरे गांव ने भावपूर्ण विदाई दी। गांववासियों ने हज यात्रियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और उनकी मंगल यात्रा की कामना की। हज उमरा के लिए रवाना होने वालों में मुफ्ती मौलाना समीर रजा, मकबूल अंसारी, अब्दुल कैयूम, अब्दुल हमीद, इसाक मियां, अब्दुल मियां, मुस्लिम अंसारी, सहबली मियां, लियाकत अंसारी, सहबूल अंसारी और गनी मियां शामिल हैं। सभी श्रद्धालु अपने परिजनों के साथ इस पवित्र यात्रा पर निकले। गांव में इस अवसर पर खुशी और उत्साह का माहौल रहा। सभी ने एकजुट होकर हज यात्रियों की सुखद और सुरक्षित यात्रा की प्रार्थना की। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने कहा कि, यह यात्रा न केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि हमारे समुदाय और गांव के लिए गर्व का विषय भी है। हम सभी इनके अच्छे स्वास्थ्य और सफल हज उमरा की कामना करते हैं।

## एक नजर

### मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष बने झारखंड के अजय झा

**रांची :** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा को सत्र 2024-2028 के लिए मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अजय झा इससे पूर्व मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रह चुके हैं। अजय झारखंड राज्य के पहले व्यक्ति हैं जिनको ये दोनों पद पर विराजमान हुए हैं। तैंतीस वर्षों से अजय बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची (अल्पसंख्यक विधालय) में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अजय शिक्षण कार्य के अलावा मलखंब, कबड्डी, खो-खो, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्कावश, आत्या-पात्या, एथलेटिक्स एवं अन्य खेलों में हजारो खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, खेलों इंडिया, नेशनल गेम्स में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करवायें हैं। कोषाध्यक्ष बनने पर खेल से जुड़े सभी लोगों ने अजय झा को बधाई दी।

### चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव शुरू

**रांची :** रातु रोड स्थित रानी सती मंदिर में दादी जी का चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव गुरुवार से शुरू हो गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल, भानु जालान, प्रदीप नारसरिया, मनोज जलान, पवन लोहिया, विमल झुनझुनवाला, प्रेम सरावगी व संतोष मोदी समेत चद्रकांत झुनझुनवाला सुबह पांच बजे स्वर्ण रेखा नदी गए। वहां से जल लाकर मंदिर परिसर में एकत्र किया। दोपहर बाद पूजारी देवकुमार ने मां रानी सती दादी जी का पूजन किया। इसके बाद चार बजे गणेश पूजा और हवन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय और बाहर से आये अतिथियों ने खास तौर से हिस्सा लिया। दादी जी का पूजा होने के बाद श्रद्धालु मंदिर में जयकारे लगाये गए। सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया। महोत्सव के पहले दिन मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना लगा रहा। 22 नवंबर को स्वर्ण रेखा नदी का जल को 71 कलश में भरा जाएगा। श्रद्धालु कलश के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। इसमें पांच झांकी मंदिर से निकाली जाएगी। रानी सती विद्यालय के बच्चों द्वारा राधाकृष्ण की झांकी प्रस्तुत किया जाएगा।

### कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**रांची :** सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ शरद सिंह नेगी (आईएफएस) चेयरमैन, ईएसी एवं पूर्व महानिदेशक, एमओईएफसीसी अपने सम्बोधन में देश की ऊर्जा सुरक्षा एवं जरूरतों को सुनिश्चित करने के लिए सीएमपीडीआई की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई को माइन प्लानिंग एवं डिजाइन रिपोर्ट तैयार करते समय पर्यावरण मुद्दों एवं दृष्टिकोण को ध्यान में रखना चाहिए ताकि परियोजना धरातल पर जल्द साकार रूप लेगी। इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने सीएमपीडीआई की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कोल इंडिया और सीएमपीडीआई की उपलब्धियों को इंगित किया। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई को अनुसंधान एवं विकास खर्च ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए और महत्वपूर्ण खनिजों, सौर क्षेत्र, भूमिगत कोयला गैसीकरण और सतह कोयला गैसीकरण क्षेत्र में खोज करने की आवश्यकता है।

# रांची में कल मतगणना को लेकर यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची जनपद में आने वाले विधानसभाओं की मतगणना 23 को कृषि उत्पादन बाजार समिति पण्डरा, रांची अवस्थित ब्रज गृह में होगा है। मतगणना के दिन विभिन्न प्रत्याशियों एवं उनके सहयोगी हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे। चुनाव में विजय हुए प्रत्याशी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विजय जुलूस निकाली जायेगी, जिसमें काफी संख्या में आम लोगों का भीड़-भाड़ एवं वाहनों की आवाजाही होगी। इसके मद्देनजर 23 नवम्बर को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 23 को रांची शहर में यातायात व्यवस्था सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक रिंग रोड़ तक छोटे मालवाहकऑटो, ई-रिक्शा, बस का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा। अपराह्न 02 बजे से रात्रि 09 बजे तक रांची शहर में छोटे, बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा। सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक पिस्का मोड से पंडरा एवं काठीटांड़ की ओर जाने वाले सभी ऑटो, ई-रिक्शा, बस पिस्का मोड से बाये मुड़कर कटहल मोड़ होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं। तिलता रिंग रोड से पिस्का मोड की ओर आने वाले ऑटो, ई-रिक्शा, बस तिलता चौक से बाएं या दाएं मुड़कर रिंग रोड़ से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं। न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ चौक से तिलता चौक रिंग रोड बीच के मार्ग का उपयोग शहर में प्रवेश एवं बाहर जाने के लिए कम से कम करें। आवश्यकतानुसार विजय जुलूस के दौरान अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डाइवर्ट या रोका जा सकता है।

## विधानसभा चुनाव : मतगणना स्थल पर चला साफ-सफाई अभियान



**रांची :** 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पंडरा, रांची में मतगणना होगी। इसके आस-पास सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर नगर निगम की ओर से गुरुवार को साफ-सफाई अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि रांची जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मतगणना स्थल की व्यवस्था की गई है। रांची, हटिया, कांके, मांडर, तमाड़ विधानसभा सीट की मतगणना पंडरा में होगी। नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार निगम की ओर से 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के मद्देनजर पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर परिसर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही पेयजल के लिए वाटर टैंकर, चलंत शौचलय व कूड़ेदान की व्यवस्था भी की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य भर में पहले चरण में 13 नवंबर को 43 और दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 सीटों के लिए मतदान हुआ था। अब 23 नवंबर को मतगणना की तैयारी है। इसे देखते सभी जिलों में मतगणना सेंटर के आसपास सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। साफ-सफाई का अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है।

## अनूप कुमार ने सेल सुरक्षा संगठन के कार्यपालक निदेशक का पदभार संभाला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अनूप कुमार ने आज इस्पात भवन, डोरंडा, रांची में सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ) के कार्यपालक निदेशक (ईडी) का पदभार संभाला। सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची और बीआईटी सिंदरी के पूर्व छात्र श्री कुमार 1991 में आईएसपी, बर्नपुर स्टील प्लांट में सेल में शामिल हुए। सेल के प्रति अपनी निस्वार्थ सेवाओं के बल पर, वे 2022 में आईएसपी में कार्मिक प्रमुख बने और बाद में चासनाला में ईडी (कोलियरीज और सीसीएसओ डिवीजन) बने। बर्नपुर, बोकारो और चासनाला में सेल में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। उन्होंने लौह बनाने से शुरूआत की और 20 वर्षों तक बर्नपुर के ब्लास्ट फर्नेस में काम किया। बाद में उन्होंने रोलिंग मिलों में योगदान दिया तथा भारतीय नौसेना के लिए एक विशेष इस्पात उत्पाद बल्ब बार तैयार कराया जो पहले आयातित होता थो बोकारो में उन्होंने बोकारो हवाई अड्डे के व्यापक नवीनीकरण कर भारत सरकार के प्रतिष्ठित कार्यक्रम उड़ान-क्क को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उच्च कैलोरी मान के लिए प्रोपेन संयंत्र का अतिरिक्त व्यय रोककर पर्याप्त लागत नियंत्रण लागू किया। कार्मिक प्रमुख के रूप में उन्होंने संविदा कर्मियों के लिए एक नई बीमा योजना शुरू की, जिसे अन्य निजी क्षेत्र की कंपनियों ने अपनाया। सेल रांची इकाई के कर्मचारियों ने उन्हें उनके नए कार्यभार में उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## उषा मार्टिन लीज घोटाला: रिटायर्ड आईएएस अफसर को सीबीआई कोर्ट का समन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अरुण कुमार सिंह के खिलाफ समन जारी किया है। अदालत ने उषा मार्टिन माइंस आवंटन घोटाला से जुड़े मामले में अरुण कुमार के खिलाफ सीबीआई द्वारा दायर चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। यह मामला वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में हुए कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। जिसमें अरुण सिंह के अलावा तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान समेत तीन अन्य भी आरोपी हैं। अन्य तीन लोगों में ऊषा मार्टिन कंपनी के प्रबंधन के लोग शामिल हैं। सीबीआई ने डीओपीटी (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल और ट्रेनिंग) से मुकदमा दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। लेकिन करीब एक वर्ष बाद भी मुकदमा दर्ज करने की स्वीकृति करने की अनुमति नहीं मिलने के बाद कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया है। वर्ष 2005 में उषा मार्टिन कंपनी को पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गई थी। इसमें कथित रुप से भ्रष्टाचार हुआ था। आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे। इसकी शिकायत पर सीबीआई की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत में 220/2016 में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

प्राथमिकी में उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि खदान के आवंटन के लिए केंद्र सरकार को जो शिफारिश भेजी गई थी, उसमें राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था। कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया में स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी। कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटेकिंग भी दिया था। हालांकि सीबीआई ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुए इस बात से मुकर गई कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था।

## पंडरा स्ट्रांग रूम में तीन लेयर की होगी सुरक्षा व्यवस्था : चंदन कुमार सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मतो की गिनती 23 नवंबर को होगी। राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्र की सुरक्षा को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। रांची में तीन लेयर का सुरक्षा घेरा स्ट्रांग रूम को लेकर तैयार किया गया है। रांची के पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। 500 से अधिक जवानों और पदाधिकारियों को मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है।

इस संबंध में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का एसओपी चुनाव आयोग के जरिये तय किया गया है। तय एसओपी के तहत स्ट्रांग रूम के सबसे इनर मोस्ट कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी केंद्रीय बलों के हवाले है। इनर मोस्ट में उसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा, जो वहां के लिए अधिकृत होगा। वहीं मिडिल कॉरिडोर झारखंड पुलिस की ईको कंपनी के हवाले है। साथ ही आउटर कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी जिला पुलिस के हवाले की गई है। इसके अलावा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्ट्रांग रूम के बाहर और भीतर लगाए गए हैं। साथ ही साथ स्ट्रांग रूम के बाहरी हिस्से में लगातार पुलिस को पेट्रोलिंग करने की हिदायत दी गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए पदाधिकारियों को तीनों जगहों पर हस्ताक्षर करना होगा। एसएसपी ने पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम का जायजा भी लिया। स्ट्रांग रूम में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग काउंटिंग टेबुल बनाए गए हैं। एसएसपी के अनुसार पुलिस की कोशिश होगी की तय तिथि को जल्द से जल्द काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। पोस्टल बैलेट की काउंटिंग आरओ टेबुल पर होगी और संभवतः सुबह 8:30-9:00 बजे तक पहला रुझान आ जाएगा। जीत-हार के बाद किसी तरह का उपद्रव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि वह खुद स्ट्रांग रूम परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा ले चुके हैं। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से सीसीटीवी कैमरों से लाइव फीड को देख कर मॉनिटर किया जाएगा। मतगणना की शुरूआत से लेकर जीत का सर्टिफिकेट जारी होने तक कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा।

## दो तिहाई सीटें जीतकर हेमन्त सोरेन की सरकार वापसी कर रही : सुप्रियो




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि लंबे समय तक राज्य की जनता चुनाव में व्यस्त रही। अब साल के अंत में नयी सरकार बन कर आएगी। सुप्रियो ने कहा, गांव के मुकाबले शहर में वोटिंग कम हुई है। गांव के मुकाबले शहर के लोगों की अपेक्षाएं ज्यादा रहती हैं लेकिन जब वोट करने का समय आता है तब गायब हो जाते हैं। कहा कि ये चिंता का विषय है। उन्होंने 59 सीटों पर जीत का दावा किया है।

जेएमएम नेता ने आगे कहा, जो बुद्धजीवी ज्यादा बोलते हैं वही लोग वोट नहीं करते हैं। कहा कि चुनाव समाप्त होने के बाद कुछ प्रायोजित सर्वे भी मीडिया में आये हैं। कहा, मेरे पास जो सर्वे है इसके मुताबिक 11 जिलों में भाजपा का खाता तक नहीं खुलने वाला है। बाकी जिलों में भी जबरदस्त टक्कर होगी। कहा कि 59 सीटें जीतकर हेमंत सोरेन की सरकार वापसी कर रही है, ये तय है। सुप्रियो ने कहा, राजमहल, सारठ, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, सिमरिया, बगोदर, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, घाटशिला, जुगसलाई, जमशेदपुर, सरायकेला जैसे 59 ऐसे विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जीत रहे हैं।

## जेएमएम कागज पर जीत का कर रहा दावा : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि 23 नवंबर की शाम जब तक परिणाम नहीं आते तब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा ख्वाबों की दुनिया में रह सकती है। प्रतुल ने कहा यह कुछ भी दावे कर ले, छाती ठोक ले।लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद यह हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में है।

प्रतुल ने कहा यह पहली बार हुआ है कि कोई दल दस्तावेज जारी करके यह बता रहा है कि कितने सीटों पर वह जीत दर्ज करेगी और प्रतिद्वंद्वी कितने सीट पर हारने वाले हैं। प्रतुल ने कहा कि हास्यास्पद बात है कि इस दस्तावेज में भी जहां भी झामुमो कड़ा मुकाबला दिखा रहे हैं, वह सभी कांग्रेस के हिस्से वाली सीटें हैं।यानी उन्हें अपने गठबंधन पर ही विश्वास नहीं।

प्रतुल ने कहा कि भले ही वह कागजों में जीत का बड़ा दावा कर रहे हो। लेकिन हकीकत में झारखंड की जनता ने झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार को पूरे तरीके से खारिज कर दिया है। इस सरकार ने सिर्फ लूट ,खसोट और भ्रष्टाचार का पिछले 5 वर्षों में कार्य किया। भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार बनाकर संस्थागत रूप ले लिया। जनता पूरे तरीके से इनकी वादा खिलाफी से ऊब चुकी थी। 23 नवंबर को इनको बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। प्रतुल ने कहा यह कागजों पर जीत का दावा कर रहे हैं। जमीनी हकीकत है कि जनता ने पूरे तरीके से गठबंधन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कोल्हान और संतालपरगना प्रमंडल जिसे यह अपना गढ़ मानते थे, वहां भी उनकी करारी हार होने वाली है। भारतीय जनता पार्टी कई उन सीटों पर भी जीत दर्ज करने जा रही है जहां उसने आजादी के बाद कभी जीत दर्ज नहीं की।बीजेपी के पक्ष में जबरदस्त माहौल था और सत्ताधारी दल को उखाड़ फेंकने का लोगों में संकल्प था। इसकी परिणीति 23 नवंबर को दिखेगी जब एनडीए गठबंधन दो तिहाई बहुमत से जीतेगा।झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन अपने इतिहास की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### संतोष गंगवार ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन को जन्मदिन की दी बधाई



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उनहोंने एक्स पर ट्वीट कर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के लिए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की है। वहीं दूसरी और राज्यपाल ने भौतिकी शास्त्र में 'रमन प्रभाव' के खोजकर्ता और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ सीवी रमन की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया है।

### राज्यपाल से टाना भगत संघ और पैरालंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल दीपक टाना भगत के नेतृत्व में राज भवन में मुलाकात की। राज्यपाल ने शिष्टमंडल से वार्ता के क्रम टाना भगत की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल सचिव सरिता सिन्हा के नेतृत्व में राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर शिष्टमंडल के जरिये विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा गया।

### लापता युवक का सुराग नहीं, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** रांची के बीआईटी थाना क्षेत्र के नेवरी गांव निवासी शाहजहां अंसारी ( 35) का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है। वह गत 19 नवंबर सुबह से लापता है। इस संबंध में उनके पिता मुस्तफा अंसारी ने स्थानीय थाना को आवेदन देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। परिजनों ने लिखित आवेदन में बताया है कि मेरा बेटा शाहजहां अंसारी अपने घर से 19 नवंबर को घर से सुबह लगभग 9 बजे कचहरी गवाही देने की बात कहकर निकला था और गायब हो गया है। परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। इस संबंध में ओपी प्रभारी संजीव कुमार ने गुरुवार को बताया कि लापता युवक की तलाश की जा रही है। वह कोर्ट में गवाही देने गया था। उसका मोबाईल भी बंद है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### झारखंड में चुनाव प्रवास के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने लगाए कुल 50 पौधे



**रांची :** केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान विगत 3 वर्ष से अधिक समय से लगातार रोज एक पौधा लगा रहे हैं। वह लोगों के जन्मदिन, पुण्यतिथि स्मृति दिवस, विशेष उपलब्धियां या किसी विशेष प्रयोजन के अवसर पर जनता के साथ पौधा लगाते हैं । उन्होंने अपने इस अभियान के अंतर्गत अब तक 4000 से अधिक पौधे लगाए हैं। झारखंड प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ने झारखंड के रांची, जमशेदपुर, नेतरहाट, देवघर, बोकारो, धनबाद सहित विभिन्न शहरों में यहां की जनता के साथ पौधारोपण किया। अनेक ऐसे अवसर भी रहे जब भोपाल या दिल्ली से पौधा लगाकर आने के बाद भी जनता के साथ झारखंड में पौधारोपण किया । शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड में विगत तीन माह के प्रवास के दौरान कुल 50 पौधे लगाए। आज झारखंड से जाते समय रांची स्थित निवारणपुर में लोगो के साथ भी उन्होंने पौधारोपण किया।

### शुभम मंडल ने की राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के राजभवन में राज्य के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा के युवा नेता शुभम मंडल ने मुलाकात की। इस दौरान शुभम ने बांग्लादेशी घुसपैठ और गोड्डा कॉलेज फॉरेस्ट क्लीयरेंस व कॉलेज का भव्य निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शुभम मंडल ने बताया कि विशेष कर गोड्डा जिला के कई गांव में बांग्लादेशी घुसपैठियों की दस्तक कई महीने पहले ही हो चुकी है। इस मुद्दे पर मैं लगातार कई सालों से लड़ाई लड़ रहा हूं। लेकिन राज्य में हेमंत सरकार होने के कारण कुछ घुसपैठियों का मनोबल बढ़ते जा रहा है।इस दौरान शुभम मंडल ने बताया कि जब तक इसका निराकरण नहीं होगा। तब तक आंदोलन करता रहूंगा। वहीं, गोड्डा कॉलेज को लेकर शुभम मंडल ने राज्यपाल से मिलने के बाद बताया कि जल्द ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस कॉलेज को मिलने वाला है। उसके बाद कॉलेज का निर्माण होगा और यहां के छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा।

### सात धर्म बहनों ने आजीवन व्रत धारण किया

**रांची :** गुरुवार को रांची प्रोविंस की सात धर्म बहनें आजीवन व्रत धारण कर हमेशा के लिए परमेश्वर यीशु की अधिन हो गईं। इसमें सिस्टर अंजना प्रीति खलखो, सिस्टर निशी बारला, सिस्टर किरण सांगा, सिस्टर प्रीति किस्पोट्टा, सिस्टर कुसुम एक्का, सिस्टर तारा लकड़ा और सिस्टर संध्या लकड़ा शामिल हैं। कार्यक्रम मिस्सा बलिदान से शुरू हुआ। इसकी अगुवाई रांची आर्चबिशप विसेंट किया। संत अन्ना धर्मसंघ की मदर जेनरल मेरी ग्रेस तोपनो ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रांची आर्च बिशप विसेंट आइंद ने कहा कि कलीसिया अपने जीवन के उद्देश्यों को तलाश करते हैं। मनुष्य की इच्छाशक्ति को विकसित करता है। जब ईश्वरीय शक्ति का ज्ञान हो जाता है तब धर्म बहनें जरूरतमंद लोगों की सेवा करती हैं।

# छः विधानसभा क्षेत्रों की काउंटिंग हेतु मतगणना कर्मियों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** गुरुवार को एनआइसी कक्ष में मतगणना हेतु मतगणना कर्मी का द्वितीय रेंडमाइजेशन सभी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं सभी निवार्ची पदाधिकारी की मौजूदगी में किया गया। विधानसभा क्षेत्र 38-सिंदरी, 39-निरसा, 40-धनबाद, 41-झरिया, 42-टुंडी, 43-बाघमारा के ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट मत की मतगणना हेतु नियुक्त किए जाने वाले माइक्रो आब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाइजर एवं काउंटिंग असिस्टेंट का रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आयोग के द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। इस दौरान कुल (रिजर्व सहित) 702 कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें ईवीएम काउंटिंग हेतु 462 कर्मी एवं पोस्टल बैलट काउंटिंग हेतु कुल 240 कर्मी है। मतगणना हेतु विधानसभा वार प्रतिनियुक्ति कर्मियों की विवरणी निम्नवत है : 38-सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम मशीन के मतगणना हेतु कुल 22 टेबल लगाए जाएंगे। जिसमे रिजर्व लेकर कुल 26 माइक्रो आब्जर्वर, 26 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 26 काउंटिंग असिस्टेंट के अलावा एक मल्टीटास्किंग स्टाफ की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा पोस्टल बैलट मत की गणना हेतु कुल 8 टेबल लगाए जाएंगे जिसमें (रिजर्व लेकर) कुल 10 माइक्रो आब्जर्वर, 10 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 20 काउंटिंग असिस्टेंट की प्रतिनियुक्ति की गई है। 39 निरसा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम मशीन के मतगणना हेतु कुल 22 टेबल लगाए जाएंगे। जिसमे रिजर्व लेकर कुल 26 माइक्रो आब्जर्वर, 26 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 26 काउंटिंग असिस्टेंट के अलावा एक मल्टीटास्किंग स्टाफ की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा पोस्टल बैलट मत की गणना हेतु कुल 8 टेबल लगाए जाएंगे (जिसमें रिजर्व) लेकर कुल 10 माइक्रो आब्जर्वर, 10 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 20 काउंटिंग असिस्टेंट की प्रतिनियुक्ति की गई है। 40-धनबाद विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम मशीन के मतगणना हेतु कुल 23 टेबल लगाए जाएंगे। जिसमे रिजर्व लेकर कुल 28 माइक्रो आब्जर्वर, 28 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 28 काउंटिंग असिस्टेंट के अलावा एक मल्टीटास्किंग स्टाफ की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा पोस्टल बैलट मत की गणना हेतु कुल 8 टेबल लगाए जाएंगे जिसमें (रिजर्व लेकर) कुल 10 माइक्रो आब्जर्वर, 10 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 20 काउंटिंग असिस्टेंट की प्रतिनियुक्ति की गई है। 41-झरिया विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम मशीन के मतगणना हेतु कुल 20 टेबल लगाए जाएंगे। जिसमे रिजर्व लेकर कुल 24 माइक्रो आब्जर्वर, 24 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 24 काउंटिंग असिस्टेंट के अलावा एक मल्टीटास्किंग स्टाफ की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा पोस्टल बैलट मत की गणना हेतु कुल 8 टेबल लगाए जाएंगे जिसमें (रिजर्व लेकर) कुल 10 माइक्रो आब्जर्वर, 10 काउंटिंग सुपरवाइजर एवं 20 काउंटिंग असिस्टेंट की प्रतिनियुक्ति की गई है। 42-टुंडी विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम मशीन के मतगणना हेतु कुल 21 टेबल लगाए जाएंगे।

## एक नजर

### समाल अहमद के नेतृत्व मे सघन जांच अभियान चलाया गया

**मेदिनीनगर(पलामू) :** पलामू एस पी रिश्मा रमेशन के आदेशानुसार मेदिनीनगर शहर के छः मुहान चौक पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व मे सघन जांच अभियान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन का किया गया इसमें चार पहिया वाहन के कुछ गाड़ियों के चालक वैकेंसी बेल्ट के गाड़ी चला रहे थे और दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। दोपहिया वाहन के चालक को हेलमेट पहनकर ऑनलाइन लाइसेंस लेकर गाड़ी चलाने का निर्देश दिया गया और चार पहिया वाहन के चालक को बिना लाइसेंस और बिना सीट बेल्ट के गाड़ी नहीं चलने का आदेश दिया गया और सभी चालकों को समझा बूझकर आज छोड़ दिया गया है। आज दिनांक 17 10,2024 , को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 14 दो पहिया वाहन का चालान फाइन राशि 253 00 रुपया आया है और 07 ई रिक्शा टेंपो का चालान फाइन राशि 10400 आया है टोटल चालान फाइन राशि 35700 रुपया प्राप्त हुये।

### पोखराहा में दो गाड़ियों के बीच हुई टक्कर

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर के पोखराहा मोहल्ले में स्टेट हाइवे पर दो स्कॉर्पियों गाड़ियों के बीच हुई टक्कर हो गई। दोनों गाड़ी पुल के नीचे गिर गई। मेदिनीनगर-पांकी स्टेट हाइवे में बुधवार को घटना हुई है। हालांकि दुर्घटना के किसी भी गाड़ी पर सवार लोगों को गंभीर चोट नहीं लगी है। मेदिनीनगर सदर थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद काफी संख्या में लोग जुट गए और गाड़ी से सवारों को बाहर निकाला।

### हाइवा का परिचालन हुआ ठप

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मंगलवार की देर रात झारखंड प्रस्तुति कमेटी (जेपीसी) नामक उग्रवादी संगठन द्वारा थाना क्षेत्र के सरधाबार व लात गांव के मुख्य पथ पर जंगल में पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया था। चालकों के साथ मारपीट कर अंधाधुंध फायरिंग भी किया था। जेपीसी संगठन के नाम से एक पर्चा भी छोड़ गया था। पर्चा में लिखा था कि संगठन से जब तक वार्ता नहीं होती है तब तक काम शुरू नहीं करें। बात नहीं मानने पर संगठन के द्वारा फौजी कारवाई की जाएगी और इस कारवाई में जान माल का जो भी क्षति होगा उसका जिम्मेवार खुद कंपनी एवं कंपनी के कर्मी होंगे। उधर घटना के बाद से डीवीसी कंपनी में तुबेद डीहीमुरुप कोल माइंस से हाइवा के चालकों ने गाड़ी चलाना बंद कर दिया है,परिचालन पूरी तरह ठप है।

### चुनावी समीकरण के बीच सभी प्रत्याशियों के अपने-अपने दावे

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू का डाल्टनगंज एवं बिश्रामपुर विधानसभा सीट काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। दोनों विधानसभा सीट पलामू एवं गढ़वा जिले में आते हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में दोनों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक चुने गए थे। 2019 में डाल्टनगंज से भारतीय जनता पार्टी के आलोक चौरसिया और बिश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी ने जीत हासिल की थी। 2024 के विधानसभा चुनाव में दोनों सीटों पर लड़ाई काफी दिलचस्प हुई है। दोनों सीटों पर प्रत्याशी वोट को जोड़कर अपने-अपने समीकरण बिठा रहे हैं। कोई जातिगत समीकरण को बिठा रहा है तो कोई अपने मजबूत पकड़ के समीकरण का आकलन कर रहा है। बिश्रामपुर विधानसभा सीट पर गठबंधन टूटती हुई नजर आई थी। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल दोनों बिश्रामपुर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।

## गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन भारत दर्शन को तैयार, 14 दिसंबर को होगी रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एकबार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाली गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन इस बार 14 दिसंबर को रवाना हो रही है। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए 1 केबिन है। 40 केबिन वाले इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं। इस ट्रेन का नाम गोल्डन चैरियट है जिसका मतलब होता है स्वर्ण रथ। यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं। सभी केबिन में गद्देदार फर्नीचर, लग्जरियस बाथरूम, आरामदायक बेड, शानदार टीवी जिसमें कई ओटीटी के मजे लिए जा सकते हैं। ट्रेन में सैलून का भी खास इंतजाम है। गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन में देशी और विदेशी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है। जिसके लिए रुचि और नालापक नाम के दो बेहतरीन रेस्तरां हैं। जहां शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन इंटरनेशनल ब्रांडों के क्रॉकरी और कटलरी में परोसे जाएंगे। इसके साथ ही बार में बेहतरीन और ब्रांडेड वाइन, बीयर और मदीरा मौजूद है। यात्रियों की सेहत और आरामदायक सफर के लिए इस गोल्डन चैरियट ट्रेन में आरोग्य स्पा भी हैं, जहां स्पा थेरेपी समेत कई स्पा का आनंद लिया जा सकता है। मेहमानों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी ट्रेन सीसीटीवी कैमरे और फायर अलार्म सिस्टम से लैस है। पूरी ट्रेन किसी 7 स्टार होटल से कम नहीं है। लग्जरी ट्रेन 5 रातें और 6 दिन गुजारने के लिए आपको मात्र 4,00,530 और 5% जीएसटी देना होगा।

## हर समस्या का समाधान मिलकर किया है, आगे भी करेंगे : ईसीआरकेयू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू ने आज संपर्क अभियान के तहत सुबह 9:00 बजे पुराना स्टेशन स्थित पावर हाउस पहुंचे और एक गेट मीटिंग किया यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि उपस्थित बक्ता ने रेलकर्मियों ने संबोधित करते हुए कहा कि अब तक रेलकर्मियों के हर सुख दुःख और हर समस्या में ईसीआरकेयू ने साथ दिया है,और आगे भी हम सभी साथ मिलकर हर समस्या के समाधान के लिए संघर्ष करते रहेंगे। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दे कर कहा कि हमलोग एकजुट होकर, गोलबंद होकर ईसीआरकेयू को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि आने वाले दिन में रेल कर्मचारियों के हर समस्याओं का समाधान किया जा सके। आज का इस गेट मीटिंग मे सोमेन दत्ता, आर के सिंह, एन के खवास, जीतेन्द्र कुमार साव, पंकज पांडेय, परमेश्वर कुमार, टी के साहू, ए के दा, एस के महतो, जाफर सिद्धिकी, बी एन चैटर्जी, प्रशांत बनर्जी, विमान मंडल, संतोष कुमार गोंड, अमरजीत यादव, आर के गोप, सुरेंद्र चौहान, दिलीप कुमार, ललन कुमार, पिंटू नंदन, रंजीत यादव, राजकुमार, रंजीत कुमार, शिव जी प्रसाद, सनी, कुंदन कुमार, एस के महतो, मंटु सिन्हा, पुष्पा देवी, रेखा देवी, रानू सिंह, झूमा भट्टाचार्जी, अंकुर कुमार,बद्री कुमार, अनिल, निराला, नितेश, संजीव, अमर, रवि शंकर, श्रवण, आदित्य, अनूप,अशरफ, ए के शर्मा और देवा उपस्थित थे।

## 54 पी-प्लस वन के मतदान कर्मी पहुंचे वज्रगृह, ईवीएम-वीवीपैट को किया जमा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र के 54 पी-प्लस वन मतदान केंद्रों के मतदान कर्मी गुरुवार सुबह कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास स्थित वज्रगृह पहुंचे। जहां क्रमवार मतदान कर्मियों ने अपने अपने मतदान केंद्रों के ईवीएम-वीवीपैट को निर्धारित अलग अलग टेबल पर जमा किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव स्वयं निगरानी कर रही थी। रिसिविंग सेंटर पर गोमिया विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ए. आर. राहुल नाथ, निवार्ची पदाधिकारी सह एसी मो. मुमताज अंसारी, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी पियूष, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गोमिया अफताब आलम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी ईवीएम-वीवीपैट संपूर्ण जमा होने तक मुस्तैद रहें। राजनीतिक पार्टी/ अभ्यर्थी प्रतिनिधियों एवं सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में गोमिया विधानसभा क्षेत्र के वज्रगृह को सील किया गया। वहीं, सामान्य प्रेक्षक एवं संबंधित निवार्ची पदाधिकारियों की उपस्थिति में रिजर्व ईवीएम-वीवीपैट को भी चिन्हित वज्र गृह में रखकर सील कर दिया गया। उल्लेखनीय हो कि, जिले में कुल 103 मतदान केंद्र पी-प्लस वन मतदान केंद्र थे। जिसमें बोकारो जिला अंतर्गत 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र के 54 मतदान केंद्र एवं डुमरी विधानसभा (शेष) अंतर्गत 49 मतदान केंद्र शामिल है। 33 डुमरी विधानसभा अंतर्गत पी-प्लस वन मतदान केंद्रों का ईवीएम-वीवीपैट गिरिडीह जिला स्थित वज्रगृह गया, जबकि 34 गोमिया विधानसभा अंतर्गत पी-प्लस वन मतदान केंद्रों का ईवीएम-वीवीपैट कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास स्थित वज्रगृह में जमा किया गया।

## दक्षिण पूर्व रेलवे का चुनाव चार और पांच दिसंबर को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** दक्षिण पूर्व रेलवे सहित रेलवे में यूनियन की मान्यता प्राप्ति को लेकर चुनाव हो रहा है। यह चुनाव दिसंबर में होना है। तिथियों की घोषणा भी हो चुकी है। चुनाव 4 तथा 5 दिसंबर को होना है। वहीं, रनिंग कर्मी 6 दिसंबर को भी मतदान कर सकेंगे। वहीं, मतगणना की तिथि 12 दिसंबर तय की गई है। तैयारियां अंतिम चरण में है। यूनियन सदस्यों द्वारा वोटरों को अपने यूनियन के पक्ष में मतदान कराने को लेकर जनसंपर्क का दौर भी चला रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे में कुल 76,266 वोटर है। इस जोन में 90 मतदान केंद्र होगा, जिनमें 26 संवेदनशील मतदान केंद्र है। पिछले चुनाव में दक्षिण पूर्व रेलवे में मेंस कांग्रेस नंबर पहले तथा मेंस यूनियन दूसरे नंबर रही थी। देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में कर्मी किस यूनियन को अपना समर्थन देंगे। दपू रेलवे में डीविजन तथा मतदाताओं की संख्या : दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत आद्रा रेल मंडल में 13,966 वोटर है, जिनके लिए 18 मतदान केंद्र की व्यवस्था की जाएगी। इनमें से 5 संवेदनशील मतदान केंद्र की श्रेणी में रखा गया है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आद्रा रेल मंडल में 75 सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल किया जाएगा। वहीं, सीकेपी में 24,180 वोटरों के लिए 31 मतदान केंद्र है। इनमें 12 संवेदनशील है। खड़गपुर में 21,221 मतदाताओं के लिए 23 मतदान केंद्र होगा। इनमें से 8 पोलिंग बूथ होगा। जबकि रांची रेल मंडल में 6,972 वोटरों के 6 मतदान केंद्र है।

## भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य में गांठ जोड़कर अनुष्ठान करने का है विधान : डॉ. कौशल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल के इटकदाग पंचायत के सुगरी गांव में मुखदेव यादव के श्राद्ध पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला गायन मुकाबला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल उनके पुत्र रामजतन यादव एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। वनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों को अपना कर किसी कार्यक्रम का शुरूआत केक और फीता काटकर करना छोड़ दे। अगर उसके स्थान पर सभी लोग एक-एक पौधा लगाएं तो एक साल में करोड़ों पेड़ों का इजाफा हो जाएगा। जिससे करीब दो वर्षों के भीतर भीषण गर्मी व जल संकट के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शत्रु प्रदूषण से आजादी मिल सकती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि देश को भीषण गर्मी, प्रदूषण और भीषण जल संकट से मुक्ति पाना है तो लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना ही होगा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। बिहार से आये व्यास गुडु हलचल और झारखंड के व्यास अखिलेश यादव ने अपने गायिकी से लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में पंचायत हुटुकदाग के मुखिया राजेंद्र सिंह, चिरु पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव,डाली पंचायत के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी ,स्व मुखदेव यादव के पुत्र रामजतन यादव, कामेश्वर यादव, राम रतन यादव, जगदीश यादव, रिश्तेदार, प्रभु यादव, भोला यादव, कर्म देव यादव, पोता विजय यादव पप्पू यादव उदय यादव अंजन यादव सोनू यादव सनोज यादव रविंदर यादव विजेंद्र यादव शामिल थे।

### डीईओ ने मतगणना से 48 घंटे पहले तैयारियों को परखा

**पलामू :** विधानसभा चुनाव के तहत मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में सभी आरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक की। बैठक में मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों संग विचार विमर्श किया। संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार, बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र, पेयजल की व्यवस्था,साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी का अधिष्ठापन, सहित अन्य विषय पर विमर्श किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहादत दिवस मनाने का शहीद शक्ति ने लिया निर्णय



**धनबाद :** तेतुलमुड़ी बस्ती में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में 28 नवंबर को झारखंड के वीर सपूत क्रांतिदुत शहीद शक्तिनाथ महतो का शहादत दिवस धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद शक्ति के पैतृक गांव तेतुलमुड़ी से जुलूस निकाली जाएगी। जुलूस में शामिल लोग इलाके का भ्रमण करते हुए टाटा सिजुआ 12 नंबर स्थित समाधी स्थल पहुंचेंगे और शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मौके पर प्रकाश महतो, राजेंद्र चौहान, अशोक महतो, महेश राजभर, अविनाश महतो, सोनू महतो, अनिल महतो, कृष्णा महतो, मनोज महतो, सुरेश महतो, अविनाश महतो, मिनी महतो, रमेश महतो, राजेंद्र चौहान, महेश राजभर, मेघनाथ चौहान, प्रकाश महतो, केदार महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच की बैठक संपन्न



**बोकारो :** स्वदेशी जागरण मंच बोकारो जिला की बैठक क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें इस्पातांचल स्वदेशी मेला हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनवरी महीने के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया कबैठक मे चर्चा करते हुए जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा पिछली बार के अनुभव को देखते हुए यह मेला इस वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में मजदूर मैदान सेक्टर - 4 मे लगाने का निर्णय हुआ है। जिसके तैयारी जोर-शोर से आरम्भ हो गया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन 23 या 24 दिसम्बर तक करने का भी निर्णय लिया गया कमेले में देश के कोने- कोने से प्रतिभागी को भाग लेने के लिए आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है कयह मेला लगातार 24 सालों से होता आ रहा हैकमेले को भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं समाज के प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा संरक्षक मंडल आयोजन समिति एवं संचालन समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया है जो चुनाव के तुरंत बाद किया जाएगा कव्यवस्था की दृष्टि से कार्यालय संचालन का प्रभार जयशंकर प्रसाद को दिया गया। जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि निर्णय लिया गया कि आगामी 12 दिसंबर इसे स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी के लिए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े अमर शहीद बाबू गेनू के शहादत दिवस को स्वदेशी दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। इस वर्ष भी 12 दिसंबर को स्वदेशी दिवस के रूप में इसे मनाया जाएगा। इस अवसर पर परिवार सम्मेलन करने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें सभी समविचारी संगठनों को भी इस पुनीत कार्य में सम्मिलित करने का विचार किया गया कबैठक में अमरेन्द्र कुमार सिंह, अजय चौधरी, दिलीप वर्मा,जयशंकर प्रसाद, अजय सिंह,नवीन सिन्हा, प्रेम प्रकाश, सुरेश सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव, अवधेश कुमार सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### खोया हुआ बैग बोकारो आरपीएफ ने यात्री को सौंपा

**बोकारो :** बोकारो के सकुर्लेटिंग एरिया के पास सी शिफ्ट पर ड्यूटी कर रहे एएसआई कुमार सत्यम ने मंगलवार की शाम के समय करीब 7 :45 में बुकिंग ऑफिस के सामने एक नीले रंग का बैग अज्ञात रूप से रखा हुआ पाया। अगल-बगल यात्रा कर रहे यात्री से उक्त बैग के बारे में जब पूछा गया तो सही जवाब न मिलने पर एएसआई सत्यम कुमार ने बैग को अपने कब्जे में ले बोकारो रेलवे स्टेशन के सहायक बूथ पर जमा कर दिया । बुधवार को लगभग 9 :00 बजे दीपक कुमार नामक एक यात्री जो बोकारो के माराफारी थाना के झोपड़कॉलोनी के निवासी है वह आरपीएफ सहायता केंद्र पर आकर अपने खोए हुए बैग का दावा किया और बताया कि वह ट्रेन संख्या 18639 आरा रांची एक्सप्रेस से अपनी मां के साथ पिरो से लेकर बोकारो तक वह सफर कर रहा था उसी दरमियान वह अपना बैग बुकिंग ऑफिस के सामने भूलकर चला गया आरपीएफ द्वारा समान का उचित सत्यापन एवं पहचान कर बरामद किए गए बैग को इसके असली मलिक को सौंप दिया गया । यात्री ने बताया कि इस बैग का मूल्य लगभग 5000 रुपए है अपने खोए हुए बैग को पा यात्री ने बोकारो आरपीएफ को धन्यवाद व्यक्त किया।

### अवैध देसी शराब से लदी कार जब्त, 225 लीटर शराब बरामद



**मेदिनीनगर(पलामू) :** पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब से लदी एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (रजिस्ट्रेशन संख्या: JH01BE 3770) को जब्त किया है। यह वाहन दंगवार के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम देवरी कला से अवैध देशी शराब एक कार में लोड कर बिहार भेजी जा रही है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के बाद, दंगवार ओपी से सशस्त्र बल के साथ जपला की ओर रवाना हुई। संदिग्ध वाहन को ग्राम नदियाइन के पास सड़क किनारे खड़ा पाया गया। गाड़ी का गेट और डिक्की खुला हुआ था। मौके पर दो स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने पाया कि वाहन में 30 कार्टून देशी शराब लोड थी। प्रत्येक कार्टून में 375 एमएल की 25 पारदर्शी प्लास्टिक बोतलें पाई गईं। बोतलों पर रटनाका देशी शराब अंकित था। कुल 750 बोतलें (375 एमएल प्रति बोतल) बरामद की गईं, जो लगभग 225 लीटर अवैध शराब है। जब्त वाहन और शराब को विधिवत दंगवार ओपी में सुरक्षित रखा गया। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध शराब तस्करी में कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के लिए छापेमारी अभियान तेज किया जाएगा। यह कार्रवाई पलामू पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सटीक सूचना पर निर्भरता का परिणाम है।

## एक नजर

### सीबीआई टीम पहुंची साहिबगंज कर रही चिटफंड कंपनियों की जांच

**साहिबगंज :** बुधवार को सीबीआई की टीम चिटफंड कंपनियों की जांच के लिए साहिबगंज पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों तक यानी 21 और 22 नवंबर को टीम यहां रहेगी और मेसर्स साईं प्रसाद फूड्स लिमिटेड, मेसर्स साईं प्रसाद प्रॉपर्टीज लिमिटेड, मेसर्स साईं प्रसाद कॉरपोरेशन लिमिटेड, और मेसर्स एसपी किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध मिली शिकायतों की जांच करेगी। सीबीआई अधिकारी इससे जुड़े लोगों के बयान भी लेगी। वहीं जांच अधिकारी ने पूछे जाने पर बताया कि पीड़ित एवं संबंधित लोग 21 एवं 22 नवंबर को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपना नाम मोबाइल नंबर एवं अन्य विवरण मोबाइल नंबर 90345 15 007 और 7677 622777 पर संपर्क कर दर्ज करा दे और मूल प्रमाण पत्र जमा कर दें ताकि ठगी गई राशि के संबंध में आवश्यक जांच कर कार्रवाई की जा सके। ज्ञात हो कि नगर थाना में दर्ज के संख्या 250/ 2015 की जांच सीबीआई कर रही है। इन कंपनियों पर आरोप है कि उनके द्वारा आम जनों का लगभग ढाई करोड़ रुपए ठग लिया गया है।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**जामताड़ा :** जामताड़ा जिले के कदबरारी बुढ़वा तालाब में नहाने के दौरान दो भाई बहनों के डूबने से गुरुवार को मौत हो गयी। घटना करमाटांड थाना के कदबरारी का है। जहां दोनों बच्चों की पहचान गांव के सुभाष मंडल के पुत्र सोनू कुमार (3)और पुत्री सरस्वती कुमारी( 2) के रुप में हुई है । दोनों मां के साथ नहाने तालाब किनारे गए थे। तालाब किनारे मां कपड़ा धोने में व्यस्त हो गई। तभी बच्चे नहाने लगे। बच्चे कब आंखों से ओझल हो गए। मां को पता भी नहीं चला। शव को तालाब में देख मां जोर-जोर से रोने लगी। इसके बाद आस-पास के लोग और परिजन पहुंचे। इसकी सूचना कमाटांड़ थाना को दी गयी। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल भेज दिया।

### पुत्र न होने से दुखी चार बेटियों के पिता ने की खुदकुशी



**खूंटी :** मुरहू थाना क्षेत्र के सिंघा दुलुवा में बुधवार देर रात चार बेटियों के एक पिता ने एक पेड़ पर फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। मृतक कुंजला पंचायत की मुखिया सावित्री देवी का देवर था। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार सिंगराय मुंडा की चार बेटियां है। बेटा ना होने के कारण वह तनाव में रहता था। बताया गया कि बुधवार देर रात सिंगराय मुंडा( 45) बिना किसी को बताए घर से निकला था। रात में उसे घर में नहीं पाकर परिजनों ने आसपास उसकी खोजबीन की, लेकिन कहीं उसका पता नहीं लगा। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर फंदे से लटकता उसका शव देखा, जिसके बाद ग्रामीणों एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर मुरहू पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो भी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

# सीएससी सेंटर में पिस्टल दिखा कर लैपटॉप और 80 हजार की लूट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर पोखराहा खुर्द के एक सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में बुधवार रात पिस्टल का भय दिखा कर लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान मोबाइल, लैपटॉप और नगद 80 हजार की लूट हुई। तीन लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस जरूरी जानकारी लेकर आरोपितों की गिरफ्तारी, लूटे गए सामान और नगद बरामद करने के लिए छापेमारी कर रही है। लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार तीन की संख्या में लुटेरे पोखराहा खुर्द के राकेश मेहता के सीएससी के समीप पहुंचे। आते ही एक लुटेरा मुख्य सड़क पर मोटरसाइकिल के पास खड़ा रहा, जबकि दो केंद्र में पहुंचे और दहशत फैलाने के लिए गोली मारने की धमकी दी। दोनों अपने चेहरे को मफलर से ढक रखे थे। मोबाइल लूट लिया। लैपटॉप लेने के बाद नगद निकालने को कहा। करीब 80 हजार रुपए नगद लूटने के बाद तीनों लुटेरे पांकी की तरफ भाग निकले। सीएससी संचालक राकेश मेहता ने गुरुवार सुबह बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कराया गया है। लैपटॉप और 80 हजार रुपए लूट लिया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल भी लूट गया था लेकिन लुटेरे भागने के क्रम में उसे घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर नया हाईवे के पास फेंक दिया था। ईमेल से लोकेशन ट्रैक कर उसे रात में ही ढूंढ लिया गया। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## बाइक सवार ने ईंट पर मारी टक्कर, एक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट बोरियों मुख्य सड़क अंतर्गत बाबूपुर मोड़ स्थित एक मोटरसाइकिल जे एच 18 के 9132 सड़क किनारे रखा ईट से टकराने से दो व्यक्ति घायल हो गया। घटना से दोनों घायलों को गंभीर रूप से चोट पहुंची है। जानकारी के अनुसार अनिकेश कुमार 22 वर्षीय नमस्ते रोड बोरिया, राहुल शाह 20 वर्षीय साहिबगंज दोनों अलग-अलग प्रखंड के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक रिश्तेदार का कार्ड बांटने बरहेट की ओर आ रहा था, इसी दौरान बरहेट से बोरियों जाने के क्रम में बाबूपुर मोड़ स्थित मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे रखा ईट से जाकर जोरदार टकरा गया, जिससे दोनों युवक को घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। हालांकि मोटरसाइकिल चालक अनिकेश कुमार हेलमेट पहना था, लेकिन टक्कर इतना जोरदार था कि हेलमेट के ऊपरी भाग का हिस्सा उखाड़ कर माथे में टकरा गया जिससे माथे की कुछ भाग फट गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया जहां डॉक्टर संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार किया। जहां अनिकेश कुमार का इलाज के दौरान मौत हो गया। वहीं बेहतर उपचार के लिए राहुल साह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर परिजनों को सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचे, जहां दोनों घायलों के परिजन का रो-रो कर बुरा हाल था।

## बज्रगृह में तीनों विस क्षेत्र के प्रत्याशियों का भाग्य हुआ ईवीएम में कैद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के 1008 बूथ में वोटिंग समाप्त, मतदान दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में साहिबगंज पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित बज्रगृह पहुंचकर रिसीविंग सेंटर में ईवीएम सीयू वीवीपैड जमा करवा रहे थे। संध्या के 7:00 बजे से लेकर सुबह तक पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित में ईवीएम सीयू वीवीपैड जमा हो रहे थे। जिला प्रशासन की ओर से रिसीविंग सेंटर में बेहतर व्यवस्था किया गया। कुर्सी टेबल के साथ मतदान दल सामग्री रखकर आराम से ईवीएम जमा करवाकर खा पीकर ही वापस जा रहे है। रिसीविंग सेंटर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती, अधीक्षक अमित कुमार सिंह, ऑब्जर्वर, डीडीसी, सभी निर्वाची पदाधिकारी सहित आला अधिकारी पहुंचे हुए थे। बज्रगृह में तीनों विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम रखे गए हैं। मतदान दल ने कहा बेहतर व्यवस्था रिसीविंग सेंटर में किया गया है। वहीं मौके पर बज्रगृह में ईवीएम सील के दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं सभी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हजारों रुपये मूल्य के विदेशी शराब आरपीएफ ने किया जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** बुधवार को बरहरवा रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के जवानों ने फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15743 से लगभग 19780 रुपए मूल्य के विदेशी शराब के साथ एक गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। बरहरवा पोस्ट के आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ के मृत्युंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर पथ मिश्रा, एचडी नूपुर बरन, कनस्टेबल तरुण भूषण और कांस्टेबल मृत्युंजय कुमार ने डीपीएस टीम गठन कर न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 15743 अप फरक्का एक्सप्रेस में एक अभियान चलाया, जब ट्रेन बोनीडंगा रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी तो देखा कि एक व्यक्ति को ट्रेन के जनरल डिब्बे के अंदर संदिग्ध तरीके से तीन बैग संभालते हुए पाया गया। आरपीएफ को शक होने पर उसे हिरासत में लिया गया और पूछने पर उसने अपनी पहचान साहेब अंसारी उम्र 20 वर्ष बताया बैग की जांच करने पर विदेशी शराब की बोतल बरामद हुई जब ट्रेन बरहरवा स्टेशन पहुंची तो शराब को जप्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे बरहरवा के आरपीएफ पोस्ट लाया गया मामला दर्ज करते हुए उत्पाद विभाग साहिबगंज को इसकी जानकारी दे दी गई है। जप्त किए गए शराब में से 5000 प्रीमियम स्ट्रांग बियर के 72 कैन बियर की मात्रा 500 मिलीग्राम प्रत्येक में का मूल्य 110 रुपए जिसका कुल मूल्य 7920,ब्लेंडर्स प्राइस अल्ट्रा प्रीमियम व्हिस्की की 6 बोतल, प्रत्येक बोतल की मात्रा 750 मिलीग्राम प्रीमियम व्हिस्की की 10 बोतल किंगफिशर प्रीमियम व्हिस्की की 10 बोतल, किंगफिशर व्हिस्की की सात बोतल कुल मिलाकर सभी शराब की कीमत 19780 रुपये बताया गया है आरपीएफ ने मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए साहिबगंज भेज दिया है।

## सिल्ली में केनरा बैंक का 119वां स्थापना दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजुनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में केनरा बैंक का 119वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। साथ ही 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग और 10 दिवसीय वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट एंड कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि राजू उरांव केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक और निदेशक संजीत कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 55 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद अपना खुद का स्वरोजगार करें। क्योंकि रूडसेट संस्थान राज्य का सबसे अच्छा संस्थान है। यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते हैं और दूसरों को भी रोजगार से जोड़ सकते हैं। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते इसके लिए आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करें।

# मतगणना को ले जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी आरओ समेत विभिन्न पदाधिकारियों संग की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी आरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों संग विचार-विमर्श किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार, बैरिकेटिंग,पार्किंग व्यवस्था, मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी का अधिष्ठापन, सहित अन्य विषय पर विमर्श किया गया। उन्होंने स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल तक ईवीएम के परिवहन को लेकर मैनपावर को चिन्हित करने की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी के टी-शर्ट पर नंबरिंग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि काउंटिंग हॉल में किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा- मोबाइल आदि लेने जाना पूर्ण प्रतिबंधित है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावे उन्होंने कर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद रिजल्ट की घोषणा की जानी है अतः माईकिंग का उच्चतम गुणवत्ता का रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि काउंटिंग में किसी प्रकार की छोटी गलती भी न हो,यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी प्रातः 7 बजे काउंटिंग स्थल पहुंचे यह भी सुनिश्चित होना चाहिये। इसके अलावे उन्होंने पोस्टल बैलेट व ईटीबीपीएस की काउंटिंग हेतु भी सारी व्यवस्थाएं को तयसमय पर दुरुस्त कर लेने की बात कही। इस अवसर पर पांचो आरओ, सभी एआरओ, समेत विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने किया जनसंपर्क

**हैदरनगर(पलामू) :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने बुधवार को मोहम्मदगंज स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर परिचालन, वाणिज्य, संकेत, दूरसंचार, इंजीनियरिंग विभाग के गैंगहाट सहित विभिन्न कार्यालयों में जाकर रेलकर्मियों से संपर्क किया। उन्होंने मान्यता के लिए होने वाले 4, 5 व 6 दिसंबर के चुनाव में पुनः तीसरी बार जीत दिलाने की अपील की। इसीआरकेयू के संगठन सचिव संजीव पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी के लिए लागू कराने व यूपीएस की सभी कमियां दूर कराई जायेगी। जनसंपर्क अभियान में लव कुमार, अमित पांडेय, संजीव कुमार, भिखारी महता, अनिल बैठा, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, अनिल कुमार, रौशन कुमार, रविन्द्र कुमार, शंकर यादव, अमन कुमार, जंग बहादुर पासवान, दीपक कुमार, सुमन सिंह, अजय सिंह, रविकांत कुमार आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चैनपुर में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर पंचायत अंतर्गत परहा टोली गांव में लगभग छह महीनों से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था। इस समस्या के कारण गांव में अंधेरा छाया रहता था, जिससे जंगली जानवरों और सांपों के आने का खतरा बना रहता था। ग्रामीणों को रात में घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा था। ग्रामीणों प्रमोद कुमार, राकेश कुमार, भगीरथ कुमार, संतोष भगत और राहुल देव सिंह ने बताया कि उन्होंने विद्युत विभाग को कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस समस्या से ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी और बच्चों की शिक्षा पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा था। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लिया और विभाग से बात कर नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की। उनके प्रयासों से गांव में नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके प्रयासों से गांव की समस्या का समाधान हुआ है।

### मतगणना से संबंधित डाउट क्लियरिंग सेशन को लेकर हुई बैठक

**साहिबगंज:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव के रवि कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 मतगणना से संबंधित डाउट क्लियरिंग सेशन को लेकर बैठक की। सूचना एवं विज्ञान कार्यालय में विधानसभा आम चुनाव 2024 मतगणना से संबंधित डाउट क्लियरिंग सेशन से संबंध समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी 23 नवंबर को संपन्न होने वाली मतगणना कार्य संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, 03 -बरहेट निर्वाची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 02- बोरियो निर्वाची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, 01- राजमहल निर्वाची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू कुमार मिश्रा, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### जिला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट : महतो बगान ने 79 रनों से दर्ज की जीत



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत गुरुवार को महतो बागान बनाम माही स्पोर्ट्स रेड के बीच मैच खेला गया। टॉस जीत कर महतो बागान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 166 रन बना कर ऑल आउट हो गई। जय राम महतो ने 61, रोहित महतो ने 17 व बीरेंद्र कुमार ने 13 रन बनाए। माही स्पोर्ट्स रेड के गेंदबाज कुमार गौरव ने 3, ज्ञान राज, ललन कुमार, विक्की कुमार ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने करने उतरी माही स्पोर्ट्स रेड की टीम 19.2 ओवर में 87 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सुमन रक्षित ने अधिकतम 10 रनों के योगदान दिया। महतो बागान के गेंदबाज जयराम महतो ने 4, विशाल महतो व बीरेंद्र कुमार राय ने 2-2 विकेट व रणवीर व शिवा ने 1-1 विकेट लिए। महतो बागान ने 79 रनों से जीत दर्ज की। महतो बागान के खिलाड़ी जयराम महतो को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि एनआईएस कोच योगेश यादव ने जयराम महतो को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे।

### वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात अपराधकर्मी

दिनांक-08.09.2024 की रात लगभग 2.00 बजे उपरोक्त अज्ञात अपराधकर्मी नामकुम थाना क्षेत्र का केनरा बैंक का एटी0एम0 के अंदर का दरवाजा तोड़ कर बैटरी चोरी कर ले गया है। जिसके संबंध में नामकुम थाना काण्ड सं0-354 / 2024, दिनांक-11.09.2024, धारा-303(2) बी0एन0एस0 दर्ज कर अज्ञात अपराधकर्मी की खोजबीन की जा रही है।

उपरोक्त अपराधकर्मी आपको क्षेत्र में या आपके आसपास नजर आते हैं तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर / फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं। इनकी खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित प्रतीत होता है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अपराधकर्मी कहीं मिलते/ दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर राँची। - 9431102090
नामकुम थाना प्रभारी, राँची - 9431706173

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 340227 (Police)24-25*D

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम-विनय कुमार, उम्र-29 वर्ष, रंग-साँवला, ऊँचाई-5 फीट, 09 ईंच पहनावा-फौजी ड्रेस ( चितकबरा ) पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति विनय कुमार, पे0-करनपाल सिंह, सा0-कंकर खेड़ा, गली नं0-09, मकान सं0-155/एन, हरिनगर कॉलोनी, तक्षशिला पब्लिक स्कूल के नजदीक, थाना-कंकर खेड़ा, जिला-मेरठ, उत्तर प्रदेश, वर्तमान पता-गौरी शंकर इन्कलेव, मकान सं0-10/2, दिपाटोली आर्मी कैन्ट, थाना-खेलगाँव, जिला-राँची जो दिनांक-17.10.2024 को ऑफिस जाने को कहकर निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में खेलगाँव थाना सनहा संख्या 08 / 2024 दिनांक-18.10.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते / दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर, राँची। - 9431102090
थाना प्रभारी खेलगाँव, राँची। - 8987790607

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 340230 Police(24-25)D

# सुलगते-दहकते मणिपुर का जिम्मेदार कौन?

मनोज कुमार अग्रवाल

**अब जब यह हिंसा खत्म नहीं हो रही तो लोगों ने गुस्से में भाजपा विधायकों, मंत्रियों तथा मुख्यमंत्री तक के घरों पर हमले करने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने वहां के कांग्रेस नेताओं को भी नहीं बख्शा। बात अकेले मणिपुर की नहीं है, बात देश के इस पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की है, जहां पहले ही लगातार गड़बड़ होने के समाचार मिलते रहते हैं। लोग बड़े स्तर पर बंटे हुए दिखाई देते हैं, यहां की निरंतर बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए कोई बड़े यत्न नहीं किए गए।**

मणिपुर भारत का सबसे खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तर पूर्वी राज्य है, जिसमें लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा की यह आग मई, 2023 में शुरू हुई थी, जब वहां की हाईकोर्ट ने बहुसंख्यक मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने का फैसला सुनाया था, इससे वहां के पहाड़ों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोगों में डर पैदा हो गया कि उनकी जमीनें और अधिकार बड़े स्तर पर कम हो जाएंगे। उत्तर पूर्व के छोटे-छोटे राज्य अशांत रहते हैं। इन सभी राज्यों के अलगाववादी हथियारबंद होकर दशकों से यहां चुनौती पेश करते आ रहे हैं। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई हिन्दू समुदाय के साथ और कुकी बड़ी हद तक ईसाई समुदाय से संबंधित हैं। यहां भाजपा की सरकार है। एन. बिरेन सिंह यहां के मुख्यमंत्री हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, जिनमें से 7 विधायक कुकी समुदाय के साथ भी संबंध रखते हैं। डेढ़ वर्ष से यहां बनी गृह युद्ध की स्थिति में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बड़े स्तर पर घरों और जायदादों को आग लगाई जा चुकी है। यह दोनों समुदाय एक दूसरे के कट्टर विरोधी ही नहीं, बल्कि दुश्मन बने नजर आते हैं। इसलिए अपने-अपने गांवों में इन्होंने अपने पहरे लगा रखे हैं। हथियारबंद लोग एक- दूसरे समुदाय पर हमले करते हैं।

मणिपुर एक बार फिर से हिंसा की आग में जल रहा है। यहां उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद जिरीबाम में 6 लोगों के अपहरण और उनकी लाश मिलने के बाद से भीड़ हिंसक हो गई है। कई मंत्रियों के घरों पर हमले हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सीएम के घर पर भी हमला करने की कोशिश की थी। कुकी उग्रवादियों की ओर से एक ही परिवार के 6 लोगों की नृशंस हत्या के बाद नाराज मैतेई समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं। वे लगातार हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुकी समुदाय 11 नवंबर की मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है। इन लोगों का कहना है कि वह उनके शवों का अंतिम संस्कार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही करेंगे। कुकी समुदाय का कहना है कि उन्हें शक है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़कर मारा है।



ताजा जानकारी के अनुसार हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा जिरीबाम में एक महिला की हत्या की गई। इस संबंध में 8 नवंबर को जिरीबाम स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। सशस्त्र उग्रवादियों ने जिरीबाम के जाकुरधोर करोंग और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशनों पर मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया। इस सिलसिले में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। बोरोबेकरा में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या का मामला सामने आया। इस संबंध में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। 11 नवंबर को, मणिपुर पुलिस ने कहा कि बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और जिरीबाम के जकुरधोर में सीआरपीएफ कैंप पर छद्म वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, कुछ घंटों बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने उसी जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर हो गई है। गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में तीन भाजपा विधायकों और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी जबकि सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर धावा बोलने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। मणिपुर में स्थिति को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने सीएपीएफ की 50 और कंपनियां भेजने का फैसला किया है। इस तरह अब राज्य में सीएपीएफ की 268 कंपनियां तैनात हो जाएंगी। इनमें पांच हजार जवानों की संख्या और बढ़ जाएगी। इस तरह, राज्य के हिंसा प्रभावित इलाकों में जवानों की तैनाती की संख्या 26,800 हो जाएगी। इन 50 कंपनियों में सबसे बड़ी संख्या सीआरपीएफ की कंपनियों की होगी, जबकि बाकी कंपनियां बीएसएफ और अन्य सुरक्षाबलों की होंगी। जो अतिरिक्त 50 कंपनी यहां जाएगी उनमें अतिरिक्त 6500 अर्धसैनिक बल होंगे। यहां पहले से ही 40,000 केंद्रीय बल मौजूद हैं।

इसी बीच एक शरणार्थी कैंप में से कुछ व्यक्तियों के अपहरण और हत्या के बाद हिंसा के हालात और भी तेज हो गये। यहां तक कि दोनों समुदायों ने चर्चों और मंदिरों में भी तोड़ फोड़ की और उनको आग भी लगाई। मणिपुर में सरकार बुरी तरह फेल हो चुकी है। इस घटनाक्रम की कुछ हैरान करने वाली बातें हैं। जब ये दंगे भड़के थे तथा ऐसा गृह-युद्ध शुरू हुआ था तो इन्हें न सम्भाल सकने की ज़िम्मेदारी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह पर डाली गई थी। तब ये समाचार भी आने लगे थे कि स्थिति को अच्छी तरह न सम्भाल सकने तथा इस सीमा तक बिगड़ने देने के कारण मुख्यमंत्री से इस्तीफा ले लिया जाएगा, परन्तु अब वहां खतरनाक हालात पैदा हो जाने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया जाना बड़ी हैरानी की बात यह है।

अब जब यह हिंसा खत्म नहीं हो रही तो लोगों ने गुस्से में भाजपा विधायकों, मंत्रियों तथा मुख्यमंत्री तक के घरों पर हमले करने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने वहां के कांग्रेस नेताओं को भी नहीं बख्शा। बात अकेले मणिपुर की नहीं है, बात देश के इस पूरे उत्तर- पूर्वी क्षेत्र की है, जहां पहले ही लगातार गड़बड़ होने के समाचार मिलते रहते हैं। लोग बड़े स्तर पर बंटे हुए दिखाई देते हैं, यहां की निरंतर बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए कोई बड़े यत्न नहीं किए गए। मणिपुर एक छोटा राज्य है, परन्तु इसकी अशांत स्थिति का प्रभाव समूचे देश पर पड़ने से इन्कार नहीं किया जा सकता। राजनीतिक तौर पर मणिपुर में भाजपा की सहयोगी नैशनल पीपुल्स पार्टी ने इससे नाता तोड़ने की घोषणा कर दी है। कुकी समुदाय के भी 7 विधायक भाजपा से संबंधित हैं, परन्तु इसके बावजूद अभी यहां की सरकार के टूटने का कोई बड़ा खतरा नजर नहीं आ रहा, परन्तु सरकार टूटने से भी बड़ा मामला भाईचारा बनाए रखने और शांति स्थापित करने का है, जिसका प्रभाव किसी न किसी रूप में समूचे देश पर पड़ेगा। माहौल को सम्भालने तथा एकसुर करने की ज़िम्मेदारी इस समय भाजपा और केंद्र सरकार की है। विशेष रुप से सरकार को मणिपुर संबंधी अपनी नीतियों पर पुनः सोचने तथा हालात को सुधारने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत होगी।

## संपादकीय

### भारत के सिद्धांतों का विस्तार

ब्राजील के रियो द जनेरियो में हुए जी-20 के दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने बहुत सी उम्मीदें संजोई थीं, लेकिन दुनिया के सामने मौजूद समस्याओं और चुनौतियों के समाधान में सम्मेलन को बहुत अधिक सफलता नहीं मिली। यूक्रेन संघर्ष और गाजा त्रासदी पूरी मानवता के लिएचिंता का विषय बने हुए हैं। सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ जिसमें युद्धरत गाजा के लिए अधिक सहायता और पश्चिम एशिया एवं यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने का आह्वान किया गया है। आशा बंधी थी कि दुनिया के नेता कूटनीति और वार्ता के जरिए गाजा और यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में सफल होंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वास्तविकता यह है कि पिछले दो वर्षों के दौरान परस्पर विरोधी मतभेद इतने बढ़ गए हैं कि बीच का कोई रास्ता खोजने की संभावना बहुत कम हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का जी-20 का आदर्श वाक्य (थीम) 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' उतना ही प्रासंगिक है, जितना पिछले साल था।



लेकिन हकीकत यह है कि धरती बंटी है, परिवार में कलह है, और महत्त्वाकांक्षा के कारण समान भविष्य को नजरंदाज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान के सबसे ज्वलंत मुद्दे को उठाते हुए कहा कि वैश्विक संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के विकासशील और अर्धविकसित देश सबसे अधिक प्रभावित हैं। लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों के नेता युद्ध रोकने की बजाय हथियारों की आपूर्ति करने में लगे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन संघर्ष को रोकने के पक्ष में हैं, लेकिन पश्चिम एशिया में इस्राइल को अधिक समर्थन देने तथा चीन के खिलाफ सख्त आर्थिक और सैनिक रवैया अपनाने के समर्थक हैं। ऐसे में संयुक्त वक्तव्य में युद्धसमाप्त करने का आह्वान मात्र औपचारिकता है। शिखर सम्मेलन की शुरूआत में ब्राजील के राष्ट्रपति लूईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने भूख और गरीबी से लड़ने के अभियान का आह्वान किया। इस अभियान को पहले ही करीब 80 देशों का समर्थन हासिल हो चुका है। जाहिर है कि सम्मेलन की यह एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि इस अभियान का बीज भारत ने पिछले साल जी-20 की अध्यक्षता करते हुए रोपा था। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा के लिए अपनाए गए सिद्धांतों का विस्तार बताया।

## चिंतन-मनन

### उपाय भी ठीक हो

उपाय सम्यप् होना चाहिए। उपाय का बड़ा महत्व होता है। जहां समस्या आती है, आदमी उपाय खोजता है। समाधान तब तक नहीं होता, जब तक उपाय नहीं मिल जाए। उपाय स्वयं भी खोजा जा सकता है और उपाय खोजने के लिए गुरू की शरण या उस विषय को जानने वाले व्यक्ति की शरण भी ली जा सकती है।


कोई संन्यासी था। भीड़ बहुत होती। सभी संन्यासी अपरिग्रही नहीं होते। कुछ संन्यासी बहुत परिग्रह भी रखते हैं। यह अपनी-अपनी परम्परा है। बड़ा आश्रम था। बहुत धन और बहुत लोगों की भीड़। वह परेशान हो गया। गुरू के पास जाकर बोला, गुरूदेव! और तो सब ठीक है, पर एक बड़ी समस्या है। भीड़ बहुत हो जाती है, इतने लोग आते हैं कि मैं अपनी साधना पूरी तरह नहीं कर पाता, समय नहीं मिलता। रात-दिन चक्र-सा चलता है। गुरू ने कहा, तुम एक काम करो, गरीब लोग आएं तो उनको कर्ज देना शुरू कर दो और जो धनवान लोग आएं।

तो उनसे मांगना शुरू कर दो। उपाय हाथ में लग गया। उसने प्रयोग करना शुरू कर दिया-जो निर्धन आते, उन्हें कर्ज देना शुरू किया और धनी आते उनसे धन मांगना शुरू किया। पांच-दस दिन में भीड़ बिल्कुल छंट गई। क्योंकि जिन्होंने कर्ज लिया वे वापस किसलिए आते? सामने आना नहीं चाहते थे, क्योंकि वापस तो देना नहीं था- धनियों से मांगना शुरू किया तो उन लोगों ने सोचा कि अब तो जाना ठीक नहीं है। जाते ही पहले यह होगा कि लाओ-लाओ। भीड़ कम हो गई। उपाय ठीक मिलता है तो दोनों बातें हो जाती हैं। हमारे हाथ उपाय लगना चाहिए।

# अडानी पर लटकती तलबार और दागदार होती सरकार



डॉ. हिदायत अहमद खान




एक तरफ विश्वगुरु बनने की दहलीज पर खड़े भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुयाना में सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जा रहे हैं तो दूसरी तरफ अडानी मामले ने देश की नाक कटाने जैसा संदेश दे दिया है। इसकी जांच और हकीकत जल्द से जल्द सामने आना चाहिए, क्योंकि इस पूरे मामले में देशवासियों के विश्वास का मामला भी जुड़ता है। दरअसल भारत के मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिका में अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। अमेरिका की कोर्ट ने इस मामले में अडानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया है, जिसे लेकर विपक्ष पीएम मोदी पर सीधे हमलावर है। इस मामले में गौतम अडानी और सात अन्य लोगों पर अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी को लेकर अमेरिका की कोर्ट में सुनवाई हुई है। खास बात यह है कि मामला जैसे ही उजागर हुआ अडानी समूह ने अमेरिका में 600 मिलियन डॉलर का बॉन्ड रद्द कर दिया। इस मामले का असर भारत के शेयर बाजार में गुरुवार को देखने को मिला, जबकि मार्केट में भारी गिरावट दर्ज की गई। यही नहीं अमेरिकी अदालत की तरफ से रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने भी अडानी समूह की कंपनियों से सफाई मांगी है।

इससे पहले अडानी मामले को लेकर जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया कि अभियोजकों ने बुधवार को आरोपों की घोषणा की। इसके मुताबिक अडानी समूह ने सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी थी। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग में दर्ज मामले के अनुसार, गौतम अडानी पर कथित रूप से अमेरिकी निवेशकों को धोखा देने और अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप है। अभियोग में कहा गया है कि अडानी और अन्य ने करीब 265 मिलियन डॉलर भारतीय रुपये में करीब 2237 करोड़ की रिश्वत दी। उन्हें उम्मीद थी कि कॉन्ट्रैक्ट मिलने से दो दशक में करीब 2 बिलियन डॉलर यानी करीब 16882 करोड़ रुपये का मुनाफा मिल जाएगा। अब इस मामले को लेकर देश में राजनीति गरमा गई है। विपक्ष ने तो अडानी के बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर ही सीधे निशाना साधना शुरू कर दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि जब इस मामले की जांच शुरू हुई तो इसे रोकने की साजिश भी रची गई। कांग्रेस का कहना है कि यह अजीब बात है कि कांग्रेस लगातार अडानी और इससे जुड़े घपलों की जांच की बात कह रही है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी पूरी ताकत से अडानी को बचाने में लगे हुए हैं। इसकी वजह भी साफ है कि अडानी की जांच होगी तो हर कड़ी पीएम मोदी से जुड़ती हुई दिखाई देगी।

इस मामले में सबसे बड़ा हमला कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह कहते हुए किया है कि देश में मुख्यमंत्री को तो जेल भेजा जा रहा है, लेकिन अडानी का कुछ नहीं हो रहा है। क्योंकि ये बिजनेसमैन पीएम मोदी का पूरा समर्थन करते हैं। इसलिए पीएम मोदी भी लगातार इन्हें बचा रहे हैं। इसी के साथ राहुल गांधी ने मांग करते हुए कहा है कि अडानी को गिरफ्तार किया जाए, लेकिन वो जानते हैं कि उन्हें अरेस्ट नहीं किया जाएगा। इसी के साथ पीएम मोदी को अडानी के कंट्रोल में होने जैसा गंभीर आरोप भी लगाया और कहा कि इस मुद्दे को वो संसद में उठाएंगे। इसी के साथ जिस भी राज्य सरकारों का अडानी ग्रुप के साथ समझौता हुआ है, उसकी जांच भी होनी चाहिए। राहुल गांधी ने इस मामले में जेपीसी से जांच कराए जाने की भी मांग की है। बहरहाल राहुल गांधी यह भी कहते हैं कि अडानी के भ्रष्टाचार की बात हम नहीं कर रहे, बल्कि ये अमेरिकी एजेंसी ने अपनी जांच में बातें कही हैं। अब जो भी दोषी पाया जाता है, उसे सजा मिलनी ही चाहिए।

देश और दुनिया के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी मामले ने सत्ता पक्ष को बिचलित करने जैसा काम कर दिया है, वहीं विपक्ष को मानों संजीवनी मिल गई है। कांग्रेस नेता तो सीधे अडानी के खिलाफ जारी वारंट का जिक्र कर पीएम मोदी को घेरने में लगे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि पहले से ही केंद्र सरकार और अडानी में गहरी सांठगांठ के आरोप लगते रहे हैं, जिसका समय रहते माकूल जवाब भी नहीं दिया गया। अब कांग्रेस के हमलों पर बीजेपी ने भी पलटवार करना शुरू कर दिया है। बीजेपी नेताओं का इस मामले में कहना है कि आरोप लगाने से पहले पढ़ लेना चाहिए। अनावश्यक उत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है। यह तो सभी जानते हैं कि अब ऐसे समय में जबकि अमेरिका से लेकर भारत तक अडानी मामले ने राजनीति को मथ कर रख दिया है, कोई क्योंकर इसका बारीकी से अध्ययन करने की जेहमत करेगा। यह भी सभी मान रहे हैं कि अडानी समूह के साथ सरकारों ने जो दोस्ताना व्यवहार किया वह उद्योगजगत के अन्य टिमटिमाते सितारों के साथ तो कतई नहीं किया गया है। अब सभी को इस मामले की सच्चाई सामने आने का इंतजार है, जिसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। तब तक अडानी की गरदन पर कार्रवाई की तलवार लटकती रहेगी और हमारी सरकार को दागदार कह घेरने का जिम्मा विपक्ष बदस्तूर निभाता रहेगा।

# रोजगार : बदलना होगा नजरिया



प्रह्लाद सबनानी



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य शमिका रवि के हालिया रिसर्च पेपर में कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के संबंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथझसाथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं। यह भी कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है।

किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी, दो अलग-अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18-59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं, जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72-73 प्रतिशत के बीच रही है। बांग्लादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है परंतु भारत में 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आशय ऐसे नागरिकों से है, जो रोजगार तलाश रहे हैं, लेकिन रोजगार मिल नहीं रहा। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा-बहुत परिवर्तन होता रहता है परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं, तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर 0.9-1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है।

आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं। इसलिए देश में रोजगार के नये अवसर निर्मित करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकतीं। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना होगा। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मित करने की कुछ सीमाएं हैं। आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं। 30 वर्ष की उम्र के बाद वे दबाव में आने लगते हैं एवं फिर जो भी रोजगार अवसर मिलता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं। इसलिए 30 वर्ष से अधिक की उम्र के नागरिकों के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है। यह स्थिति हाल के समय में अन्य देशों में भी देखी जा रही है। युवाओं की अपनी नजर में सही रोजगार के अवसर के लिए वे इंतजार करते रहते हैं, अथवा अपनी पढ़ाई जारी रखते हैं।

आज विशेष रूप से भारत में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। युवाओं में कौशल एवं मानसिकता का अभाव एवं केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के अवसर के लिए चुनना ही भारत में श्रम की भागीदारी में कमी के लिए जिम्मेदार तत्व हैं। अधिक डिग्रियां प्राप्त करने वाले युवा रोजगार के अच्छे अवसर तलाश करने में ही लंबा समय व्यतीत कर देते हैं। कम डिग्री प्राप्त एवं कम पढ़े-लिखे नागरिक छोटी उम्र से ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं। यह भी कटु सत्य है कि डिग्री प्राप्त करने एवं वास्तविक धरातल पर कौशल विकसित करने में बहुत अंतर है। आज भी भारत में कई कंपनियों को शिकायत है कि देश में इंजीनीयर्स तो बहुत मिलते हैं परंतु उच्च कौशल प्राप्त इंजीनीयर्स की भारी कमी है। तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन में तथ्य उभर कर आया है कि किसी भी देश के नागरिक जब अधिक उम्र में रोजगार प्राप्त करते हैं, तो उनकी कुल उम्र भर की कुल वास्तविक औसत आय बहुत कम हो जाती है। इसके विपरीत जो नागरिक अपनी उम्र के शुरूआती पड़ाव में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं, उनकी कुल उम्र भर की वास्तविक औसत आय तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। भारत में स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाना चाहिए एवं युवाओं को सरकारी नौकरी की चाहत को छोड़कर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। युवाओं को अपने स्वयं के व्यवसाय प्रारंभ करने के प्रयास भी करने चाहिए।

# सीतापुरः हल्दी के दिन दूल्हा-दुल्हन की मौत


## लड़की के घर में फंदे से लटके मिले शव, परिजनों का आरोप- जीजा ने मारकर लटकाया





**सीतापुर ।** हल्दी की रस्म के बीच दूल्हा-दुल्हन ने जान दे दी। लड़की के घर में दोनों का शव फंदे पर लटका मिला। 25 नवंबर को दोनों की शादी थी। शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए रजिस्ट्रेशन भी करा रखा था। घटना गुरुवार दोपहर सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मिठौरा गांव की है। दूल्हे के मामा सुनील ने बताया- गुड्डू बुधवार रात लड़की के घर गया था। गुरुवार सुबह घर में हल्दी की रस्म चल रही थी। खुशी में परिजन नाच-गा रहे थे। इसी दौरान परिजनों ने देखा कि रुचि के कमरे में उसका और गुड्डू का शव चादर के फंदे के सहारे लटक रहा है। दोनों के पैर जमीन को छू रहे थे। शव की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लड़के के परिजनों ने लड़की के जीजा पर हत्या करके लटकाने का आरोप लगाया है। एसपी साउथ प्रवीन रंजन सिंह ने बताया- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। प्रथम दृष्ट्या मामला सुसाइड का लग रहा है। बरगदिया गांव के गुड्डू (25) का मिठौरा गांव की रुचि (18) से 3 साल से प्रेम संबंध था। दोनों परिवार के लोग रिश्ते के लिए राजी थे। गुड्डू का आए दिन रुचि के घर आना जाना था। गुड्डू मजदूरी करता था। मामा सुनील ने बताया- दोनों परिवारों की रजामंदी से गुड्डू और रुचि की सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत 24 नवंबर को शादी होने वाली थी। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। लेकिन, किसी कारणवश प्रशासन ने विवाह योजना की डेट आगे बढ़ा दी। इसके बाद परिजनों ने 25 नवंबर को गांव के ही मंदिर में शादी करने का निर्णय लिया। सुनील ने बताया- दोनों परिवारों में शादी की रस्म शुरू हो गई थी। गुरुवार को दोनों की हल्दी होनी थी। दोनों परिवारों में तय हुआ था कि लड़की के घर पर ही हल्दी की रस्म होगी। इसके लिए गुड्डू बुधवार रात को ही रुचि के घर पहुंच गया था। गुरुवार सुबह हल्दी की रस्म के बीच दोनों का शव एक ही कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने बताया कि घटना से दो-तीन दिन पहले रुचि के जीजा से गुड्डू का विवाद हुआ था। दरअसल, वह इस शादी के खिलाफ था। लड़के के परिजनों का आरोप है कि रुचि के जीजा ने ही दोनों की हत्या कर शवों का फंदे से लटका दिया, ताकि इसे आत्महत्या का रूप देकर पुलिस को गुमराह किया जा सके। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी दक्षिण प्रवीन रंजन सिंह और महमूदाबाद सीओ सतीश चंद्र शुक्ला मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। एएसपी दक्षिण ने कहा- प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। अब तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई होगी।

## लखनऊ में गर्लफ्रेंड के सामने लगाई फांसी, मौत




**लखनऊ ।** प्रेमिका के सामने प्रेमी ने फांसी लगा ली। इसके बाद प्रेमिका ने भी नींद की गोलियों का ओवरडोज लेकर जान देने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं लड़की युवती को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला पारा इलाके में स्थित एक होटल का है। परिजन और दोस्त तलाशते हुए एक होटल के पास पहुंचे तो युवक की बाइक मिली। होटल में पूछताछ करने पर पता चला की युवक एक लड़की के साथ कमरे में रुका है। दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला तो मास्टर की से लॉक खोला गया। कमरे में युवक पंखे के सहारे प्रेमिका के दुपट्टे से फांसी पर लटका था, जबकि युवती बेड पर बेसुध पड़ी थी। पारा के डॉक्टर खेड़ा का रहने वाला अभिषेक वर्मा (25) और उसकी गर्लफ्रेंड पुरानी डीजल टंकी के सामने होटल क्राउन इन में बुधवार दोपहर पहुंचे थे। देर रात घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिजन और दोस्तों ने इलाके में खोजबीन शुरू की। होटल क्राउन इन के सामने दोस्तों को युवक की बाइक मिली थी। परिजनों का कहना है कि अभिषेक की शादी तय हो चुकी थी। दिसंबर में शादी होनी थी। इसकी जानकारी पर उसकी प्रेमिका ब्लैकमेल करने लगी थी। वह इस सबसे परेशान हो गया था। लड़की ने ही बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर किया है।

# उद्योगों को खड़ा करने के लिये बैंक लोन देने में टालमटोल न करें: जिलाधिकारी




संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में व्यापार और उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की परेशानियों को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र,बाजार में अन्ना पशुओं के घूमने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है इसलिए अभियान चलाकर नगर क्षेत्र में घूमने वाले अन्ना पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर, बाजार में अन्ना पशु घूमते हुए नहीं पाए जाने चाहिए। बाजारों में नियमित रूप से प्राथमिकता के साथ नाली की सफाई, सिल्ट सफाई सहित सिल्ट का उठान होना चाहिए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग किसी भी दशा में ना हो इस पर उद्गम स्थल पर ही प्रवर्तनीय करवाई किया जाए । विद्युत विभाग कैंप लगाकर बिजली से जुड़ी परेशानियों का निस्तारण करे। रोडवेज बस स्टैंड में जाम न लगे इसका खास ख्याल रक्खा जाए। नगर क्षेत्र में एसडीएम ,ईओ सहित पुलिस विभाग संयुक्त तौर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाये। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण देने में टालमटोल ना किया जाए ,न ही अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन निरस्त किए जाए। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं, इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए। बैठक में एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक,एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार,एसडीएम मौदहा राजकुमार गुप्ता, जीएमडीआईसी रवि वर्मा सहित अधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# गोरखपुर में बनेगा हाई-टेक डोमेस्टिक हेजार्डस प्लांट

## 7 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा हाईटेक प्लांट, खतरनाक कचरे का होगा निस्तारण



**गोरखपुर ।** सहजनवा क्षेत्र के सुथनी ग्रामसभा में 40 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड गारबेज सिटी परियोजना के तहत एक अत्याधुनिक डोमेस्टिक हेजार्डस प्लांट की स्थापना की जा रही है। इस प्लांट के निर्माण का मुख्य उद्देश्य घरेलू खतरनाक कचरे का सुरक्षित निपटान और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। परियोजना के तहत भूमि पूजन संपन्न हुआ। प्लाजा तकनीक पर आधारित इस प्लांट का निर्माण, संचालन और रखरखाव श्उद्ध फैसेलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक फर्म को सौंपा गया है। भूमि पूजन के दौरान फर्म की डिप्टी उ‌एड नीतिका पाण्डेय ने बताया कि एक साल के भीतर प्लांट का संचालन शुरू हो जाएगा। करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाला यह प्लांट प्रतिदिन 5 टन घरेलू खतरनाक कचरे का निपटान करेगा। नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय चौहान ने बताया कि यह परियोजना गोरखपुर को ह्गारबेज फ्री सिटीह्व का दर्जा दिलाने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी। इसके अलावा, प्लांट कचरे के सुरक्षित निपटान, रिसाइक्लिंग और पर्यावरण संरक्षण के साथ मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। घरेलू खतरनाक कचरा उन उत्पादों से बनता है, जो विषैले, ज्वलनशील या विस्फोटक होते हैं। इनमें पेंट, पेंट थिनर, कीटनाशक, उर्वरक, गैसोलीन, बैटरी, फर्नीचर पॉलिश, ड्रेन ओपनर और ओवन क्लीनर जैसे पदार्थ शामिल हैं। इनका अनजान तरीके से उपयोग न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इन उत्पादों के सुरक्षित निपटान के अभाव में ये मिट्टी, जल और वायु को प्रदूषित कर सकते हैं। फर्म की डिप्टी उ‌एड नीतिका पाण्डेय ने कहा कि प्लांट का निर्माण एक साल के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण के बाद अगले दो वर्षों तक फर्म को इसके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह प्लांट गोरखपुर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की दिशा में एक नई क्रांति लेकर आएगा। मुख्य अभियंता संजय चौहान के मुताबिक, यह प्लांट पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। घरेलू खतरनाक कचरे का सुरक्षित निपटान न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि रिसाइक्लिंग और कचरे से संसाधन पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया को भी बढ़ावा देगा। परियोजना के तहत सटीक निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे कचरा प्रबंधन को पूरी तरह वैज्ञानिक और प्रभावी बनाया जा सके।

## लखनऊ में कार ने स्कूटी को आधा किमी घसीटा




**लखनऊ ।** एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। घटना के बाद स्कूटी कार के बोनट में फंस गई, जिसे कार सवार आधा किलोमीटर तक घसीट कर ले गया। घटना एफअईआर इलाके में आउटर रिंग रोड किसान पथ पर हुई। बाइक सवार अन्य युवकों ने कार का पीछा कर वीडियो बना ली और पुलिस को सूचना दी। मौके पर कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी प्रभारी प्रभात बलियान, रजित मिश्रा और कॉन्स्टेबल शिवम चौधरी टीम के साथ पहुंचे। कार सवार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

# छह साप्ताहिकी उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम शुभारंभ




संवाददाता

**कुशीनगर।** सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, ईडीआईआई, अहमदाबाद के शाखा कार्यालय द्वारा कुशीनगर स्थित वत्स कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में छः साप्ताहिकी उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनको उद्यमिता के मुख्य विषयों जैसे- उद्यमि. के गुण, उद्यमी बनने के लाभ, उद्यम अवसरों की पहचान एवं उनका चयन, उद्यम स्थापित करने की प्रक्रिया, समस्या समाधान, विपणन, किस कार्य के लिए किससे मिले , के.वी.आई.बी के.वी.आई.सी एवं जिला उद्योग केन्द्र बैंक आदि के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाएं, ऋण प्रक्रिया, उपलब्धि प्रेरणा, कार्यशील पूंजी प्रबंधन, लेखा एवं आय प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, कुशीनगर के सहायक प्रबंधक श्री के एम पांडेय ने अपने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित वत्स इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के निदेशक मनोज कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण चला रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप ई.डी.आई.आई. द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का पूरा लाभ उठा सकेंगे और अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने पूर्व में अपने यहां आयोजित इसी प्रकार के कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि ईडीआईआई बार अकाउंटेंसी पर आधारित कार्यक्रम चलाया गया था। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले कई प्रतिभागियों ने अपना स्वयं का कार्य शुरू कर दिया है, जिन्हें मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। इसी प्रकार आप भी सफल हों। यही मेरी कामना है। ई.डी.आई.आई. के परियोजना अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि परंपरागत रूप से शिक्षा प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों को नौकरी मिलना काफी कठिन होता है। ऐसे में स्वरोजगार करके हम न केवल अपने लिए रोजगार सृजित करेंगे बल्कि दूसरों को भी रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। वही इस कार्य में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ईडीआईआई के महानिदेशक प्रोफेसर सुनील शुक्ला जी का पैतृक निवास भी कुशीनगर जिले में है और उनका हमेशा से प्रयास रहा है कि हमारे देश और प्रदेश के साथ-साथ कुशीनगर के लोग भी अधिक से अधिक उद्यमिता को अपनाएं और स्थानीय स्तर पर स्थानीय संसाधनों के माध्यम से स्वरोजगार विकसित करें। इससे युवाओं का पलायन रोकने में भी मदद मिलेगा।

## संक्षिप्त डायरी

### गैंगस्टर एक्ट के तीन गुनाहगारों को चार-चार साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

संवाददाता


एडीजीसी- सुशील कुमार त्रिपाठी

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में 2008 में दर्ज हुये गैंगस्टर एक्ट के मामले में जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पथखुरी निवासी अभियुक्त देवेन्द्र, हरसहाय सहित प्रमोद को हमीरपुर के एफटीसी फर्स्ट गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने चार- चार साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का किया जुमार्ना, जबकि इस मामले की जांच फतेहपुर डीसीआरबी के तत्कालीन एस आई रमेश चन्द्र ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। गौरतलब है कि जरिया थाना क्षेत्र ग्राम पथखुरी निवासी अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र बाबूराम, हरसहाय पुत्र रामकुमार दर्जी सहित प्रमोद पुत्र जगराम अहिरवार के खिलाफ गिरोह बनाकर अपने साथियों के भौतिक और आर्थिक फायदे के लिये आम लोगों में डर और खौफ पैदा करने के मामले में जरिया थाने में अ०सं०-1475/2008 धाराझ2/3 गैंगस्टर के तहत 23 अक्टूबर 2008 को मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 20 नवंबर 2024 को हमीरपुर की एफटीसी फर्स्ट गैंगस्टर कोर्ट के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने तीनों अभियुक्तों को गुनाहगार मानते हुये चार-चार साल की सख्त सजा के साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का किया जुमार्ना। जबकि गैंगस्टर एक्ट के इस संगीन मामले में अभियोजन की तरफ से दमदार पैरवी करते हुये एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी ने अदालत से तीनों अभियुक्तों को सख्त सजा देने की मांग की थी।

### चार साल की सख्त सजा के साथ ही ग्यारह हजार का हुआ जुमार्ना




संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सदर कोतवाली में अ०सं०-290/2022 धाराझ376,450,323,506 आईपीसी सहित 3(2)5,3(1)द एससीएसटी एक्ट में रमेड़ी डाडां निवासी अभियुक्त किशन यादव पुत्र गनेश यादव के खिलाफ 20 सितंबर 2022 में पीड़ित के घर में घुसकर जातिसूचक लफ़्जों के इस्तेमाल के साथ ही जान से मारने की धमकी देने के मामले में दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कंविक्शन के तहत 20 नवंबर 2024 को हमीरपुर की एससीएसटी एक्ट अदालत के स्कालर जज सुशील कुमार खरवार ने अभियुक्त किशन यादव को धारा-452,323,506 आईपीसी सहित 3(2)5, एससी/एसटी एक्ट के तहत गुनाहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही ग्यारह हजार रुपये का किया जुमार्ना। हालांकि इस मामले की जांच पूरी करते हुये तत्कालीन सीओ सदर रवि प्रकाश ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं अभियोजन की तरफ से इस मामले की जबरदस्त पैरवी करते हुये विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने अदालत से अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

### हमीरपुर की जरिया पुलिस ने अवैध असलहे के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की जरिया पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम कछवाकलां निवासी 24 वर्षीय अभियुक्त हिमांशु पुत्र कैलाश राजपूत, जबकि 27 वर्षीय अभियुक्त रामनरेश पुत्र चन्द्रशेखर राजपूत को एक अवैध देशी तमंचा, जबकि 3 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पकड़े गये दोनों अभियुक्तों के खिलाफ जरिया थाने में मु०अ०सं० 298/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जबकि अदालत ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। जबकि दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से दिलीप श्रीवास्तव, एस आई रोहित यादव सहित हैड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### मदद कर 5 साल की बच्ची की बचाएं जानः पिता ने लोगों से की अपील



**बस्ती ।** बनकटी स्थित देउमी गांव के पंकज कुमार अपनी पांच साल की बेटी की जान बचाने के लिए भटक रहे हैं। बिटिया गंभीर किडनी की बीमारी से जूझ रही है। अब तक के इलाज में पंकज की सारी जमा-पूंजी खत्म हो चुकी है। आर्थिक तंगी से बेहाल पिता ने अब लोगों और सरकार से मदद की गुहार लगाई है। बिटिया की हालत दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। इलाज के लिए मेरे पास अब एक भी पैसा नहीं बचा। मुख्यमंत्री और सभी लोगों से बिनती करता हूं कि मेरी बच्ची को बचाने में मदद करें,ृ पंकज ने रुंधे गले से कहा। पंकज की बेटी पिछले तीन साल से किडनी की गंभीर समस्या से जूझ रही है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि छह महीने तक दिल्ली में अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। इस दौरान बच्ची का डायलिसिस भी हुआ। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज, एम्स, और लखनऊ जैसे बड़े अस्पतालों में इलाज कराने के बाद भी कोई खास सुधार नहीं हुआ। अब डॉक्टरों ने दिल्ली रेफर कर दिया है। पंकज बताते हैं कि सबसे पहले बच्ची का इलाज जिला अस्पताल में शुरू हुआ था। यहां हालत बिगड़ने पर उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज और फिर एम्स भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुमित वुड्स लिमिटेडने क्यू2 एफवाय25 में एकीकृत शुद्ध लाभ में 171 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी

**मुंबई , एजेसी।** सुमित वुड्स लिमिटेड जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय और सामुदायिक स्थानों के निर्माण में समर्पित है, ने क्यू2 एफवाय25 के लिए अपने अप्रत्यक्ष वित्तीय परिणामों की घोषणा की। सुमित वुड्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मिताराम जांगिड ने कहा, मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने इस तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जो हमारी केंद्रित रणनीति और प्रमुख प्रकल्पों में निरंतर सफलता को दर्शाता है। हमारी आय और लाभ में वृद्धि सुमित अतुल्यम जैसे रणनीतिक प्रकल्पों की सफलता के परिणामस्वरूप हुई है, और प्रभादेवी और दत्तानी ट्रेड सेंटर में हमारे नए प्रकल्पों के आसपास सकारात्मक घटनाक्रमों के कारण हुई है। ये मील के पत्थर यह दर्शाते हैं कि हम लगातार मूल्य सृजन करने और वृद्धि के लिए नए अवसरों को खोलने में सक्षम हैं। प्रमुख प्रकल्पों की समाप्ति और आर्केन्सिएल के लिए ऑक्युपन्सी सर्टिफिकेट और सुमित चल्क्र परम के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र जैसे महत्वपूर्ण अनुमोदनों की प्राप्ति यह साबित करती है कि हम समय पर गुणवत्ता वाले प्रकल्प देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रभादेवी और दत्तानी जैसे उच्च-मूल्य पुनर्विकास प्रकल्पों के लिए विकसक के रूप में चयन होना रियल एस्टेट क्षेत्र में हमारी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करता है।

### फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड ने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**चेन्नई, एजेसी।** फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड एक क्रिएटिव विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो, ने एच1 एफवाय 2024-25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी- फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री बेजॉय अर्पुथराज ने कहा, फैंटमएफएक्स में हमने जो उल्लेखनीय प्रगति और वृद्धि हासिल की है, उस पर मुझे अत्यधिक गर्व है। इस छमाही में कंपनी के लिए एक परिवर्तनकारी समय रहा है, जिसमें राजस्व में 92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 79 करोड़ तक पहुंच गया है– जिसमें से 35 करोड़ एच1 में प्राप्त हुए, जबकि शेष 44 करोड़ की बिलिंग II2 में अपेक्षित है। हम एफवाय 23-24 के हमारे प्रदर्शन के अनुरूप सतत परिचालन मार्जिन बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

### इंस्पायर फिल्म्स ने एच1 एफवाय25 के परिणामों की घोषणा की

**मुंबई , एजेसी।** इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड जो कि एक प्रमुख कंटेंट क्रिएशन और प्रोडक्शन कंपनी है, ने एच1 एफवाय25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 20-एपिसोड रोमांस ड्रामा के लिए वैश्विक ओटीटी सौदा प्राप्त- डिजिटल मनोरंजन में रणनीतिक विस्तार, एक बेस्टसेलिंग उपन्यास की लोकप्रियता का लाभ उठाकर वैश्विक दर्शकों तक पहुंचने की कोशिश। भारतीय प्रसारण नेटवर्क के साथ प्रमुख वितरण सौदा- एक प्रमुख जीईसी पर प्रसारित होने वाली तीन वेब श्रृंखलाएं, विविध शैली की पेशकशों के माध्यम से इंस्पायर फिल्म्स के राजस्व और दर्शकों के आधार को बढ़ाएंगी। फ्रेश मिंट भारत की युवा पीढ़ी को संबंधित कहानियों और विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर नए राजस्व अवसरों के साथ लक्षित करता है।

# टाटा पावर ने पड़ोसी देश की कंपनी से की डील, क्लीन एनर्जी पर मिलकर करेंगे काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा पावर ने भूटान में 5,000 मेगावाट की क्लीन एनर्जी कैपिसिटी के डेवलपमेंट के लिए एक बड़ी डील की है। यह डील भूटान की कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ की गई है। बता दें कि डीजीपीसी, ड्रुक होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड की सब्सिडयरी है। यह भूटान की एकमात्र बिजली उत्पादन कंपनी है।

टाटा पावर ने कहा कि यह एशिया के क्लीन एनर्जी सेक्टर में दोनों देशों की दो प्रमुख बिजली कंपनियों के बीच सबसे बड़ी साझेदारी है। इस डील के तहत कम-से-कम 5,000 मेगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट विकसित की जाएंगी। इसमें 1,125 मेगावाट क्षमता की डोरजिलुंग जलविद्युत परियोजना सहित 4,500 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, टाटा पावर की सब्सिडयरी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड 500 मेगावाट की




सोलर प्रोजेक्ट्स (टीपीआरईएल) विकसित करेगी।

टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा- टाटा पावर की ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन के साथ साझेदारी क्षेत्र में पसंदीदा क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट के रूप में हमारी साख को मजबूत करती है। हम मिलकर 5,000 मेगावाट की क्लीन एनर्जी कैपिसिटी सृजित करेंगे। यह पार्टनरशिप भूटान की जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने में मदद करेगी और भरोसेमंद तथा 24 घंटे क्लीन एनर्जी आपूर्ति के जरिये दोनों देशों की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करेगी।

बता दें कि टाटा पावर का 2008 से डीजीपीसी के साथ एक लंबे समय से संबंध रहा है। उस समय दोनों कंपनियां भूटान के जलविद्युत क्षेत्र में पहली सार्वजनिक-निजी भागीदारी के रूप में 126 मेगावाट क्षमता की दगाछू जलविद्युत संयंत्र को सफलतापूर्वक विकसित करने के लिए साथ आई थीं। टाटा पावर के पास 1,200 किलोमीटर लंबी टाला ट्रांसमिशन लाइन परियोजना भी है। कंपनी इसके जरिये भूटान से भारत तक स्वच्छ बिजली पहुंचाती है।

**टाटा पावर के शेयर का हाल**

बीते कुछ समय से टाटा पावर के शेयर में उतार-चढ़ाव का माहौल है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को टाटा पावर के शेयर 0.83 प्रतिशत बढ़कर 408.10 रुपये पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 417.80 रुपये पर पहुंच गए। 27 सितंबर 2024 में शेयर की कीमत 494.85 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

## ''एक घर मकान से कहीं बढ़कर होता है''– 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में अपने सपनों का घर खोज रहीं हैं आस्था गिल

**मुंबई , एजेसी।** पॉप म्यूजिक की बेहद टैलेंटेड सनसनी आस्था गिल अपने सपनों का घर खरीदने के मिशन पर है। इस मिशन में उन्हें अपने दर्शकों का साथ भी मिल रहा है, क्योंकि उसका चुनाव वह सोनी लिव के शो 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में कर रही हैं। यह सिंगर-सॉन्गराइटर, जोकि अपने चार्ट-टॉपिंग हिट्स के लिये मशहूर है, अब लक्जरी रियल एस्टेट की दुनिया की खोज कर रही हैं। उन्हें अपने सपनों के घर की डील पक्की होने की पूरी उम्मीद है। आस्था ने रोमांचित होकर कहा, ''घर सिर्फ वह चार दीवारें नहीं हैं, जिन पर छत टिकी होती है। घर में यादें बनती हैं और वह प्यार तथा सुख देने वाला एक स्वर्ग होता है। मैं अपने लिये परफेक्ट जगह, यानि सपनों के घर की तलाश में हूं। और 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' ने मेरे पूरे अनुभव को निजी और शानदार एहसास दिया है। मुझे लगा ही नहीं कि मैं किसी शो में हूं; ऐसा लगा जैसे मैं असल में इन बेहतरीन घरों का दौरा कर रही हूं। मैं जल्दी से जल्दी अपनी मां को यह शानदार घर दिखाकर उनकी प्रतिक्रिया देखना चाहती हूं।''

घरों में सोच-समझकर तैयार की गई हर चीज और स्टोरेज के शानदार समाधानों ने आस्था को खासतौर पर आकर्षित किया। उन्होंने रियल्टर नवदीप की भी जमकर तारीफ की, जिनकी विशेषज्ञता और अपनेपन ने आस्था पर गहरा असर डाला। ''शो में निजी तौर पर नवदीप के काम को देखना प्रेरक रहा- मैं पहले से कहीं ज्यादा प्रभावित हूं!''

## भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी प्रतिष्ठित शाखा की शताब्दी विरासत और उत्कृष्टता का जश्न मनाया

**मुंबई , एजेसी।** भारतीय स्टेट बैंक की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हुए, भारत की माननीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण ने एसबीआई की प्रतिष्ठित हॉर्निमैन सर्किल शाखा की शताब्दी के उपलक्ष्य में विशेष रूप से ढाले गए 100 के स्मारक सिक्के का अनावरण किया। सिक्के के लॉन्च के साथ-साथ, उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के विकास के 5वें संस्करण का भी अनावरण किया, जिसमें 1981 से 1996 के बीच बैंक की यात्रा के परिवर्तनकारी युग का वर्णन किया गया है। इस कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, श्री एम. नागराजू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, निरमला सीतारमण ने कहा, एसबीआई की उल्लेखनीय यात्रा, जो अपनी प्रतिष्ठित शाखा के शताब्दी समारोह के साथ समाप्त हो रही है, विकास और सेवा की एक असाधारण विरासत को दर्शाती है। 1920 के विलय के समय 100 शाखाओं से लेकर आज 22,640+ शाखाओं तक, वित्त वर्ष 2025 में 500 और जोड़ने की योजना के साथ, एसबीआई अपनी पहुंच का विस्तार करना जारी रखता है। एसबीआई का योगदान आंकड़ों से कहीं आगे जाता है - इसने अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक को अपनाकर और वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करके भारत के बैंकिंग परिदृश्य को बदल दिया है। परंपरा को आधुनिकता से जोड़ने की इसकी यात्रा विरासत शाखाओं के संरक्षण में परिलक्षित होती है, जबकि इसके प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म, जैसे कि योनो, वैश्विक मंच पर भारत की फिनटेक क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

## 25 नवंबर से खुल रहा है पावर कंपनी का यह आईपीओ

**अभी से ही 50 प्रीमियम पर पहुंचा शेयर, चेक करें प्राइस बैंड**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ में दांव लगाने वालों के लिए एक और मौका आ रहा है। अगले सप्ताह से एक एसएमई कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए ओपन होगा। यह आईपीओ - अहमदाबाद स्थित राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड का है। कंपनी का यह इश्यू 25 नवंबर को निवेश के लिए खुलेगा और 27 नवंबर को बंद होगा। इसके लिए प्राइस बैंड 335 रुपये तय किया गया है। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर अभी से ही 50 रुपये प्रीमियम पर उपलब्ध हैं। इसका मतलब है कि यह शेयर लिस्टिंग पर 15 प्रतिशत तक का मुनाफा करा सकता है। 1971 की इस कंपनी के पास 160.47 करोड़ रुपये का बुक बिल्ट इश्यू है। ऑफर का फेस वैल्यू प्रति शेयर 10 रुपये है। इश्यू का प्राइस बैंड 320 रुपये से 335 रुपये प्रति शेयर है। सार्वजनिक पेशकश का लॉट आकार 400 शेयरों का है। यह आईपीओ 2,790,000 शेयरों का एक बिल्कुल फ्रेश इश्यू है। यह ताजा इश्यू 93.47 करोड़ रुपये बनता है। आवंटन की संभावित तारीख गुरुवार, 28 नवंबर है। रिफंड की शुरुआत उसी सप्ताह, शुक्रवार, 29 नवंबर को होगी। शेयर शुक्रवार, 29 नवंबर को निवेशकों के डीमैट खातों में जमा किए जाएंगे। 2 दिसंबर को लिस्टिंग होने का अनुमान है। करीबन 53 सालों के इतिहास के साथ राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड राज्य ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों और निजी उपयोगिताओं, उद्योगों, भूमिगत बिजली ट्रांसमिशन और बुनियादी ढांचे ईपीसी क्षेत्र को परामर्श प्रदान करता है।

## फिनो बैंक ने घरेलू बचत को बढ़ावा देने के लिए "गुल्लक" बचत खाते का अनावरण किया

**रीवा ।** बैंकिंग को आसान, सरल और सुविधाजनक बनाने के बाद, फिनो पेमेंट्स बैंक अब ग्राहकों की बचत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ग्राहकों के लिए अधिक मूल्य बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, फिनो बैंक ने आज ÷गुल्लक÷ नामक एक नया बचत खाता का अनावरण करने की घोषणा की है, जो ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई लाभ प्रदान करता है और उनकी बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। कोई भी व्यक्ति फिनो बैंक के मध्य प्रदेश राज्य में फैले लगभग 87000 मर्चेंट पॉइंट्स पर जाकर गुल्लक खाता खोल सकता है और इसके लाभों का आनंद ले सकता है। केवल 1000 रुपये के न्यूनतम बैलेंस के साथ, गुल्लक खाताधारक को कोई वार्षिक योजना शुल्क नहीं देना होगा, उन्हें नकद जमा करने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा, गैर-मेट्रो स्थानों में 7 मुफ्त एटीएम ट्रांजेक्शन का लाभ मिलेगा और रुपे (ऋह्लक्षड्ड4) डेबिट कार्ड पर विशेष ऑफ़र मिलेंगे। एक रोमांचक सुविधा यह है कि कुछ शर्तें पूरी करने पर न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता भी माफ की जा सकती है।

## लिस्टिंग के साथ ही कल इन निवेशकों को होगा 5 गुना तक फायदा !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रक ऑपरेटरों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस के शेयर 21 नवंबर यानी कल गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होने के लिए तैयार हैं। कंपनी के इश्यू को तीन दिन में 1.86 गुना सब्सक्राइब किया गया। इस 1,115 करोड़ रुपये के आईपीओ का प्राइस बैंड 259-273 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी के शेयरों की पॉजिटिव लिस्टिंग की उम्मीद है। इसी के साथ शुरुआती निवेशकों को इससे पांच गुना तक का तगड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

**क्या है डिटेल**

जिंका के शुरुआती निवेशकों में क्विकराउट्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड शामिल है, जिसने 2015 में 52.04 रुपये प्रति शेयर की औसत अधिग्रहण लागत पर निवेश किया था। इसके अलावा अन्य एक्सेल इंडिया (2015 में 62.71 रुपये), सैंड्स कैपिटल (132.09 रुपये), इंटरनेट फंड पीटीई (69.07 रुपये) और पीक ङ्गङ्ख (2018 में 308.98 रुपये) ने निवेश किया था

एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, शेयर बिक्री में 4,19,40,018 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जबकि बिक्री के लिए 2,25,67,270 शेयरों की पेशकश की गई थी। क्यूआईबी के हिस्से को 2.76 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जबकि रिटेल निवेशकों की कैटेगरी को 1.65 गुना सब्सक्राइब किया गया था। गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत सब्सक्राइब किया गया था। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मंगलवार को एंकर निवेशकों से 501 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए थे। 13 से 18 नवंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

# ईएसआईसी से जुड़े 20.58 लाख श्रमिक, पहली बार नौकरी पाने वालों में युवाओं की अच्छी संख्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम से 20.58 लाख नए श्रमिक जुड़े हैं। इनमें 10.5 लाख युवा हैं, जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम है। इस लिहाज से माना जा सकता है कि पहली बार नौकरी पाने वालों में युवाओं की संख्या भी काफी अच्छी रही है। युवाओं की संख्या कुल रजिस्टर्ड हुए श्रमिकों की संख्या का 48.83 प्रतिशत है।

बीते वर्ष की समान अवधि में 18.88 लाख श्रमिक ईएसआईसी में रजिस्टर हुए थे। इस लिहाज से सालाना आधार पर भी 1.70 लाख श्रमिकों की संख्या बढ़ी है। महिलाओं के हिसाब से देखा जाए तो सितंबर में 3.91 लाख महिलाएं ईएसआईसी में रजिस्टर हुई हैं, जिनमें बड़ी संख्या उन युवा




महिलाओं की है जिन्होंने पहली बार नौकरी शुरू की है। वहीं, 64 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराया है।

ध्यान रहे कि ऐसे कर्मचारी, जिनका मासिक वेतन 21 हजार रुपये से कम हो वो सभी कर्मचारी ईएसआईसी से जुड़ने के पात्र होते हैं। ईएसआईसी से जुड़ने वाले संगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

### बैटरी, चार्जिंग सेवा पर जीएसटी दर कम हों

इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी कम करने की जरूरत है। उद्योग मंडल फिक्की इलेक्ट्रिक वाहन समिति की चेयरपर्सन सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने ईवी पर फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर बिजलीचालित वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ई-ड्राइव कोष को बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ईवी पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि बैटरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। इसे घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए, ताकि जब उपभोक्ता बैटरी बदले तो यह अधिक किफायती हो।

## 6 महीने में 565 प्रतिशत चढ़ गया यह शेयर, अब बोनस शेयर बांटने की तैयारी में कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सटाइल प्रॉडक्ट्स बिजनेस से जुड़ी कंपनी पदम कॉटन यार्न्स अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर का तोहफा देने की तैयारी में है। कंपनी की बोर्ड बैठक 27 नवंबर 2024 को होनी है। इस मीटिंग में ही पदम कॉटन यार्न्स का बोर्ड बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। बोनस शेयर इश्यू किए जाने से पहले मंगलवार को पदम कॉटन यार्न्स के शेयर बीएसइ में 2 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 213.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने मंगलवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 32.02 रुपये है।

**6 महीने में 565 प्रतिशत उछल गए कंपनी के शेयर**

पदम कॉटन यार्न्स के शेयर पिछले 6 महीने में 565 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं। टेक्सटाइल प्रॉडक्ट्स बिजनेस से जुड़ी कंपनी पदम कॉटन यार्न्स के शेयर 21 मई 2024 को 32.06 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213.30 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 3 महीने में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में 270 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 19 अगस्त 2024 को 57.73 रुपये पर थे। टेक्सटाइल कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213 रुपये के ऊपर बंद हुए हैं।

**3 साल में कंपनी के शेयरों में 2400 प्रतिशत से अधिक की तेजी**

पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में पिछले 3 साल में 2403 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 18 नवंबर 2021 को 8.52 रुपये पर थे। पदम कॉटन यार्न्स के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213.30 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 2 साल में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में 1573 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 17 नवंबर 2022 को 12.75 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 213 रुपये के ऊपर बंद हुए हैं। पिछले 4 साल में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में 3750 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी का मार्केट कैप 100 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

# अब एसएमई आईपीओ पर दांव लगाना होगा मुश्किल, सेबी ने बनाया तगड़ा प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप एसएमई आईपीओ पर दांव लगाते हैं तो ये खबर आपके लिए किसी झटके से कम नहीं है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को स्स्क्ष आईपीओ के लिए न्यूनतम एप्लीकेशन साइज को मौजूदा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये तक करने का प्रस्ताव दिया है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि केवल पर्याप्त जोखिम लेने तथा निवेश की क्षमता वाले निवेशक ही आवेदन कर सकें।

**सेबी ने क्या कहा**

सेबी की ओर से जारी प्रस्ताव में कहा गया- यह देखा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में एसएमई आईपीओ में रिटेल निवेशकों की भागीदारी बढ़ी है। एसएमई आईपीओ में रिस्क ज्यादा होता है और शेयरों की लिस्टिंग के बाद सेंटिमेंट बदलने पर निवेशक फंस जाते हैं। ऐसे में छोटे रिटेल निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एप्लीकेशन का साइज बढ़ाने का प्रस्ताव है।

बाजार नियामक सेबी ने एसएमई आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए अलॉटमेंट पद्धति में बदलाव का भी प्रस्ताव दिया है। सेबी ने एसएमई आईपीओ में ऑफर




फॉर सेल को इश्यू साइज के 20 प्रतिशत तक सीमित करने का भी प्रस्ताव दिया है। सेबी ने कहा कि एसएमई एक्सचेंज की स्थापना का उद्देश्य जरूरतमंद छोटे और मध्यम उद्यमों को उनके विकास के लिए फंड उपलब्ध कराना था। सेबी ने कहा- यह देखा गया है कि प्रस्तावित आईपीओ के प्रमोटर ने अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है जो एसएमई प्लेटफॉर्म बनाने का उद्देश्य नहीं था। सेबी ने 20 करोड़ रुपये से अधिक के इश्यू के लिए फंड इस्तेमाल की कड़ी निगरानी का भी प्रस्ताव दिया। नियामक ने यह भी प्रस्ताव दिया कि मर्चेंट बैंकरों को दी जाने वाली फीस का खुलासा एसएमई आईपीओ के प्रॉस्पेक्टस में किया जाना चाहिए।

आईपीओ आंकड़े बताते हैं कि एसएमई आईपीओ में दो ऑफर फॉर सेल एसएमई आईपीओ थे। इसका मतलब है कि ऑफर फॉर सेल में पूरी तरह से प्रमोटर्स अपनी हिस्सेदारी बेचकर पैसे जुटाते हैं। वहीं, कुल 52 आईपीओ में से 30 में ऑफर फॉर सेल का हिस्सा कुल साइज का 20 प्रतिशत से अधिक था।

## विश्व बैंक की शाखा आईडीए की मदद के लिए 4 अरब डॉलर देगा अमेरिका, बाइडन ने एक्स पर दी यह जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विश्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय विकास संघ की मदद करने के लिए अगले 3 वर्षों में 4 अरब अमरीकी डालर देने एलान किया है।

एक्स पर एक पोस्ट में, बाइडन ने कहा, इस सप्ताह मैं विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा के साथ यह घोषणा करने में शामिल हुआ कि संयुक्त राज्य अमेरिका आईडीए की जरूरतों को फिर से पूरा करने के लिए 3 वर्षों में चार अरब अमेरिकी डॉलर देने का वचन देगा। आईडीए विश्व बैंक की वह शाखा है, जो कमजोर देशों की मदद करती है। हम दूसरों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी प्रतिज्ञाओं को आगे बढ़ाने में हमारा साथ दें।

अंतरराष्ट्रीय विकास संघ विश्व बैंक का हिस्सा है जो कम आय वाले देशों की मदद करता है। 1960 में स्थापित, आईडीए विश्व बैंक की मूल ऋण शाखा, अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक ( का पूरक है। आईडीए की वेबसाइट पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इसके अनुदान और कम ब्याज वाले ऋण देशों को अपने भविष्य में निवेश करने और जीवन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं जिससे अधिक समृद्ध समाज का निर्माण होता है।

आईडीए दुनिया के 78 कम आय वाले देशों के लिए सहायता के सबसे बड़े स्रोतों में एक है और इन देशों में बुनियादी सामाजिक सेवाओं के लिए निधि का सबसे बड़ा स्रोत है। आईडीए रियायती शर्तों पर जरूरतमंद देशों को पैसा उधार देता है।

# 40 करोड़ की लागत से मॉडल अस्पताल का निर्माण

## समस्तीपुर में जल्द मिलेगी सुविधा, कार्य एजेंसी विभाग को सौंपेगी मैटर्निटी सेंटर


**समस्तीपुर ।** मरीजों को बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच पटना व डीएमसीएच दरभंगा नहीं जाना पड़े इसके लिए सदर अस्पताल परिसर में चाइल्ड एंड मैटरनिटी सेंटर बन रहा है। करीब 33 करोड़ की लागत से 100 बेड वाले सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। करीब 40 करोड़ की लागत से मॉडल अस्पताल का निर्माण काम चल रहा है। लेकिन, दोनों योजनाओं की गति धीमी है। लोगों को इसका फायदा कब मिलेगा इस सवाल पर स्वास्थ्य विभाग सिविल सर्जन पर बचते नजर आते हैं। हालांकि, वह कहते हैं जल्द ही लोगों को इसका फायदा मिलने लगेगा। सदर अस्पताल परिसर में करीब 33 करोड़ की लागत से 100 बेड की सुविधा वाला चाइल्ड एंड मैटर्निटी सेंटर बनकर लगभग तैयार हो चुका है। तीन महीना पहले ही इसे विभाग को सौंपि जाने की बात बताई गई थी। लेकिन तकनीकी कारणों से इस सौंपा नहीं जा सका। अब कार्य एजेंसी जनवरी 2025 तक इसे विभाग को सौंपने की तैयारी कर रहा है। सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने बताया कि भवन बन कर तैयार हो चुका है। अंदर कुछ उपकरण लगाया जा रहा है। जिसे लगाए जाने में दो से तीन महीने का समय लग सकता है। जिसके बाद निर्माण एजेंसी इसे सौंपेगी। कुपोषित मां और बच्चों को बेहतर उपचार के लिए अब डीएमसीएच और पीएमसीएच जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहतर से बेहतर सुविधा सदर अस्पताल में ही उपलब्ध हो जाएगी। अभी गंभीर रूप से बीमार



मां और शिशु को बेहतर उपचार के लिए डीएमसीएच और पीएमसीएच रेफर कर दिया जाता है। केंद्र के शुरू होने के साथ ही भवन में स्पेशल चाइल्ड केयर यूनिट के साथ, पिकू वार्ड को भी इसी भवन में शिफ्ट किया जाएगा। यहां आईसीयू की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। इसी भवन में पैथोलॉजी जांच को भी शिफ्ट करने की तैयारी है। सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल बनाने का निर्माण कार्य चल रहा है। 40 करोड़ की लागत से बनने वाले इस अस्पताल की आधार शिला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2020 में रखी थी। भवन को एक वर्ष के अंदर बन कर तैयार होना था। लेकिन करीब चार साल गुजरने के बाद भी सिर्फ अस्पताल का बेसमेंअ ही बन पाया है। जिससे माना जा रहा है कि अभी इस अस्पताल के बनने में अभी दो से तीन सालों का समय लग सकता है। अस्पताल में 500 बेड होगा। जहां एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी प्रकार की सुविधा मिलेगी। एक ही छत के नीचे लेबर रूम, ओटी, पेइंग वार्ड, लिफ्ट, रैंप का निर्माण कराया जाएगा। सदर अस्पताल के डेवलपमेंट होने पर मरीजों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। सीएस ने बताया कि लिफ्ट और रैंप बन जाने के बाद मरीजों को लाने ले जाने में काफी सुविधा होगी। खासकर सिजेरियन पेशेंट के लिए बहुत बड़ी सुविधा होगी। हॉस्पिटल में 20 बेड का आईसीयू भी बनाया जाएगा। जहां गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए रखा जाएगा। डॉक्टर और कर्मचारी की संख्या भी बढ़ेगी साथ ही अन्य मेडिकल कर्मियों की भी संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे गंभीर मरीजों को रेफर करने का झंझट भी खत्म हो जाएगी। इससे गंभीर मरीज को पटना, दरभंगा रेफर करने का झंझट भी खत्म हो जाएगा। यहां मेडिकल कॉलेज की तरह सुविधा मिलेगी। सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने कहा कि मॉडल अस्पताल निर्माण को लेकर अभी तय सीमा नहीं रखी गई है। चल रहे निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। चाइल्ड एंड मेटरनिटी सेंटर बन कर तैयार है। कुछ तकनीकी कारणों से इसे अभी विभाग को नहीं सौंपा गया है। अगले दो से तीन महीना का और वक्त लग सकता है। जिसके बाद लोगों को सुविधा मिलेगी।

# भागलपुर में 5 बम मिला, 24 घंटे बाद हुआ डिफ्यूज

**भागलपुर ।** मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर में गौशाला में आगजनी के बाद अगले सुबह 5 क्रूड बम समेत सात खोखा बरामद किया गया। जिसे बम निरोधी दस्ता ने डिफ्यूज कर दिया। मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ बताया गया। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। बम मिलने के बाद बम रोधी दस्ता की टीम को मुंगेर से बुलाया गया। जिसके बाद गौशाला में मिले पांच बम को 24 घंटे बाद डिफ्यूज किया गया। जिसमें सबसे हैरानी की बात है कि पिछले 2 सालों में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 14 जगह बम मिली है। लेकिन जिले में बम निरोधी दस्ता मौजूद नहीं है। इससे पहले हबीबपुर थाना क्षेत्र के खिलाफत नगर बम ब्लास्ट होने के कारण आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने अबतक कोई कार्रवाई



नहीं की है। ना ही घटना के सम्बन्ध में कुछ सुराग मिला है और ना ही कोई खुलासा किया गया है। अब तक 14 जगह मिले बम में लगभग दर्जनों से अधिक लोग अपना जान गंवा चुके हैं। बम मिलने की सूचना पर सिटी एसपी ने बताया कि क्रूड बम है। जिन्हें डिफ्यूज कर दिया गया है अब मामले में पुलिस जांच कर रही है। मामला जमीन विवाद से बताया गया है। बता दें कि इससे पहले भी बम ब्लास्ट की सूचना और इस संबंध में पूछताछ पर पुलिस ने मामले की जांच की बात कहकर बात टालने की कोशिश की। मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# केंद्रीय मंत्री बोले: खेल-खेल होता है, इसमें कोई हारता नहीं, 2047 तक स्पोर्ट्स में भारत टॉप 5 में होगा

**गया।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को गया पहुंचे। उस दौरान भाजपा नेताओं ने जमकर स्वागत किया। सर्व प्रथम उन्होंने भगवान विष्णु के दर्शन करने विष्णुपद मंदिर पहुंचे और गर्भगृह में पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु के दर्शन के बाद केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज राजगीर में महिला हॉकी टूनामेंट की फाइनल मैच है। खेल खेल होता है, खेल में कभी कोई हारता नहीं है। हमेशा जीतता है। भारत की टीम बहुत बढ़िया खेल रही है। खेल के क्षेत्र में देश में खेलो इंडिया के तहत देश के ग्रास रूट के खिलाड़ियों को टॉप स्कीम के द्वारा नेशनल और



इंटरनेशनल में जगह मिले, इसके लिए बेहतर ट्रेनिंग दिया जा रहा है। दुनिया में अच्छे कोच है और बेहतर कोच से खिलाड़ियों को ट्रेनिंग मिले इसकी व्यवस्था की गई है। जिस तरह खेल की दुनिया में बदलाव आ रहा है। उसको देखते हुए मोदी जी ने 24 इनटू सेवन पर काम कर रहे हैं। कहा कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाता हो तब देश के स्पोर्ट्स सेक्टर में एक से पांच के क्रम में होना चाहिए। इस योजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वहीं बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि विष्णुपद मंदिर में कॉरिडोर बनाने के लिए देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरी तरह प्लान करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दिया है। पूरा सर्वे कर डीपीआर बनाकर भारत सरकार को देंगे। विष्णुपद मंदिर को कॉरिडोर बनाने की मांग हो रही थी। पीएम चाहते भी हैं जिस तरह काशी का विकास हुआ, ठीक उसी तरह भगवान विष्णु के मंदिर का भी विकास होगा। उन्होंने शिक्षक के जॉइनिंग के सवाल पर कहा कि यह खुशी का दिन है। पहले हमारे पास क्वांटिटी था। कुछ लोग कहते थे, क्वालिटी नहीं है। अब एनडीए की सरकार में पूरी तरह कहने के लिए सक्षम है। क्योंकि हमारे शिक्षकों ने सभी परीक्षाएं पास करके आज लगभग 1 लाख 14 हजार लोगों को जॉइनिंग दिया गया। बिहार के चार जिलों में उपचुनाव के कारण आचार संहिता लगा हुआ है। इन जिलों शिक्षकों को नहीं मिल पाया है। वैसे 25 हजार लोग हैं, जिनको आगे के दिनों में दे दिया जाएगा।

# 2 कमरे के स्कूल में 550 बच्चों की पढ़ाई

## दरभंगा में 50 साल से नहीं मिला भवन, शिकायत के बाद भी नहीं कोई सुनवाई

**दरभंगा ।** सिंहवाड़ा प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में 550 बच्चे पढ़ने आते हैं। जहां क्लास एक से 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है। लेकिन हैरान करने वाली बात है कि इतनी अधिक संख्या के बच्चों वाले स्कूल में बस दो ही कमरे हैं। पूरे स्कूल की स्थिति खराब है। बच्चे हमेशा डर के साए में पढ़ाई करने आते हैं। दो कमरों में विद्यालय का कार्यालय और छात्रों का वर्ग संचालन किया जाता है। दोनों ही कमरे के उपर लगी अल्बेस्टर्स जर्जर होने के कारण कई जगह से टूट चुकी है। बरसात में बारिश और ठंडा में ओस का पानी लगातार टपकता है। विद्यालय में एक चापाकल, 2 शौचालय और 10 पॉइंट वाला एक हैंड वॉश स्टेशन भी बनाया गया है। पर छात्रों के बैठने की कोई समुचित व्यवस्था आज तक नहीं की गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश ठाकुर ने



बताया कि दोनों ही कमरे में कुल 14 पंखे लगाए गए हैं, ताकि बच्चे पढ़ाई कर सके। विद्यालय का सारा कागजात भी इसी कमरे में रखा जाता है। मध्यान भोजन के लिए एक अतिरिक्त छोटा सा शेड बनाया गया है। बरामदे को घेर कर कार्यालय का काम लिया जा रहा है। दिनेश ठाकुर इस विद्यालय में वर्ष 2019 से पदस्थापित हैं। उन्होंने बताया कि प्रखंड से लेकर जिला तक के अधिकारियों को भवन के अभाव और संसाधनों की कमी की शिकायत कई दफा कर चुके हैं। पर कोई भी पहल आज तक नहीं की गई। सब जगह से आश्वासन दिया गया है। जल्द ही विद्यालय को एक अदद भवन दिया जाएगा। कक्षा 1 से 8 तक विद्यालय में कुल 310 छात्र छात्राएं नार्मांकित है। इनमें से लगभग 230 छात्रों का उपस्थिति प्रतिदिन होता है। जबकि कक्षा 9 से 12 में कुल लगभग 250 छात्र छात्राएं नार्मांकित है। जिनमें से 200 की उपस्थिति होती है। विद्यालय का संचालन करना बहुत ही चुनौती पूर्ण है। कक्षा 1 से 8 के लिए ह्रट सहित 6 शिक्षक दिए गए हैं। कक्षा 9 से 12 के लिए ह्रट सहित 12 शिक्षक विद्यालय में पदस्थापित है। बाल संरक्षक मनोहर कुमार झा ने बताया कि अनुसूचित जाति टोला में स्थापित इस विद्यालय का सरकार उपेक्षा कर रही है। बाल अधिकारों का हनन हो रहा है। 14 वर्ष तक के छात्रों को निशुल्क व्यवस्थित शिक्षा मुहैया कराने में सरकार विफल हो रही है। संसाधनों के घोर अभाव में सिंहवाड़ा प्रखंड में प्लस टू उच्च विद्यालय चलाया जा रहा है। जब यह विद्यालय माध्यमिक विद्यालय था। तब भी यहां संसाधनों की यही स्थिति बनी हुई थी। वर्ष 2020 के सितंबर माह में इसे उत्क्रमित कर दिया गया। पर संसाधनों की आपूर्ति आज तक नहीं की गई। विभाग के इस रवैया ने अनुसूचित जाति टोला विद्यालय के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया है।

# बगहा में आनंद विहार-दरभंगा एक्सप्रेस हरिनगर के पास डिरेल



**बगहा ।** आनंद विहार से दरभंगा जा रही ट्रेन संख्या 04068 बीती रात हरिनगर स्टेशन के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रात करीब 12:03 बजे ट्रेन के दो बोगी और इंजन डिरेल हो गए। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वैक्यूम ब्रेक लगाया था, जिसके कारण यह घटना हुई। हालांकि, रेलवे की तत्परता और समय पर कार्रवाई से किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची। फिलहाल डिरेल हुई बोगियों और इंजन को ट्रेन से अलग कर प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ा कर दिया गया। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (अफ्ळ) की मदद से रेलगाड़ी को ठीक कर 3:55 बजे दरभंगा के लिए रवाना कर दिया गया। स्टेशन अधीक्षक यदुनाथ महतो ने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित निकालने और ट्रेन को गंतव्य तक भेजने के लिए तुरंत कदम उठाए गए। रेलवे ट्रैक को मरम्मत कर सुबह तक यातायात सामान्य कर दिया गया। हालांकि, इस घटना के कारण दो ट्रेनें प्रभावित हुईं जिसमें गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर (05498) पांच घंटे विलंब से चल रही है तो वहीं नरकटियागंज-गोरखपुर (05450) झ लगभग 10 घंटे की देरी से चल रही है। अन्य ट्रेनें रात के समय संचालित नहीं थीं, जिससे यात्रियों को अधिक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। ट्रेन के डिरेल होने के कारण भैरोगंज और हरिनगर स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर यातायात बाधित हो गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### जमीन के विवाद में शख्स पर चलाई गोली: जहानाबाद में हाथ में लगी बुलेट



**जहानाबाद ।** जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी हुई है। इसमें एक व्यक्ति को गोली लगी है। बताया जाता है कि सिकरिया थाना क्षेत्र के कुममहा गांव निवासी कुंदन कुमार दवा लेकर जहानाबाद से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही दादपुर मोड़ के समीप पहुंचा कि पहले से घात लगाए हुए अपराधियों बैठा हुआ था और इसका मोटरसाइकिल रुकवा दी। गोलीबारी करने लगा। कुंदन कुमार के हाथ में गोली लगी है। कुंदन को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर द्वारा प्रारंभिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्ति के परिजन चिंटू कुमार ने बताया कि गांव में ही अपनी गोतीया कई महीनों से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी को लेकर उन लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना को अंजाम देने वाले लोग अपराधी से साठ गांठ किए हुए थे इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है गोलीबारी की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैली है।

### मुखिया की हत्या से सनसनी; कार से घर लौटते वक्त पहले गाड़ी का शीशा तोड़ा गया, फिर गोलियों से भून डाला

**सीतामढ़ी ।** कचोर पंचायत के मरपा से मुखिया मधुरेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना मिश्रा की हत्या कर दी गई। वह अपनी पत्नी के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने ओवरटेक कर गाड़ी रोकी। फिर ईंट फेंककर मुखिया की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद गोलियों से मुखिया को भून डाला। चौंकानी वाली बात यह है कि अपराधियों ने केवल मुखिया को ही अपना निशाना बनाया। बगल की सीट पर बैठी मुखिया की पत्नी और पीछे की सीट पर बैठे कुत्ते को छोड़ दिया। गोली लगने के बाद मुखिया की पत्नी ने घर पर फोन कर बेटी को गोली लगने की सूचना दी। जिसके बाद परिजन व समर्थक अस्पताल पहुंचे और आक्रोश जताने लगे अस्पताल में समर्थकों की भीड़ जुट गयी। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। आननफानन में मुखिया को अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना रीगा थाना क्षेत्र के रामनगर हरिहरपुर के समीप की है। बताया जा रहा है कि मुखिया पर एक दर्जन से अधिक गोलियां बरसाई है। हालांकि अबतक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आक्रोशित लोगों को देखते एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर जुटी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक मुन्ना मिश्रा विगत दो टर्म से कचोर पंचायत के मुखिया पद पर जीतते आए है। उनको एक बेटा व एक बेटी है। बड़े भाई की भी मौत इसी वर्ष बीमारी से हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ पूर्व का विवाद चल रहा था। मामले को लेकर सदर एसडीपीओ राकृष्ण ने बताया कि मुखिया सीतामढ़ी स्थित अपने आवास पर जा रहे थे। इसी दौरान रीगा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर के समीप अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। इसमें मुखिया की मौत हो गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। किसने और क्यों हत्या की? इसकी जांच चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, चालक की मौत

**शेखपुरा ।** शाहपुर मुख्य सड़क मार्ग पर सहनौरा रेलवे गुमटी के पास तीक्ष्ण मोड़ पर एक कार के सड़क किनारे गड्ढे में पलट जाने से कार चला रहे 36 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। जबकि कार के पिछली सीट पर बैठे एक अन्य युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना, कोसुंभा थाना और अरियरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक शख्स और घायल को दुर्घटनाग्रस्त कार से निकालकर सदर अस्पताल लाया। कार चला रहे व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल का इलाज शुरू कर दिया। मृतक की पहचान शेखपुरा नगर क्षेत्र के जमालपुर मोहल्ला के रहने वाले ट्रक ऑनर बृजेश कुमार के रूप में की गई है। वह अपनी कार से नवादा के शाहपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वाहन तेज गति में रहने के कारण रेलवे गुमटी के समीप तीक्ष्ण मोड़ पर वे अनियंत्रित हो गए और रेलवे गुमटी के समीप गड्ढे में जा गिरे। टना के दौरान कार में बैठा एक अन्य युवक नगर थाना क्षेत्र के राम रायपुर के रहने वाले कुंदन कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह ट्रक चालक बताया जाता है। घटना के सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल में परिजनों के भीड़ लग गई। मृतक के परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया। सूचना के बाद नगर थाना पुलिस और अरियरी थाने की पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ भी सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त किया। अरियरी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि कार दुर्घटना में युवक की मौत होने की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

# बेलागंज में जेडीयू, इमामगंज में आरजेडी आगे

## तरारी सीट गंवा सकती है माले, जानिए उपचुनाव में कहां-कौन मजबूत

**पटना।** बिहार की चार सीटों रामगढ़, तरारी, बेलागंज और इमामगंज में उपचुनाव के लिए वोटिंग हो चुकी है। पहली बार प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज चुनाव मैदान में है, लेकिन सच यह है कि किसी भी सीट पर जनसुराज के उम्मीदवार जीतने वाली स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। ये जरूर वोट काटकर खेल बना और बिगाड़ रहे हैं। प्रशांत किशोर जानते हैं कि बिहार चुनाव की रणनीति क्या है, इसलिए उन्होंने सामाजिक समीकरण का ख्याल रखते हुए उम्मीदवार दिए। गंभीर आरोप वाले उम्मीदवार से भी उन्होंने परहेज नहीं किया। वोटिंग परसेंटेज 52.84 फीसदी रहने का मतलब यह निकला जा रहा है कि लोगों में वोटिंग के प्रति उत्साह बहुत ज्यादा नहीं रहा और जीत-हार का अंतर भी बहुत ज्यादा नहीं रहने वाला है। एक्सपर्ट की माने तो बेलागंज में जेडीयू, इमामगंज में आरजेडी आगे है। वहीं, तरारी सीट माले गंवा सकती है। बेलागंज और इमामगंज की सीट गया में आती हैं। बेलागंज की सीट इसलिए हॉट है कि यह आरजेडी का गढ़ रही है। लालू प्रसाद उपचुनाव में कहीं चुनाव प्रचार को गए तो वह बेलागंज ही है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि यही एक सीट है, जहां से जेडीयू ने उम्मीदवार दिया है। यानी यहां से लालू प्रसाद और नीतीश कुमार दोनों की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। आरजेडी के सुरेंद्र यादव 8 बार यहां से विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने अपने बेटे विश्वनाथ को आरजेडी से टिकट दिलवाया है। इस बार आरजेडी के गढ़ पर खतरा दिख रहा है। यहां बीजेपी और जेडीयू के अंदरुनी कॉर्डिनेशन की परीक्षा होनी है।



आरजेडी के विश्वनाथ का मुकाबला बिंदी यादव की पत्नी जेडीयू की मनोरमा देवी से है। विश्वनाथ पर परिवारवाद का आरोप है तो मनोरमा देवी को सहानुभूति वोट भी मिले हैं। यहां 19 फीसदी के लगभग यादव हैं और मुसलमान 17 फीसदी के आसपास। उसके बाद बड़ी आबादी मुसहरों की है। मुसहर यहां 11 फीसदी हैं। सवर्णों में भूमिहार सबसे ज्यादा सात फीसदी हैं, राजपूत 3.5 फीसदी, कोयरी छह फीसदी, बनिया दो फीसदी और बाकी ओबीसी छह फीसदी, ईबीसी 6 फीसदी हैं। पासवानों का वोट बैंक ईबीसी के बराबर ही छह फीसदी है। चमार जाति के लोग पांच फीसदी हैं। सवर्ण यहां 14 फीसदी हैं। इमामगंज की सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। उन्होंने अपनी बहू को टिकट दिया है। इस वजह से हम पार्टी की दीपा मांझी पर परिवारवाद का आरोप खूब लगता रहा। इमामगंज बिहार-झारखंड का बॉर्डर इलाका है और नक्सल प्रभावित रहा है। इमामगंज में मुसहर सबसे अधिक 18.6 प्रतिशत, दूसरे नंबर पर मुसलमान 15.3 प्रतिशत, तीसरे नंबर पर यादव 13.2 प्रतिशत, चौथे नंबर पर कुशवाहा 10.82 प्रतिशत हैं। यहां ओबीसी 30 फीसदी के लगभग हैं। राजपूत 4.3 फीसदी, ब्राह्मण और भूमिहार की आबादी काफी कम है। सवर्ण 6 फीसदी के लगभग हैं। जीतन राम मांझी के काम का फायदा उनकी बहू को मिल रहा है। लेकिन परिवारवाद की हदें पार कर दी हैं। यह आरोप लोग हम पार्टी पर लगा रहे हैं। गया के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कादिर कहते हैं कि ह्यबेलागंज में जेडीयू की मनोरमा देवी और इमामगंज में आरजेडी के रौशन मांझी की स्थिति मजबूत दिख रही है। जनसुराज दोनों जगह एनडीए के वोट काट रही है। इस उपचुनाव में नया ट्रेंड यह दिखा कि जनसुराज जैसी पार्टी ने उम्मीदवार को सीधे पैसा नहीं दिया, बल्कि खुद से खर्च किया। उनकी पूरी मशीनरी एक्टिव रही। इमामगंज उपचुनाव के बारे में अब्दुल कादिर कहते हैं कि ह्ययहां मुसलमानों का वोट आरजेडी के उदय नारायण चौधरी को पूरी तरह से नहीं मिलता था, वे इस बार नहीं खड़े हैं। इस बार आरजेडी के रौशन मांझी को अधिकांश मुसलमानों का वोट मिला है। जनसुराज ने पासवान का वोट काटा है और इसका नुकसान हम पार्टी की उम्मीदवार दीपा मांझी को होने की आशंका है। बेलागंज और इमामगंज दोनों ही जगह जनसुराज को जो वोट मिले हैं, वे प्रशांत किशोर की वजह से कम उम्मीदवार की वजह से अधिक मिले हैं। बेलागंज में जनसुराज को मो.अमजद की वजह से वोट मिला और इमामगंज में जितेन्द्र पासवान की वजह से वोट मिला है। मुसलमान और पासवान उम्मीदवार उतारकर प्रशांत ने यहां खेल करने की पूरी कोशिश की। कादिर कहते हैं कि ह्यचिराग पासवान ने मांझी के उम्मीदवार को हराने को लेकर इनडायरेक्ट अपने लोगों को इशारा किया है। ऐसी चर्चा इलाके में है। लेकिन इसमें क्या सच्चाई है कहा नहीं जा सकता। बेलागंज के स्थानीय पत्रकार राकेश कुमार कहते हैं ह्यउपचुनाव में जेडीयू की मनोरमा देवी भारी दिख रही हैं। दूसरे नंबर पर आरजेडी के विश्वनाथ हैं। जेडीयू की मनोरमा देवी ने यादव का वोट काटा है। 70% मुसलमान ने जनसुराज के मो. अमजद को वोट दिया। वे शेख मुसलमान हैं और बेलागंज में शेख मुसलमानों की संख्या ज्यादा है। इमामगंज के स्थानीय पत्रकार निर्भय मिश्रा कहते हैं कि ह्यआरजेडी का एम यानी मुसलमान वोट बैंक ध्वस्त हो गया है। यह वोट आरजेडी से कट गया, वाई यानी यादव वोट बैंक बना रहा। जनसुराज के जितेन्द्र पासवान को पासवान का वोट मिला है, ब्राह्मण, राजपूत का भी वोट मिला। मुसलमानों का भी अच्छा वोट मिला, बाकी कई जातियों का वोट मिला। हम पार्टी की दीपा मांझी को भुइयां का वोट मिला। इमामगंज के स्थानीय पत्रकार निर्भय मिश्रा कहते हैं कि ह्यहम पार्टी की दीपा मांझी की स्थिति अच्छी है। इसके बाद जनसुराज के जितेन्द्र पासवान और तीसरे नंबर पर आरजेडी के रौशन मांझी हो सकते हैं। तरारी में बीजेपी ने पूर्व बाहुबली विधायक सुनील पांडेय के बेटे विशाल प्रशांत को उतारा है, जबकि माले से राजू यादव ने चुनाव लड़ा है। जनसुराज से किरण सिंह लड़ीं। यह माले का गढ़ और इस गढ़ में सेंधमारी की कोशिश एनडीए की है।



# सर्दियों में सांस के रोगी रहें सचेत

सर्दियों में तापमान में कमी और वातावरण में प्रदूषित तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा सेहत के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। सर्दियों का मौसम खासतौर पर सांस के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी दिक्कतें जैसे दमा, फ्लू और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

## प्रदूषित कोहरे का दुष्प्रभाव

सर्दियों में होने वाला कोहरा (जो वायुमंडल की जलवाष्प के संघनित होने से बनता है) कमोबेश हानिरहित होता है, लेकिन धुएं और सस्पेन्डिड पार्टिकल्स (छोटे-छोटे प्रदूषित कणों) के इर्द-गिर्द जमने से बना स्मोग (प्रदूषित कोहरा) मानव शरीर और खासतौर पर श्वसन तंत्र के लिए किसी विपत्ति से कम नहीं होता। इस वजह से लोगों की आंखों में जलन, आंसू, नाक में खुजली, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य तौर पर देखने को मिलते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस की नली की संवेदनशीलता तुलनात्मक रूप से बढ़ जाती है, जिससे सांस की नली सिकुड़ती है। इस कारण सांस के रोगियों में समस्या की आशंका बढ़ जाती है।

## वृद्ध रहें सजग

वृद्धों में सांस संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। दरअसल बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें सांस संबंधी बीमारियों का ज्यादा खतरा रहता है।

दमा या अस्थमाः वातावरण में किसी भी प्रकार के बदलाव से शरीर में परिवर्तन होता है, जिससे, एलर्जी और अस्थमा के रोगी मुख्य रूप से प्रभावित होते हैं। जाड़े में इन मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती है। इसलिए उन्हें विशेष तौर पर अपना ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

फ्लू या इंफ्लूएंजाः यह समय फ्लू या इंफ्लूएंजा के वाइरस के सक्रिय होने का है। इस कारण फ्लू के मामलों में काफी वृद्धि हो जाती है। बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाएं और एच.आई.वी. से पीड़ित रोगियों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।



## क्या करें

- सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।
- सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।
- सर्दी के कारण साबुन-पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें।
- गुनगुने पानी से नहाएं।
- सर्दी के मौसम में मालिश लाभप्रद है।
- सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह- शाम भाप(स्टीम) लेनी चाहिए।
- फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रूमाल का प्रयोग करें।
- फ्लू के रोगियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे रूमाल व चादरों आदि को सुरक्षित विधि से साफ करें।
- अगर आप में फ्लू के लक्षण हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर मे ही रहें।
- फ्लू पीड़ित से कम से कम 1 मीटर दूर रहें।
- हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, भारतीय पद्धति के अनुसार नमस्कार करें।

## क्या न करें

- सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए।
- सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुएं से बचना चाहिए, अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

# घर पर करें गोभी और मिर्च से रोगों का उपचार

जार्जटाऊन यूनिवर्सिटी मैडीकल सैंटर के शोधकर्ताओं के अनुसार फूलगोभी, पत्तागोभी तथा जलकुंभी परिवार की सब्जियों में एक प्रकार का पदार्थ पाया जाता है जो मानव एवं जानवर दोनों में फेफड़े का कैंसर रोकने में सहायक होता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार 'प्रेफेक्स' नामक एक ऐसा पदार्थ गोभी में पाया जाता है जो फेफड़े को कैंसरग्रस्त होने से रोकता है। यह पदार्थ सैक्स उत्तेजक भी होता है। इसी प्रकार मिर्च खाने से शरीर की चर्बी कट जाती है और वजन कम हो जाता है।

मिर्च की तासीर के कारण चर्बी बढ़ाने वाली कोशिकाएं खुद ब खुद नष्ट होने लगती है। ताईवान के शोधकर्ता चिन-लिन-शू के अनुसार मिर्च शरीर के चयापचय की प्रक्रिया को तेज करती है और यह मोटापे को कम करने के साथ ही कालरा तथा ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार भी करती है।



गोभी और मिर्च से बहुत से रोगों का उपचार घर पर ही किया जा सकता है। आईए जानें कैसे

### गोभी

1 गोभी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को दरूस्त रखते हैं और पेट संबंधी रोगों से राहत देते हैं।
2 गोभी का सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा कम होता है।
3 गोभी का सेवन मोटापे से निजात दिलाता है।
4 गोभी में कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होती है और दांतों को भी मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

### मिर्च

1 जब आप हरी मिर्च अपने दांत से चबाते हैं तो इसका तीखा अनुभव आपके मुंह में अधिक थूक पैदा करता है जो रक्त के थक्कों को घोलने में काफी सहायक होता है।
2 हरी मिर्चों में विटामिन सी की मौजूदगी शरीर को खांसी, जुकाम तथा श्वास संबंधी अन्य समस्याओं से बचाने में सहायता करती है।
3 हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ओस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।
4 हरी मिर्च एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और यह ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में इलाज में काफी लाभदायक होती है।
5 मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलैस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं।

# मानव पर रंगों का प्रभाव

सफेद रंग हल्केपन एवं शीतलता का आभास देता है।

पीला रंग उत्फुल्लता, हल्केपन खुलेपन और गर्माहट का आभास देता है, नब्ज की रफ्तार तेज करता है परंतु आक्रामक प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है।

बैंगनी रंग थकान और भारीपन का भ्रम उत्पन्न कर थकान, बोरियत या बोझ की अनुभूति करता है।



गहरा नीला रंग मस्तिष्क को विश्रांति देता है किन्तु दुख का बोध भी कराता है। गहरे नीले रंग से पूरा कमरा ठंडा एवं भरा-भरा प्रतीत होता है।

हरा रंग शांति एवं शीतलता का अहसास कराता है। आंखों से दबाव घटाकर नेत्र ज्योति तेज करता है। खून का दबाव भी सामान्य करता है। हल्का नीला रंग शीतलता व अलगाव द्वारा चैन देता है। काला रंग ओजस्विता कम करता है, अवसादकारक एवं उत्पीड़क बोझ देने वाला है। काले रंग पुते तल काफी बड़े प्रतीत होते हैं। भूरा रंग स्थायित्व, गर्म और मानसिक संतुलन बोधकारक होता है। सलेटी रंग को ठंडा, नीरसता व विरक्तिबोधक माना जाता है। श्वेत एवं नीले रंग के सम्मिश्रण को शीतलता और चैन का द्योतक कहा गया है। जामुनी रंग गर्म एवं उत्साहवर्धक माना गया है। लाल रंग गर्मजोशी, मनोबल बढ़ाता है, मगर देर तक हावी रहना थकान एवं धड़कन बढ़ाता है

# ठंड में त्वचा रोगों से बचाव के घरेलु नुस्खे



1 सर्दी के मौसम में स्वस्थ त्वचा के लिए जरूरी है नियमित स्नान। भले ही आप प्रतिदिन न नहाएं परंतु हर दूसरे दिन नहाने का नियम बनाएं। जिस दिन नहीं नहाएं, उस दिन स्पंज करें तथा अंदर के कपड़े अवश्य बदलें। नहाने के लिए ठंडा-गर्म जैसा पानी चाहें, इस्तेमाल कर सकते हैं।
2 जाड़े में साबुन का प्रयोग ज्यादा न करें। नहाने से पहले पूरे बदन में तेल लगाएं। नहाने के बाद तेल या माश्चराइजर का उपयोग करें। पानी से करने वाले काम एक ही बार में निपटा लें। बार-बार पानी में हाथ न डालें। यदि पानी का काम करना जरूरी हो तो पहले हाथों में मलाई लगाएं। दस्ताने पहन कर काम करने से त्वचा सुरक्षित रहती है।
3 सर्दियों में धूप का नियमित सेवन करके चिलब्लेंस व डर्माटाइटिस जैसे रोगों से बचा जा सकता है। धूप में उतना ही बैठें जितनी देर आराम महसूस करें। अगर त्वचा लाल पडने लगे या सूजने लगे, तो धूप से हट जाएं। जिन्हें धूप से एलर्जी है उनके लिए सर्दी की धूप भी नुक्सानदायक है। ऐसे लोग धूप में कम निकलें। जब भी धूप में निकलें तो सिर पर स्कार्फ बांध लें या छतरी भी लगा सकते हैं।
4 हाथ-पैर की उंगलियों के सुन्न होने, खून का दौरा कम होने या त्वचा के फटने से बचने का सबसे अच्छा उपाय है संतुलित आहार। भोजन में दूध, दही और हरी सब्जियां खूब लें। विटामिन ए ज्यादा से ज्यादा लें। त्वचा के लिए गाजर का सेवन बहुत फायदेमंद है।
5 यूरिया आयंटमैंट त्वचा के फटने, सूजन और लाल होने वाली त्वचा के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है। यह यूरिया से बनती है। इसको मलने से त्वचा काफी देर तक मुलायम बनी रहती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा में होने वाले रोगों से बचा जा सकता है तथा त्वचा स्वस्थ रहती है।

# कहीं आप भी खून की कमी का शिकार तो नहीं हो रहे



आज के भागदौड़ भरे जीवन में फास्ट फूड का प्रचलन बड़ रहा है। जिससे भोजन में पौष्टिक आहार की कमी के कारण आज प्रत्येक वर्ग के लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या युवाओं की है जिसके कारण उन्हें कमजोरी आदि की शिकायतें होने लगी हैं। खून की पाई जाने वाली इस कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया का प्रमुख कारण सही प्रकार की डाइट न लेना है। पुरुषों में खून की मात्रा 14 से 18 ग्राम प्रति डैसीलीटर होनी चाहिए। वहीं महिलाओं में यह 12 से 16 ग्राम प्रति डैसीलीटर है। इससे कम मात्रा में पाए जाने वाले खून को एनीमिया कहते हैं। वैसे 10 ग्राम से अधिक खून वाले भी स्वस्थ रहते हैं, परंतु इससे कम खून वाले को अधिक से अधिक डाइट लेनी चाहिए।

एनीमिया की 3 स्टेज होती हैं, जिनमें प्रथम स्टेज को माइलड कहते हैं, जो 10 से 12 ग्राम होती है। वहीं 6 से 10 ग्राम को मोडरेट व 6 ग्राम से कम की स्थिति खतरनाक होती है। जिसे सीवियर एनीमिया कहते हैं।

एनीमिया अत्यधिक गंभीर रोग तब होता है जब हैपिटाइटिस बी, सी तथा एच.आई.वी. जैसे संक्रमण होते हैं। डाक्टरों का सुझाव है कि अधिक मात्रा में भी आयरन का सेवन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे ह्रदय संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कैसे करें खून की कमी पूरी


1 एनीमिया से निजात पाने के लिए बैलेंस डाइट जरूरी है। प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन, मांस, मछली में ही नहीं दूध, हरी सब्जियां, मटर, फलियों तथा पत्तेदार सब्जियों, शीरा, गुड़, किशमिश, खजूर, सेब इन सबमें अलग-अलग रूप में मिल जाते हैं। इन तत्वों में खून बनने में सहायता मिलती है।

2 खाना खाने से पहले व बाद में आधे घंटे तक चाय का सेवन भी नहीं करना चाहिए। चाय खाने में मिलने वाले पौष्टिक तत्वों को डाइजेस्ट नहीं होने देती।

3 आयरन युक्त डाइट तभी फायदेमंद होती है, जब उसके साथ विटामिन सी का भी सेवन किया जाए। विटामिन सी के लिए अमरूद, आंवला और संतरे का जूस लें। वैसे तो बैलेंस्ड डाइट और हैल्दी लाइफ स्टाइल ही काफी है लेकिन फिर भी किसी कारण से एनीमिया हो जाता है तो प्रापर ट्रीटमैंट लेना आवश्यक है। डाक्टर की सलाह से ब्लड टैस्ट कराएं ताकि बीमारी का कारण पता चल सके। उसके बाद ही डाक्टर आपका सही ट्रीटमैंट कर सकेंगे।

# रूखी त्वचा को कोमल बनाता है नारियल तेल

ठंड के कारण कई समस्याएं होती हैं. इस मौसम में त्वचा के रोग और सर्दी-जुकाम होना आम बात है. इन समस्याओं से निबटने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ आसान घरेलू उपाय, जिनसे इन समस्याओं से निबटा जा सकता है.



- रूखी त्वचा से बचने के लिए नैचुरल मॉस्च्यूराइजर, जैसे- नारियल तेल लगाएं.
- शहद के साथ गुलाब जल मिला कर चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा में चमक आयेगी और चेहरा साफ होगा.
- स्नान से पहले नारियल तेल लगा लें, इससे चिकनाई और कोमलता आयेगी.
- नीबू का रस लगाएं. इसमें मौजूद विटामिन-सी चेहरे की चमक बनाये रखती है.
- सर्दी के मौसम में विटामिन की कमी के कारण होठ फटने लगते हैं, इसलिए टमाटर, गाजर, साबूत अनाज और फल-सब्जियों का सेवन करें.
- नारंगी के छिलके के पाउडर में शहद मिला कर लगाने से त्वचा निखरती है.
- जितना हो सके, आहार में विटामिन-इ युक्त खाद्य पदार्थो, जैसे- पालक, बादाम, कद्दू आदि का सेवन करना बेहतर होता है.

# सेहत का खजाना है पालक

हरी सब्जियों में पालक का नाम सबसे ऊपर है. यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद है. इसमें शरीर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन ए, फोलिक एसिड, प्रोटीन और लौह तत्व भरपूर मात्र में होते हैं. इसके सेवन कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है.

यह हरी पत्तेदार सब्जी गुणों से भरपूर है. पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए इसका नियमित सेवन बेहतर माना जाता है. पालक में विटामिन ए और सी प्रचुर मात्र में होते हैं. इसके अलावा विटामिन बी कॉम्पलैक्स, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम की भी प्रचुरता होती है. शोध के अनुसार एक कप पालक से दिन भर की मैग्नीशियम की जरूरत का 40 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है. मधुमेह पीड़ित लोगों के लिए भी पालक अच्छा विकल्प है. दही के साथ कच्चे पालक का रायता बहुत ही स्वादिष्ट और गुणकारी होता है.

इन रोगों से बचाता है –

ऑस्टियोपोरोसिस – खनिज तत्वों की प्रचुरता के कारण यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस को दूर रखता है.

आंखों की रोशनी – पालक मैकुलर डिजेनरेशन का जोखिम भी कम करता है. मैकुलर डिजेनरेशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का मुख्य कारण है. इसके अलावा, विटामिन ए की कमी से रतौंधी और आंखों की रोशनी में कमी जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं.

शरीर की क्षतिपूर्ति में सहायक – प्रचुर मात्र में मौजूद फोलेट डीएनए और कोशिकाओं की सामान्य क्षति को पूरा करता है और इससे शरीर स्वयं अपने नुकसान की भरपाई कर लेता है.

एंटीऑक्सीडेंट – यह शरीर में उपापचय व अन्य सामान्य क्रियाओं के दौरान बननेवाले फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में सहायक है. फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर तथा हृदयरोगों के कारण बन सकते हैं.

वजन घटाने में सहायक – इसमें फाइबर प्रचुर मात्र में होता है, इसलिए यह मोटापा घटाने के इच्छुक लोगों के लिए आदर्श आहार है. सलाद, सब्जी और जूस में पालक का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग बेहतर होता है.

पोस्टमेनोपॉजल सिंड्रोम – पालक में मौजूद मैग्नीशियम पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है. इस अवस्था में पेट फूलने जैसी शिकायतों से बचने के लिए पालक बेहतर विकल्प है.



प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है मजबूत – पालक में मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं और शरीर को सामान्य संक्रमणों से बचाते हैं.

बालों को मिले मजबूती – इसमें बालों के लिए आवश्यक विटामिन भी विशेष मात्र में होते हैं. बाल झड़ने से परेशान लोगों को कच्चे पालक का सेवन करना चाहिए.

ये लोग न करें सेवन – पालक में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो मिल कर कैल्सियम फॉस्फेट बनाता है. यह पानी में घुलता नहीं है, जिससे पथरी बन जाती है. इसलिए पथरी के रोगियों को सिर्फ पालक की सब्जी नहीं खानी चाहिए. पालक और हरी पत्तेवाली मेथी मिला कर साग बना कर खाने से पथरी नहीं बनती है. कच्चे पालक के रस के सेवन करने से भी पथरी नहीं होती है.

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरुआत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम




**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय टीम शुक्रवार को यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अच्छी शुरुआत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तान करने रहे जसप्रीत बुमराह का लक्ष्य हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को मिली करारा हार को भुलाकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहेगा। पिछले कुछ समय में टीम के अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है उससे भी टीम पर दबाव रहेगा। इस मैच में नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी नहीं खेल रहे है। रोहित हाल ही में दूसरी बार पिता बने हैं, ऐसे में वह अपने परिवार के साथ है। इन हालातों में पारी की शुरुआत कर रहे यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को अच्छी शुरुआत करनी होगी।

इस सीरीज में विराट , आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन अहम रहेगा क्योंकि ये अपने करियर के अंतिम दौर पर हैं। ऐसे में पांच मैचों की सीरीजउनके भावी करियर की दशा और दिशा तय करेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन तय करेगा कि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचती है कि नहीं। भारतीय टीम को इसके लिए ऑस्ट्रेलिया को हर हालत में 4-0 से हराना होगा। वहीं भारतीय टीम के लिए सकारात्मक बात ये है कि टीम की क्षमता पर जब भी सवाल उठे हैं, इसने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है। बुमराह ने कहा, 'जब आप जीतते हैं तो शून्य से शुरूआत करते हैं लेकिन जब हारते है, तब भी तो ऐसा ही होता है। न्यूजीलैंड सीरीज से हमने सबक लिया है लेकिन यहां हालात अलग हैं और यहां हमारे परिणाम अलग रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की टीम इस सीरीज में जीतकर पिछले एक दशक से इस सीरीज को नहीं जीत पाने के सूखे को समाप्त करना चाहेगी। पहले मैच में भारतीय टीम में नियमित कप्तान रोहित के अलावा, शुभमन गिल भी नहीं होंगे। इसका लाभ भी मेजबान टीम को उठाना चाहेगी। यहां की पिच उछाल भरी होगी जिसपर मेजबान टीम के गेंदबाज हावी होने का प्रयास करेंगे।

भारतीय टीम की ओर विराट कोहली, के अलावा ऋषभ पंत और केएल राहुल , यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाजों को अधिक से अधिक रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर अंकुश लगाना होगा। यह ऐसी सीरीज होगी जिसमें गेंदबाजों का पलड़ा भारी होगा और बुमराह भारत की कमान भी संभालेंगे। मोहम्मद सिराज और आकाश दीप तेज गेंदबाजी में उनका साथ दे सकते हैं लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा भी चयन के दावेदार हैं। टीम संयोजन चाहे जो हो, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज किसी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहेंगे। टीम की बल्लेबाजी स्टीव स्मिथ , मार्नस लाबुशेन जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी भारत की परेशानी बढ़ा सकते हैं उनका औसत करीब 28 रहा है। उस्मान ख्वाजा को छोड़कर कोई आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। विकेटकीपर एलेक्स कारी और कप्तान पैट कमिंस ने कभी कभार ही अच्छी पारियां खेली है। पहले टेस्ट के लिए पिच में नमी और उछाल को देखते हुए भारतीय टीम ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की जगह अनुभवी आर अश्विन को उतार सकती है। वहीं युवा ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी और बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। ये दोनों ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं।

**टीम**

**भारत :** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी, मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

## एडीलेड टेस्ट में रोहित की वापसी से भारतीय खेमे में व्यवधान की संभावना : पोंटिंग



**पर्थ (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मेजबान टीम की 3 . 1 से जीत की अपनी भविष्यवाणी को दोहराते हुए कहा कि एडीलेड टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम में वापसी से व्यवधान की संभावना है। रोहित पिता बनने के कारण पहले टेस्ट से बाहर है जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा,'' मेरा मानना है कि उनके अभियान में और व्यवधान की संभावना है जब रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से लौटेंगे। मैं अभी भी कहूंगा कि आस्ट्रेलिया 3 . 1 से जीतेगा।''

उन्होंने कहा ,'' मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को रन बनाने होंगे। आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी बहुत अच्छी है लिहाजा मैं अपनी भविष्यवाणी पर कायम हूं।'' दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू होगा जो दिन रात का मैच होगा। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक रन बना चुके पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड से घरेलू श्रृंखला में मिली हार के बावजूद भारतीय टीम काफी संतुलित है। उन्होंने कहा ,'' भारत को पता है कि पर्थ टेस्ट में उसकी टीम क्या होगी। उसे पता था कि रोहित इस टेस्ट में नहीं खेलेगा। यह भी पता था कि बुमराह कप्तान होगा। उन्हें पता था कि किन कमियों को पूरा करना है। टीम संतुलित लग रही है।''

भारत ने आस्ट्रेलिया को पिछली चार टेस्ट श्रृंखलाओं में हराया है। पिछली बार 2020 . 21 श्रृंखला में एडीलेड टेस्ट में भारत के 36 रन पर आउट होने के बाद उन्होंने सुनील गावस्कर से बातचीत में आस्ट्रेलिया की 2 . 1 से जीत का कयास लगाया था जो गलत साबित हुआ। भारत ने मेलबर्न और ब्रिसबेन टेस्ट जीतकर शानदार वापसी की और श्रृंखला अपने नाम की। उस समय कप्तान रहे विराट कोहली एडीलेड टेस्ट के बाद अपनी बेटी के जन्म के कारण लौट आये थे। पोंटिंग ने उम्मीद जताई कि इस बार उनका कयास सही साबित होगा। उन्होंने कहा ,'' पिछली बार सनी (गावस्कर) सही साबित हुआ था लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस बार रवि (शास्त्री) सही साबित नहीं होगा। मैं अभी भी कहूंगा कि आस्ट्रेलिया 3 . 1 से जीतेगा।

## पुजारा के भारतीय टीम में नहीं होने से खुश हैं हेजलवुड


**पर्थ (एजेंसी)।** यहां शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच की तैयारी में लगे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नहीं होने से उन्हें खुशी मिली है। हेजलवुड के अनुसार पुजारा विकेट पर जम जाते हैं और उन्हें गेंदबाजी करना बेहद कठिन होता है। पुजारा ने साल 2018-19 में चार टेस्ट की सात पारियों में तीन शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2020-21 की श्रृंखला में 928 गेंदें खेली जो श्रृंखला में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक थी और इस बार भी उन्होंने जीत में आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाई थी। हेजलवुड ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा, 'मुझे खुशी है कि पुजारा इस बार टीम में नहीं है। वह ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको आप हमेशा आउट करना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हालांकि कहा कि पुजरा के नहीं होने के बाद भी भारतीय टीम के पास काफी प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम में हमेशा युवा और नए खिलाड़ी आते रहते हैं। उन पर अच्छे प्रदर्शन का इतना दबाव होता है इसलिए भारतीय एकादश में जो भी होगा, वह काफी बेहतर ही होगा। पिछली बार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ब्रिसबेन में चौथे और आखिरी टेस्ट में नाबाद 89 रन बनाए थे। हेजलवुड ने कहा कि पंत के जैसे आक्रामक बल्लेबाज के लिए लचीलापन अपनाना होगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे बल्लेबाज के सामने आपको हमेशा एक से दो योजनाएं होनी चाहिये। वहीं शुभमन गिल अंगूठे की चोट के कारण पहला मैच नहीं खेलेंगे जिसकी वजह से भारत को तीसरे नंबर पर नया बल्लेबाज उतारना होगा।

## ब्रेंडन मैकुलम के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर यशस्वी जायसवाल की नजरें, कर सकते हैं ये कारनामा



**पर्थ (एजेंसी)।** शुक्रवार यानी 22 नवंबर का दिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए बेहद अहम है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज इसी दिन से होगा जहां पर्थ में दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट खेला जाएगा। वहीं भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों की वजह से मौजूद नहीं होंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभालेंगे। इस दौरे पर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर भी सबकी नजरें रहेंगी, जोकि रोहित शर्मा के जोड़ीदार भी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। उन्होंने अन्य बल्लेबाजों की तुलना में रन तो बनाए लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में उनके पास एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा। यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरूआत की। उन्होंने 14 टेस्ट में 1407 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक लगाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए। हालांकि, उसके बाद उनके बल्लेबाज से ज्यादा रन नहीं निकले हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होने वाली है और उनके करियर को भी नई उड़ान दे सकता है। यशस्वी जायसवाल मैच के दौरान बड़े शॉट खेलने के लिए जाने जाते हैं और जब तक क्रीज पर रहते हैं छक्के और चौके लगाने से नहीं चूकते। उन्होंने इस साल 32 छक्के लगाए हैं। अगर वह पर्थ टेस्ट में दो और छक्के लगाते हैं तो वह ब्रेंडन मैकुलम के एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। मैकुलमन ने 2014 में 33 छक्के लगाए हैं। यशस्वी जायसवाल 2024 में जो रूट के बाद एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। रूट ने 1338 रन बनाए हैं, जबकि जायसवाल के नाम 1119 रन है। अगर वह 219 रन और बना लेते हैं तो वह इस साल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की बेहतरीन शुरुआत की। उन्होंने 14 टेस्ट में 1407 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक लगाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए। हालांकि, उसके बाद उनके बल्लेबाज से ज्यादा रन नहीं निकले हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होने वाली है और उनके करियर को भी नई उड़ान दे सकता है।

## मेसी अगले साल आ सकते हैं भारत



तिरुवनंतपुरम। भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। अर्जेंटीना के स्टार स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी अगले साल भारत में खेलने आ सकते हैं मेसी के भारत में भी काफी प्रशंसक हैं। ऐसे में भारतीय प्रशंसकों के पास अवसर होगा कि वह मेसी को देख सकें। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने कहा कि मेसी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए भारत आयेगी। खेल मंत्री ने कहा कि इस मैच की मेजबानी के लिए राज्य पूरी तैयारी करेगा। उन्होंने केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मैच राज्य सरकार की पूरी निगरानी में आयोजित किया जाएगा। मेसी ने अंतिम बार 2011 में भारत में खेला था उस समय अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था. हाल ही में मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी में मेसी के शामिल होने से उत्तरी अमेरिका में उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है, जिससे भारत में भी उनके प्रशंसक आकर्षित हुए हैं, जो अक्सर उनके मैच देखने के लिए देर रात तक जागते रहते हैं।

## शमी को आईपीएल में इसलिए नहीं मिलेगी अधिक कीमत : मांजरेकर



मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाले नीलामी में अधिक कीमत नहीं मिल पायेगी। मांजरेकर के अनुसार सभी फेंचाइजी उनकी फिटनेस को लेकर चिंतित होगी क्योंकि वह साल तक चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं। हालांकि शमी की घरेलू क्रिकेट में वापसी एक महत्वपूर्ण कदम है। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान वह शानदार फॉर्म में थे। वह 7 मैचों में 10.70 की औसत से 24 विकेट लेकर टूर्नामेंट के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आया, जहां उन्होंने 57 रन देकर 7 विकेट लिए। मांजरेकर ने कहा कि निश्चित रूप से कई टीमों की उनमें रुचि होगी। लेकिन अगर आप शमी की हाल की चोट को देखेंगे तो आप पाएंगे कि उन्हें उबरने के लिए काफी समय लगा है। हर टीम को सीजन के दौरान संभावित ब्रेकडाउन के बारे में हमेशा चिंता रहेगी। यदि कोई फेंचाइजी भारी निवेश करती है और फिर उसे बीच में ही खो देती है तो उसके विकल्प सीमित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण उनकी कीमत में गिरावट हो सकती है। गौरतलब है कि आईपीएल 2023 में शमी ने 17 पारियों में 8.04 की इकॉनमी रेट से 28 विकेट लिए थे और पर्पल कैप जीती थी।

## बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए इनाम घोषित किये




**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय टीम ने बुधवार को यहां के राजगीर स्टेडियम में हुए फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर खिताब जीता है। इस जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टीम को बधाई देते हुए इनाम घोषित किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रचा है जो सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय टीम की कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दिखाती है। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं भी दीं।

साथ ही उन्होंने लिखा, राज्य सरकार विजेता टीम के सभी सदस्यों एवं टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10-10 लाख रुपये नकद राशि से पुरस्कृत करेगी। टीम के सहयोगी स्टाफ को भी पांच-पांच लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी। इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों और कोच को पुरस्कृत करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा।

## कनाडा को हराकर जर्मनी डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंची

मैलागा। जर्मनी की डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। जर्मनी ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने-अपने मैच जीतकर कनाडा को 2-0 से हराया। इसके साथ ही जर्मनी की टीम डेविस कप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। जर्मनी के अल्टमायर ने इस मैच में गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(5) 6-4 से हराया। वहीं इससे पहले एक अन्य मैच में स्ट्रफ ने डेनिस शापोवालोव पर 4-6 7-5 7-6(5) से जीत दर्ज की। स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि हम जीत के अधिकारी थे। मैं जीत से उत्साहित हूं हालांकि विरोधी खिलाड़ी डेनिस भी काफी अच्छे से खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में जबरदसत सर्विस की जिससे हमारे लिए वापसी करना मुश्किल हुआ। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। कुल मिलाकर यह बहुत करीबी मुकाबला रहा था। अब सेमीफाइनल में जर्मनी का मुकाबला नीदरलैंड से होगा। नीदरलैंड ने इससे पहले एक अन्य मैच में रफल नडाल पर जीत के साथ ही स्पेन को हराया था। स्ट्रफ ने कहा कि हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है। हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नीदरलैंड ने भी अब तक शानदार मुकाबला खेला है। हमें सेमीफाइनल में हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है। हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास काफी प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इससे पहले, शुरुआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे। अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5-0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7-5 से जीत हासिल की। ??दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15-40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया।

## कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा: मार्क वॉ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा कि विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा, क्योंकि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियां पसंद हैं और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है।

कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्होंने अपनी दस हालिया टेस्ट पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अपने कुछ ऐतिहासिक शतक लगाने और 2018/19 में भारत को यहां 2-1 से सीरीज जिताने के बाद, 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। वॉ ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, +ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्हें परिस्थितियां पसंद हैं। मुझे लगता है कि वह स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के बेहतर खिलाड़ी हैं। हालांकि, उनके मानकों के अनुसार, उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उनका औसत काफी गिर गया है, '।

'शायद पर्थ उनके लिए एक अच्छी शुरुआत होगी, क्योंकि उन्होंने (2018 में) एक बहुत ही मुश्किल पिच पर शानदार शतक बनाया था। जब आपके पास कुछ खास मैदानों पर अच्छी यादें होती हैं तो यह हमेशा अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'भारत की तुलना में ऑस्ट्रेलिया में होने पर उन पर कम दबाव होगा। भारत में अपनी घरेलू धरती पर खेलना बहुत ही रोमांचक होता है। यह सीरीज उनके लिए नई शुरुआत होगी।' दिसंबर 2014 के बाद पहली बार कोहली आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं, लेकिन आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी उन्हें अपने संघर्षरत टेस्ट करियर को फिर से पटरी पर लाने का मौका देगी। वॉ ने आगे कहा, +ऑस्ट्रेलियाई लोग अभी भी उन्हें एक बड़ा विकेट मानते हैं।वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं और ऑस्ट्रेलिया में उनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है और उन्हें बड़े मंच से प्यार है।

वॉ ने कहा, 'भारत ने हमें पिछली चार सीरीज में हराया है, इसलिए मुझे लगता है कि इससे कोहली का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आएगा। वह रन बनाने के लिए पर्याप्त अच्छे और तकनीकी रूप से अच्छे हैं या नहीं, यह एक अलग कहानी है।' पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को भी भरोसा है कि कोहली इस गर्मी में ऑस्ट्रेलिया में फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और मेजबान टीम के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। 'उनकी मानसिकता ऑस्ट्रेलियाई है, कभी हार न मानने वाला रवैया। उन्हें किसी लड़ाई में उलझने से कोई गुरेज नहीं है। हाल ही में उनके फॉर्म को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन मैं इससे चिंतित नहीं हूं। मैं जानता हूं कि कोहली के पास काफी अनुभव है।'

## मैक्सवेल हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बीबीएल के शुरुआती मुकाबलों से बाहर रहेंगे



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) के शुरुआती मैचों से बाहर हो गये हैं। मैक्सवेल के स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में ग्रेड टू टियर का पता चला है। मैक्सवेल को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। इसके बाद से ही वह दर्द से परेशान थे। इस चोट के कारण फरवरी 2025 में श्रीलंका में होने वाली दो मैचों की सीरीज से पहले टेस्ट टीम में वापसी की उनकी संभावनाओं को भी झटका लगा है। उन्होंने अंतिम बार 2017 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, अब वह बीबीएल सत्र की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड मैच भी नहीं खेल पायेंगे। क्रिकेट विक्टोरिया ने कहा है कि चोट के कारण मैक्सवेल कम से कम चार सप्ताह तक मैदान से बाहर रहेंगे। बिग बैश लीग का सत्र अगले माह 15 दिसंबर से शुरू होगा जिसमें मेलबर्न स्टार्स का सामना पर्थ स्कॉर्चर्स से होगा। मैक्सवेल ने इस साल की शुरुआत में अपनी टेस्ट वापसी के बारे में आशा व्यक्त की थी जिसमें भी अब बाधा आई है।

## भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में हार का 'कोई बोझ नहीं उठा रही है' : बुमराह




**पर्थ (एजेंसी)।** कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि भारतीय टीम पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का कोई बोझ नहीं उठा रही है।

भारत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने की तैयारी कर रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज में हाल ही में मिली हार ने जटिलताएं बढ़ा दी हैं। टीम को कीवी टीम के हाथों 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में 25 रन से हार भी शामिल है। यह 2000 के बाद से घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत की पहली क्लीन स्वीप हार और तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में उनकी पहली हार थी। भारत पांच मैचों की सीरीज में एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ उतरेगा- चार मैच जीतना और लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना।

बुमराह ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जब आप जीतते हैं, तो आप शून्य से शुरुआत करते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं, तो भी आप शून्य से शुरुआत करते हैं। हम भारत से कोई बोझ नहीं उठा रहे हैं। हां, हमने न्यूजीलैंड सीरीज से कुछ सीखा है, लेकिन वहां परिस्थितियां अलग थीं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं।' नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करने वाले बुमराह ने आगे कहा, +हमने अपनी प्लेइंग इलेवन को अंतिम रूप दे दिया है और आपको कल सुबह मैच शुरू होने से पहले पता चल जाएगा।

भारतीय तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया में अपने ऐतिहासिक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए टीम की तैयारियों पर भी भरोसा जताया। पर्थ की पिच, जो अपनी उछाल और गति के लिए जानी जाती है, गेंदबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, जो श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में एक दिलचस्प मोड़ लाएगी। पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा। एडिलेड 6 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा, इसके बाद 14 दिसंबर को ब्रिसबेन होगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न में होगा और पांचवां अंतिम टेस्ट 3 जनवरी, 2025 को सिडनी में शुरू होगा।

यह पहली बार होगा जब भारत और ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में मिली हार के बाद आगामी सीरीज भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत का अंक प्रतिशत वर्तमान में 58.33 प्रतिशत है और वह तालिका में शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया से पीछे है। लगातार तीसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए, भारत को पांच में से कम से कम चार टेस्ट जीतने होंगे।

# सुप्रिया और नाना पटोले के ओडियों क्लीप एआई जनरेटेड...जांच में वॉयस नोट्स फर्जी



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर वोटिंग से ठीक पहले 19 नवंबर की रात 11 बजे के करीब भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने आधिकारिक एक्स पर चार ऑडियो क्लिप पोस्ट किए। इन क्लिप की पड़ताल करने पर पता चला कि ये चार में से तीन ऑडियो क्लिप एआई जनरेटेड थे। इसके साथ बीजेपी ने दावा किया कि ये विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं, सुप्रिया सुले (एनसीपी शरद पवार), नाना पटोले (कांग्रेस), आईपीएस अधिकारी अमिताभ गुप्ता और एक ऑडिट फर्म के कर्मचारी गौरव मेहता के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग हैं।

बीजेपी ने आरोप लगाया कि ये ऑडियो रिकॉर्डिंग विपक्षी नेताओं सुप्रिया सुले और नाना पटोले ने 2018 के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले से बिटकॉइन का दुरुपयोग कर राज्य में चुनावों के लिए फंड जुटाने के सबूत हैं। इसके अलावा, ऑडियो क्लिप में शामिल अन्य दो व्यक्ति की आवाजों को लेकर बीजेपी का दावा है कि ये अमिताभ गुप्ता, जो कि फिलहाल भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिरीक्षक हैं और गौरव मेहता की आवाजें हैं। गौरव एक ऑडिट फर्म, सारथी एसोसिएट्स के कर्मचारी हैं।

पुणे के पूर्व पुलिस अधिकारी रवींद्रनाथ पाटिल ने आरोप लगाया कि सुप्रिया, पटोले, आईपीएस गुप्ता (तत्कालीन पुणे पुलिस आयुक्त), ऑडिट फर्म के कर्मचारी मेहता और आईपीएस अधिकारी भाग्यश्री नवटके बिटकॉइन की हेराफेरी में शामिल थे। बताया जाता है कि पाटिल ने दावा किया कि उन्हें नामित लोगों के बीच बातचीत के वॉयस नोट भेजे गए थे। इसके बाद बीजेपी ने एक्स पर इन आरोपों से जोड़कर ये चार कथित वॉयस नोट पोस्ट किए।

इस फर्जी रिकॉर्डिंग में, सुप्रिया और नाना पटोले की आवाजें सुनी जा सकती हैं, जो चार क्रिप्टो वॉलेट्स में संग्रहीत बिटकॉइन के बदले में नकद मांग रहे हैं और मामले की कोई जांच नहीं करने का वादा भी कर रहे हैं। जांच पड़ताल के दौरान पाया कि बीजेपी की ओर से पोस्ट किए गए वॉयस नोट्स फर्जी हैं। इन्हें जनरेटिव एआई तकनीक की मदद से बनाया गया है। इस दौरान हमें चार में से तीन ऑडियो क्लिप के एआई जनरेटेड होने के पर्याप्त सबूत मिले। इन वॉयस नोट्स में से एक महज पांच सेकंड का था, जिसके चलते इसका रिजल्ट अनिर्णायक था, जो संभवतः इसकी छोटी आवधि के कारण था।

**महाराष्ट्र चुनाव के बीच वायरल ऑडियो से गरमाई सियासत**

महाराष्ट्र में बुधवार (20 नवंबर) को वोटिंग संपन्न हो गई। अब 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी, इसके साथ ही नतीजे सामने आएंगे। वर्तमान में, राज्य का नेतृत्व महायुती गठबंधन कर रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, बीजेपी और एनसीपी (अजित पवार गुट) शामिल है। विपक्ष में महाविकास अघाड़ी है, जिसमें उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार गुट) के बीच गठबंधन है।

## बार-बार मारने की धमकी ना दे, हम डरते नहीं हैं.... सांसद पप्पू यादव ने ऐसा क्यों कहा

कटिहार। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि वे ना पाकिस्तान के, ना मलेशिया के और ना ही नेपाल के क्रिमिनल से डरते हैं। बार-बार मारने की धमकी ना दे, जब मन हो आ जाए, हम आम आदमी की तरह रहते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकियां लगातार मिल रही हैं। धमकी देने वालों में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आ रहा है। पप्पू ने बताया कि उन्हें फोन कॉल और मोबाइल एसएमएस के जरिए धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे मरवाना है तब मरवाएं, लेकिन परिवार की बात नहीं करें। उन्होंने कहा कि 27 तारीख से संसद सत्र शुरू हो रहा है पूर्णिया सांसद यादव ने कहा कि धमकियों को लेकर नीतिश सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे कौन लोग हैं ये सामने आना चाहिए। बिना व्यवस्था में बैठे लोगों की सहमति से यह सब होना संभव नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से पप्पू यादव को लगातार धमकियां मिल रही हैं। बताया जा रहा बिश्नोई गैंग के गुर्गे पप्पू यादव को धमकी दे रहे हैं। 18 नवंबर को पप्पू को पाकिस्तान के नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया था। धमकी देकर शख्स ने कहा था कि अगर पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई से माफी नहीं मांगी, तब 24 दिसंबर से पहले जान से मार दिया जाएगा।



## आतंकी घुसपैठ का मामला : जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में एनआईए ने की ताबड़तोड़ छापेमारी

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार सुबह जम्मू के कई इलाकों में बड़ी छापेमारी की। यह छापे एक नए दर्ज मामले से संबंधित हैं, जिसमें पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ का आरोप लगाया गया है। पिछले दिनों घाटी में कई आतंकी घटनाएं हुई हैं। जिसके बाद आतंकियों के खिलाफ सुरक्षबालों का एक्शन भी तेज हो चुका है। एनआईए की इस कार्रवाई को आतंकियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई के रुप में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनआईए की इस छापेमारी का मकसद पाकिस्तानी आतंकियों के भारत में घुसने के प्रयासों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ की मदद से एनआईए के अधिकारी कई स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। इससे पहले, एनआईए ने 5 अक्टूबर को 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की ओर से यह छापेमारी महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की गई थी। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की थी। बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी ली थी।

## मणिपुर में हिंसा रोकने आठ कंपनियां पहुंची, संवेदनशील इलाकों में होंगी तैनाती

इंफाल। मणिपुर में हिंसा के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 8 कंपनियां इंफाल पहुंच गई हैं। जिन्हें संवेदनशील और सीमांत इलाकों में तैनात किया जाएगा। एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को सीएपीएफ की 11 कंपनियों का एक और जत्था इंफाल पहुंचा। अधिकारी ने कहा कि सीआरपीएफ और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की चार-चार कंपनियां राज्य के संवेदनशील और सीमांत इलाकों में तैनात की जाएंगी। सीआरपीएफ की कंपनियों में से एक महिला बटालियन की है। केंद्र ने घोषणा की है कि मणिपुर में सीएपीएफ की 50 नई कंपनियां तैनात की जाएंगी। राज्य में हिंसा बढ़ गई है और पिछले सप्ताह पहाड़ी जिले जिरीबाम में कांग्रेस और बीजेपी कार्यालयों में तोड़फोड़ भी की गई थी। सुरक्षा बलों ने विगत दिवस मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह के पैतृक निवास पर हमला करने की आंदोलनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया था। हिंसा तब और भड़क गई जब 11 नवंबर को सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी-जो उग्रवादियों के बीच गोलीबारी के बाद जिरीबाम जिले में एक राहत शिविर से मेइती समुदाय की तीन महिलाएं और तीन बच्चे लापता हो गए। इस मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए थे। पिछले कुछ दिनों में इन छह लापता लोगों के शव बरामद किए गए हैं। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी स्थित मेइती और आसपास की पहाड़ियों पर बसे कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 220 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## नतीजा कुछ भी आए.... शरद पवार गुट के नेता ने निकाला विजय जुलूस

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को आने हैं। इसके पहले पूरे प्रदेश में प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हैं। एग्जिट पोल्स में टाइट फाइट दिखाने से टेंशन और बढ़ गई है। इस बीच शरद पवार की एनसीपी के प्रत्याशी ने नतीजों से पहले ही विजय जुलूस निकाल लिया है। इसके अलावा इलाके में उनकी जीत को लेकर समर्थकों ने पोस्टर भी लगा दिए हैं। यह मामला पुणे की खडकवासला सीट का है। यहां से एनसीपी-एसपी के प्रत्याशी सचिन डोडके ने पहले ही जुलूस निकाल लिया है। डोडके का मुकाबला खडकवासला सीट पर भाजपा के भीमराव तापकिर और मनसे के मयूरेश वंजाले से था। भाजपा के भीमराव पहले से विधायक हैं और भाजपा ने फिर से उन्हें भरोसा जताकर टिकट दिया था। 2019 के चुनाव में भी डोडके मुकाबले में उतरे थे, लेकिन महज 2500 वोटों के अंतर से हार गए थे। इस चुनाव में मनसे ने अपने पूर्व विधायक रमेश वंजाले के बेटे मयूरेश को चुनाव में उतारा था। इससे साफ था कि फाइट टाइट है। फिलहाल साफ नहीं है कि नतीजा क्या रहेगा और 23 तारीख का इंतजार है। फिर भी डोडके इतने आत्मविश्वास में हैं कि पहले ही जुलूस निकाल लिया। उनकी जीत के पोस्टर भी इलाके में लग चुके हैं। रैली निकाली गई, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इससे पहले 2019 में भी सचिन डोडके के समर्थकों ने नतीजों से पहले ही उनकी जीत की बधाई वाले पोस्टर लगा दिए थे। हालांकि नतीजा आया तब वह ढाई हजार वोटों के मामूली अंतर से परास्त हो गए।

## दिल्ली में केजरीवाल के शीशमहल के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा



कर्नाटक के शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा एक छात्र पर अपना आपा खो बैठे, जब छात्र ने टिप्पणी की कि वह (मंत्री) कन्नड़ ठीक से नहीं बोलता है। यह घटना सरकारी प्री-डिग्री कॉलेज के छात्रों के लिए राज्य की मुफ्त ऑनलाइन एनईईटी और सीईटी कोचिंग के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां एक अनदेखे छात्र ने लाइव बातचीत के दौरान उल्लेख किया कि मंत्री ठीक से कन्नड़ नहीं बोलते हैं। बयान पर भड़कते हुए, कर्नाटक के शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों से यह पता लगाने की मांग की कि वास्तव में किसने ऐसी टिप्पणी की थी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद राज्य मंत्री को प्रधान सचिव रितेश कुमार को किसी भी कीमत पर मामला नहीं छोड़ने का निर्देश देते हुए भी देखा जा सकता है।

# आप में सब कुछ ठीक नहीं, आगामी चुनाव में केजरीवाल के सामने होंगी कई चुनौतियां



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेता और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की स्थिति इस बार चुनौतीपूर्ण हो सकती है। चुनाव के मद्देनजर कुछ बड़े नेताओं ने पार्टी को अलविदा कह दिया है, जिनमें प्रमुख नाम कुमार विश्वास, कपिल मिश्रा और आशुतोष जैसे नेता शामिल हैं। इसके अलावा, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जैसे प्रमुख नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों से केजरीवाल की छवि को नुकसान हो सकता है।

अभी कुछ दिन पहले ही आप पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत और राज कुमार चौहान ने भी पार्टी दी है, जबकि स्वाति मालीवाल के साथ केजरीवाल का विवाद तूल पकड़ सकता है। स्वाति ने केजरीवाल से कई बार सुलह करने के संकेत दिए, लेकिन केजरीवाल ने इसमें हस्तक्षेप किया। इस कारण से पार्टी के अंदर असंतोष बढ़ सकता है। पार्टी में आतिशी को अस्थायी सीएम बनाने का फैसला भी विपक्ष के लिए एक मुद्दा बन सकता है। हालांकि केजरीवाल ने इसे मास्टरस्ट्रोक माना था, लेकिन पार्टी के अंदर ही इसके असर को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

इस चुनावी दौर में केजरीवाल ने सभी 70 सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए खुद को प्रमुख चेहरा बनाने का फैसला किया है। यह रणनीति बीजेपी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे को प्रमुख बनाकर किए गए प्रयोग जैसा हो सकता है, जो बीजेपी के लिए सफल रहा है, लेकिन आप पार्टी के लिए यह उतना कारगर साबित नहीं हो सकता। इन तमाम आंतरिक और बाहरी चुनौतियों के बीच केजरीवाल के लिए आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना आसान नहीं दिखता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे

**- नई दिल्ली के भारत मंडपम् में 25 से 30 नवंबर के दौरान होगा कार्यक्रम**

**- कार्यक्रम में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी मौजूद रहेंगे**

**- आईसीए ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के बाद 'रोशडेल पायनियर्स अवार्ड्स' प्रदान किए जाएंगे**



**नई दिल्ली/इन्दौर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। इसकी घोषणा सहकारी संस्था इफको, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालयऔर अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई।

वैश्विक सहकारी आंदोलन के लिए प्रमुख निकाय, अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के लंबे इतिहास में पहली बार इफको की पहल परआईसीए महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन की मेजबानी भारत द्वारा की जाएगी। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने बताया कि भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 25 नवंबर 2024 को दोपहर 3 बजे अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। वे मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक सहकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने बताया कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री महामहिम मनोआ कामिकामिका भी सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का विषय होगा 'सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण' और उप-विषय होंगे -

* सक्षम नीति और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र
* सभी के लिए समृद्धि बनाने को उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व का पोषण
* सहकारी पहचान की पुष्टि
* भविष्य को आकार देना - 21वीं सदी में सभी के लिए समृद्धि का एहसास करना।

सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने बताया कि इस आयोजन का विषय 'सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण' भारत सरकार के नारे 'सहकार से समृद्धि' के अनुरूप है, जिसका सही अर्थ है 'सहकारिता के माध्यम से समृद्धि'। अलग सहकारिता मंत्रालय के गठन और अमित शाह के पहले केंद्रीय सहकारिता मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के साथ भारतीय सहकारी क्षेत्र ने सहकारी आंदोलन के विकास और वृद्धि के लिए 54 बड़ी पहलों को शुरू करके राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अधिक योगदान प्राप्त करते हुए नई उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे वह पैक्स का कंप्यूटरीकरण हो या उन क्षेत्रों में तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों का गठन, जहां सहकारी समितियों की राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति नहीं थी, इन सभी कदमों ने भारत को वैश्विक सहकारी आंदोलन में सबसे आगे रखा है और भारत सबसे तेजी से बढ़ते सहकारी क्षेत्रों में से एक बन गया है। इस कार्यक्रम में रोशडेल पायनियर्स अवार्ड 2025 भी प्रदान किया जाएगा, जो सहकारी समितियों के विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए उनके बहुमूल्य योगदान के लिए व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है।

सहकारी संस्था इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा, इस सम्मेलन का विषय सहकारिता सभी के लिए समृद्धि का निर्माण करती है है। हमारा दीर्घकालिक उद्देश्य एक ऐसा सहकारी आंदोलन बनाना है जो समृद्ध और सुरक्षित हो। विचारों के आकर्षक आदान-प्रदान के लिए अपने घर में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है।

इफको ने हमेशा भारतीय किसानों के हितों को अपने दिल में रखा है। यही वजह है कि इस सम्मेलन का उपयोग भारतीय गांव की थीम पर स्थापित हाट में भारतीय सहकारी समितियों के उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) दुनिया भर में सहकारी समितियों की आवाज है। यह एक गैर-लाभकारी अंतर्राष्ट्रीय संघ है जिसकी स्थापना वर्ष 1895 में सहकारी सामाजिक उद्यम मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए की गई थी।

# बिहार के आश्रय गृह में मौत का मामला, एनएचआरसी ने नीतीश सरकार को जारी किया नोटिस



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार के पटना के पटेल नगर इलाके में एक आश्रय गृह में खाद्य विषाक्तता की घटना की मीडिया रिपोर्टों के जवाब में स्वतः संज्ञान शुरू किया है। 7-11 नवंबर, 2024 के बीच हुई इस घटना ने मानसिक स्वास्थ्य और बेघर महिलाओं की सुविधा में 13 महिला कैदियों को प्रभावित किया। दुखद रूप से, तीन महिलाओं की जान चली गई, जबकि अन्य में रात का खाना खाने के बाद उल्टी और दस्त जैसे लक्षण विकसित हुए।

प्रभावित लोगों को जल्द ही इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) में स्थानांतरित कर दिया गया। घटना के मद्देनजर बिहार सरकार के विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा वित्त पोषित आवास अब कथित तौर पर जांच के दायरे में है। एनएचआरसी ने इस मामले से उजागर हुए संभावित मानवाधिकार उल्लंघनों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि, कानूनी संरक्षक के रूप में, शरण अधिकारी अपनी देखभाल के तहत कैदियों के कल्याण के लिए जिम्मेदार हैं। परिषद ने इस घटना को एक गंभीर मामला बताया जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

रिपोर्ट के मद्देनजर एनएचआरसी ने बिहार के मुख्य सचिव को नोटिस भेजकर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है. ÷रिपोर्ट में पीड़ितों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, प्रभावित व्यक्तियों या उनके परिवारों को मुआवजा प्रदान किया गया है या नहीं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बिहार सरकार द्वारा उठाए गए उपाय शामिल होने चाहिए।÷ 14 नवंबर, 2024 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आश्रय गृह के निरीक्षण से पता चला कि कैदी अस्वच्छ परिस्थितियों में रह रहे थे। इसके अलावा, सुविधा में भोजन तैयार करने की प्रक्रिया उचित स्वच्छता मानकों को बनाए रखने में अपर्याप्त पाई गई, जिसने भोजन विषाक्तता में योगदान दिया हो सकता है।

# उमर अब्दुल्ला ने किया पूंछ का दौरा, कहा- 24 अलग-अलग प्रतिनिधिमंडलों से मैं खुद मिला




**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने डाक बंगले में पुंछ में विकास परियोजनाओं पर 21 सार्वजनिक प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव के बाद जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए आज हम पुंछ आए थे। जम्मू में ये पहला जिला है जहां हमने विकास के हवाले से अधिकारियों की बात सुनी है। यहां लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अफसरों से बातचीत हुई, कुछ मुद्दों के लिए वहीं उन्हें जवाबदेह बनाया गया। हमारा फर्ज है कि हम लोगों के साथ तालमेल बनाए रखें। आज लगभग 24 अलग-अलग प्रतिनिधिमंडलों से मैं खुद मिला और यहां जो भी कमियां हैं उसके लिए हिदायत दी गई है।

इससे पहले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके लिए विशेष रूप से रखी गई बड़ी कुर्सी पर बैठने से इनकार कर दिया। अब्दुल्ला ने चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) के मुख्य परिसर में चार दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि शिखर सम्मेलन एवं किसान मेले' का उद्घाटन किया। मंच पर पहुंचे अब्दुल्ला ने देखा की उनकी कुर्सी बड़ी थी। उन्होंने एसकेयूएएसटी के प्रबंधन से उनके लिए भी मंच पर बैठे अन्य लोगों जैसी कुर्सी रखने का अनुरोध किया। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जम्मू के प्रति चिंता नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने दरबार मूव के महत्व पर भी जोर दिया और उसे एक ऐसी परंपरा बताया जो दोनों क्षेत्रों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देती थी। इसके तहत सरकार श्रीनगर और जम्मू से छह-छह महीने तक काम करती थी।

# प्रदूषण का कहर: यूपी, हरियाणा, राजस्थान में सैकड़ों स्कूलों में छुट्टी?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्राकृतिक आपदाओं के अलावा अब मानव निर्मित आपदा(प्रदूषण) ने कहर बरपाना शुरु कर दिया है। यूपी, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों में सांस लेना मुश्किल हो गया है। दिल्ली के स्कूल और यूनिवर्सिटी बंद कर दिए गए। यहां पर 23 नवंबर तक ऑनलाइन क्लासेज चलेंगी। इसी तरह यूपी के 6 जिलों में भी वायु प्रदूषण के कारण स्कूल बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ आदि जिलों के 12वीं तक के स्कूल पहले ही बंद करने के आदेश दिए गए थे। अब वायु प्रदूषण के कारण उत्तर प्रदेश के हापुड़, बुलंदशहर, बागपत आदि जिलों के भी स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। यहां भी प्रशासन ने एहतियातन इंटरमीडिएट तक के स्कूल और कॉलेज आगामी आदेश तक बंद रखने को कहा है।

उत्तर प्रदेश के इन जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) काफी बढ़ गया है। गाजियाबाद में एक्यूआई 367, मेरठ का 248, बुलंदशहर का 322, और बागपत का 187 है, जबकि सबसे अधिक एक्यूआई हापुड़ का है। यहां यह इंडेक्स 519 तक पहुंच गया है, जिसके कारण यहां के स्कूलों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद आदि जिलों के स्कूल तो पहले ही बंद रखने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके अलावा भी कई जिलों में स्कूलों को बंद रखने के आदेश हैं। हरियाणा के रेवाड़ी के जिलाधिकारी अभिषेक मीणा ने प्रदूषण के कारण 12वीं तक की कक्षाएं न लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल 23 नवंबर तक बंद रहेंगे। भिवानी जिले के डीसी महावीर कौशिक ने 12वीं तक के सरकारी और निजी स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यहां पर आगामी आदेशों तक स्कूल बंद रहेंगे और ऑनलाइन क्लासेज चलाई जाएंगी। चरखी दादरी जिले के स्कूलों को भी बढ़ते प्रदूषण के कारण 23 नवंबर तक बंद रखने के निर्देश हैं। जिलाधीश मुनीष शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

राजस्थान में पहली बार प्रदूषण के कारण स्कूल बंद रखा गया है। यहां के खैरथल जिले के स्कूलों को बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। यहां के कलेक्टर किशोर कुमार ने सभी निजी व सरकारी स्कूलों के अवकाश की घोषणा की है। यह आदेश पांचवीं तक के स्कूलों के लिए जारी किया गया है, जो आगामी आदेश तक लागू रहेगा। राजस्थान के भी कई जिलों का एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी बढ़ा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि राजस्थान के लगभग 25 जिलों का एक्यूआई लेवल मंगलवार को औसतन 200 है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**